नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 168 | नई दिल्ली, सोमवार 16 सितम्बर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

असीम के सपोर्ट में उतरी बेबिका ← पेज-12

## एक नजर

### आधी आबादी को पूरा हक मिले : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने महिला कांग्रेस की स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए कहा है की महिलाओं को उनका हक मिलना चाहिए। श्री खडगे ने कहा संविधान में उन्हें जो अधिकार दिए गए हैं उन्हें प्रदत्त किए जाने चाहिए और कांग्रेस इसके लिए बराबर संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा "आधी आबादी को पूरा हक' मिलना एक संवैधानिक दायित्व है जिसके लिए कांग्रेस पार्टी पूर्णतः प्रतिबद्ध है। हमारे देश की नारी शक्ति ने आजादी की लड़ाई से लेकर अंतरिक्ष की उड़ान तक, राष्ट्र निर्माण में अपना बराबरी का योगदान दिया है।" श्री खडगे ने कहा "अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की ज़िम्मेदारी है कि वो सड़क से लेकर संसद तक हमारी महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष करें और महिला असुरक्षा, कार्यस्थल में भागीदारी, महंगाई, बेरोजगारी, समाजिक शोषण, असमानता, और स्त्री द्वेषी मानसिकता के खिलाफ मजबूती से लड़ें।" उन्होंने कहा "महिला कांग्रेस स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकत्ताओं को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं।"

### वंदे मेट्रो के जरिए रेलवे को मिलेगा यात्रियों का नया वर्ग

**भुज (गुजरात)।** छोटी एवं मध्यम दूरी यात्रा न्यूनतम समय में पूरी करने में सक्षम वंदे मेट्रो ट्रेन, रेलवे को ऐसे यात्री वापस हासिल करने में मदद करेगी जिन्होंने जनरल कोच में भीड़भाड़ और अव्यवस्था के कारण सफर करना छोड़ दिया है। वंदे भारत एक्सप्रेस के तकनीकी प्लेटफार्म पर विकसित वंदे मेट्रो का 12 कोच वाला रैक तीन हजार से अधिक लोगों को बिना किसी आरक्षण के, सामान्य टिकट पर उनके छोटी एवं मध्यम दूरी के गंतव्य तक वातानुकूलित कोच में गद्दीदार सीटों पर पहुंचाने में सक्षम है। हालांकि इसके लिए किराया कुछ अधिक रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश की पहली वंदे भारत मेट्रो ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। दो शहरों के बीच यात्रा समय को घटाने वाली इस इंटरसिटी ट्रेन सेट से स्थानीय स्तर पर लोगों के यात्रा अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। पहली वंदे मेट्रो गुजरात में भुज और अहमदाबाद के बीच (352 किलोमीटर) चलेगी और गांधीधाम, अंजार, भचाऊ, ध्रारंध्रा, सामख्याली, हलवाड़, विरमगाम, चांदोलिया और साबरमती स्टेशनों को जोड़ेगी। वंदे मेट्रो ट्रेनें शहर के केंद्र से परिधीय शहरों को जोड़ेंगी। रेलवे के सूत्रों ने कहा कि जब हम 'मेट्रो' शब्द सुनते हैं तो तुरंत एक शहरी परिदृश्य हमारे दिमाग में आता है। हालाँकि, वंदे मेट्रो की संकल्पना कई प्रगतियों को शामिल कर-के की गई थी। यहां देश में संचालित वंदे मेट्रो और अन्य मेट्रो का व्यापक अवलोकन दिया गया है। गति के बारे में उन्होंने कहा कि वैसे तो वंदे मेट्रो का प्लेटफॉर्म 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलने में सक्षम है तथापि भुज एवं अहमदाबाद के बीच यह 110 किमी/घंटा की गति से चलेगी। क्योंकि यह गति ट्रैक की अधिकतम अनुमन्य गति के अनुरूप होगी। सूत्रों के अनुसार वंदे मेट्रो गाड़ी का परीक्षण 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति तय किया गया है। जरूरत पड़ने पर इस गाड़ी की गति बढ़ाना संभव होगा। भुज स्टेशन पर आज दोपहर पहुंची इस ट्रेन के रैक में एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई सीटें, पूरी तरह से वातानुकूलित केबिन और मॉड्यूलर इंटीरियर के साथ हैं।

# केजरीवाल देंगे सीएम पद से इस्तीफा, पत्नी सुनीता बनेंगी मुख्यमंत्री!

## सीएम केजरीवाल ने कहा, जनता करेगी तय, ईमानदार या फिर बेईमान

- केजरीवाल ने चुनाव आयोग से की नवंबर में चुनाव कराने की मांग

द न्यूज 15 ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे और जनता की अदालत में जाएंगे।

सीएम अरविंद केजरीवाल के इस बड़े ऐलान के बाद से चचाओं का बाजार गर्म है. चर्चा इस बात की चल रही है कि दो दिन बाद जब आम आदमी पार्टी के विधायक दल की बैठक होगी तब सीएम पद के लिए किसे चुना जाएगा. इस सवाल के जवाब में चार नाम फिलहाल सामने आ रहे हैं, जिन पर ज्यादा अटकलें लगाई जा रही हैं. सबसे अधिक और प्रबल दावा जिनके नाम पर किया जा रहा है तो वह दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी हैं. आतिशी के अलावा दूसरे नंबर पर सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता का भी नाम है तो वहीं तीसरे और चौथे नंबर पर क्रमशः सौरभ भारद्वाज और गोपाल राय भी हैं.

दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद आज पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता, दिल्ली की जनता उन्हें ईमानदार मानती है। उन पर चल रहा मामला लंबा खिंच सकता है। उन्हें एक ऐसे मामले में जमानत मिली है, जिसमें जमानत मिलने की संभावना नहीं थी। अब उन्होंने फैसला किया है कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती।

उन्होंने कहा, ह्लअगर आपको (जनता) लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं अब चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मेरी मांग है कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनाव के साथ ही दिल्ली में चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री रहेगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगला सीएम तय किया जाएगा।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जेल जाने पर इस्तीफा इसलिए नहीं दिया क्योंकि वे जनतंत्र को बचाना चाहते थे। जेल से इस्तीफा देने पर विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर सरकार गिरा देते। वे विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों से विनती करते हैं कि अगर आपको जेल में डालें तो इस्तीफा मत देना क्योंकि हमने दिखाया है जेल से सरकार चल सकती है।

केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को लग रहा था कि उन्हें जेल भेजकर आम आदमी पार्टी तोड़ देंगे। विधायकों को तोड़कर दिल्ली और पंजाब में सरकार गिरा देंगे। इनकी साज़िशों के खिलाफ आम आदमी पार्टी लड़ रही है।



### केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान को भाजपा-कांग्रेस ने बताया नाटक



**आप के भ्रष्ट प्रशासन से निजात:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दो दिन का समय क्यों चाहिए अरविंद केजरीवाल को? वे 2 दिनों में क्या करना चाहते हैं? दिल्ली की जनता तो आम आदमी पार्टी की सरकार से निजात पाना चाहती है। उनके इस्तीफे से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता आप के भ्रष्ट प्रशासन से निजात पाना चाहती है।



**देवेंद्र यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के फैसले का स्वागत करेंगे:** देर से ही सही लेकिन उन्होंने अच्छा फैसला लिया है, लेकिन इसमें भी अभी दो दिन का किस बात का इंतजार है, यह बात समझ नहीं आ रही है। अगर केजरीवाल यही फैसला आज से चार-पांच महीने पहले लेते तो हमें खुशी होती, जब दिल्ली की जनता परेशानियों से जूझ रही थी। मुझे यह समझ नहीं आ रहा कि दो दिन में ऐसा क्या बदलेगा, जिसका इंतजार अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं। इस्तीफा तुरंत दे देना चाहिए। यह एक राजनीतिक नाटक जैसा लगता है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही उन पर बैन लगा चुका है। हम पहले से ही इसका मांग कर रहे हैं, एक बेहतर एडमिनिस्ट्रेशन के लिए। जेल से बैठकर सरकार नहीं चलाई जा सकती।

### मुख्यमंत्री की रेस में आतिशी सबसे आगे



अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा होने के बाद अगले सप्ताह दिल्ली के नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा होगी। सीएम की रेस में पार्टी के कई बड़े चेहरे शामिल हैं, लेकिन इनमें सबसे आगे शिक्षा मंत्री आतिशी का नाम है। दिल्ली सरकार में अभी के समय सबसे अधिक मंत्रालय एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आतिशी के पास है। वह पार्टी को संभालने में जहां अहम भूमिका निभाती रही है तो वहीं केजरीवाल का भी विश्वास उन पर अधिक रहता है। आप के सूत्रों ने बताया कि दो दिन बाद केजरीवाल जब इस्तीफा देंगे तो उसके बाद पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें नए मुख्यमंत्री का नाम सर्वसम्मति से तय किया जाएगा। रविवार को इस्तीफे का ऐलान करने के साथ ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया के भी सरकार में शामिल नहीं होने की पुष्टि कर दी। इसके चलते दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए जो दावेदार हैं, उनमें आतिशी, सुनीता केजरीवाल, सौरभ भारद्वाज, गोपाल राय और कैलाश गहलौत के नाम प्रमुख हैं। पार्टी का दावा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा के बाद अगले सप्ताह इसकी घोषणा हो जाएगी।

### दूसरे नम्बर पर सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल



आतिशी के बाद जो दूसरा सबसे बड़ा नाम है, वह अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का है. उनके पास हालांकि कोई विधायक का पद नहीं है और न ही कोई मंत्रालय, इसलिए उन्हें सीएम बनाया जाना थोड़ा मुश्किल है, हालांकि जब सीएम अरविंद केजरीवाल जेल में थे तब सुनीता केजरीवाल घर से बाहर निकलीं और कार्यकताओं के साथ दिल्ली की जनता के बीच गई थीं. उन्होंने कई रैलियों को भी संबोधित किया था. हालांकि अगर सुनीता केजरीवाल को सीएम बनाया जाता है तो केजरीवाल पर परिवारवाद के आरोप लग सकते हैं, ऐसे में केजरीवाल इससे बचेंगे, क्योंकि चुनावी माहौल में इससे असर पड़ सकता है.

# पीएम पद के लिए समर्थन की मिली थी पेशकश : गडकरी

## पीएम बनना मेरा लक्ष्य नहीं, मैं अपने संगठन के प्रति वफादार हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि एक नेता ने पीएम पद की दौड़ में शामिल होने पर उन्हें समर्थन देने की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने यह इसे ठुकरा दिया था कि उन्हें पीएम बनने की कोई लालसा नहीं है। एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि मुझे एक घटना याद है-मैं किसी का नाम नहीं लूंगा...उस व्यक्ति ने कहा था कि अगर आप पीएम बनने जा रहे हैं, तो हम आपका समर्थन करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि यह वाकया कब का है। उन्होंने कहा लेकिन, मैंने पूछा कि आपको मेरा समर्थन क्यों करना चाहिए और मुझे आपका समर्थन क्यों लेना चाहिए? पीएम बनना मेरे जीवन का लक्ष्य नहीं है। मैं अपने मान्यता और अपने संगठन के प्रति वफादार हूं और मैं किसी भी पद के लिए समझौता नहीं करूंगा



क्योंकि मेरा दृढ़ निश्चिय मेरे लिए सबसे अहम है। गडकरी ने पत्रकारिता और राजनीति दोनों में नैतिकता के महत्व को जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में चार वरिष्ठ पत्रकारों को पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए 2023-24 के अनिल कुमार पुरस्कार से सम्मानित किया। ये पत्रकार हैं विवेक देशपांडे, रामू भागवत, श्रीमंत माने और राम भाकरे यह पुरस्कार प्रदान किया गया।

# झारखंड के तीन दुश्मन राजद, कांग्रेस और झामुमो : मोदी

**जमशेदपुर/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि झारखंड के तीन सबसे बड़े दुश्मन हैं राजद, जेएमएम और कांग्रेस। श्री मोदी ने आज बारिश के बीच जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इन तीनों दुश्मनों से झारखंड की जनता जितना जल्दी निजात पाएगी उतना ही जल्दी उनका भला होगा। कांग्रेस हमेशा से झारखंड की दुश्मन रही है। उसे झारखंड से नफरत है। भाजपा को मौका दें। हम झारखंड के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। भाजपा का झारखंड से दिल का रिश्ता है। भाजपा ने अलग राज्य बनवाया। भाजपा ने देश की आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया जबकि कांग्रेस ने दलित, पिछड़ा आदिवासी को आगे बढ़ने नहीं दिया।



श्री मोदी ने कहा झारखंड में घुसपैठ बड़ा मुद्दा है। कोर्ट ने घुसपैठ पर जांच के आदेश दिए। संथाल में आदिवासी की आबादी तेजी से काम हो रही है, लेकिन झामुमो यह मानने को तैयार नहीं है कि यहां घुसपैठ है। जेएमएम के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या के साथ खड़े हैं। यहां बेटियों के साथ अत्याचार बढ़ रहा है। इनके लोग जेएमएम के अंदर घुस गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ की जेएमएम में कांग्रेस का भूत घुस गया है। श्री मोदी ने कहा कि सीता सोरेन को अपने ही परिवार ने अपमानित किया, इसका जवाब झारखंड की जनता देगी। झामुमो आदिवासियों के लिए राजनीति करता है, पर आदिवासियों का सम्मान नहीं किया। चंपाई सोरेन आदिवासी नहीं थे क्या लेकिन इन्हें अपमानित कर हटाया गया।

उन्होंने कहा कि इस देश की सबसे बेईमान एक ही पार्टी कांग्रेस है। झामुमो कांग्रेस से भ्रष्टाचार की ट्रेनिंग लेती है। जेएमएम ने जल, जंगल, जमीन सब में भ्रष्टाचार किया। इस सरकार के मंत्री और सांसद के ठिकानों से नोटों के पहाड़ मिलते हैं। ये आपका पैसा था। यह नकली नोट नहीं था। इन्होंने सेना की जमीन तक नहीं छोड़ा। इन्होंने बेरोजगारी भत्ता का वादा किया था, मिला किया? राज्य में एनडीए सरकार बनी तो सभी मामलों की जांच कराऊंगा। भर्ती परीक्षा के नाम पर 15 युवाओं की जान चली गई। सरकार के संरक्षण में नौकरी बेचा जा रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि झारखंड में ये लोग मईयां सम्मान योजना के नाम पर लोगों लोगों को लूटने काम कर रहे हैं। मइयां सम्मान का लाभ लेने के लिए भी लोगों से तीन-तीन सौ रुपये ले रहे हैं। अबुआ आवास योजना के नाम पर 25-25 हजार रुपये लिये जा रहे हैं।

# सॉफ्टवेयर में हुआ बदलाव, अगले माह मिलेगा पहला एलसीए तेजस एमके-1ए

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी यात्रा में उठाया था एफ-404 इंजन में देरी का मुद्दा

- भारत को नवंबर से अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक शुरू करेगी इंजन की आपूर्ति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए पर इजरायली सॉफ्टवेयर का परीक्षण पूरा हो गया है। अब अंतिम परीक्षण के बाद अक्टूबर के अंत तक भारतीय वायु सेना को पहला तेजस एमके-1ए मिलने का रास्ता साफ हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान तेजस एमके-1ए में लगने वाले इंजन की आपूर्ति में देरी का मुद्दा उठाया था। सहमति बनने के बाद इंजन निमार्ता कंपनी ने कार्यक्रम संशोधित किया है, जिसके मुताबिक भारत को नवंबर से नए जनरल इलेक्ट्रिक एफ-404 इंजन मिलने लगेंगे।

भारतीय वायु सेना के साथ फरवरी, 2021 में अनुबंध होने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को इसी साल मार्च से नए विमान की आपूर्ति होनी थी। हालांकि, विमान ने पहली उड़ान मार्च में भरी थी, जिसके बाद वायु सेना को सौंपे जाने से पहले कई परीक्षण किये गए हैं और कई अभी बाकी हैं। सॉफ्टवेयर में बदलाव की मांग वायु सेना ने ही की थी, जिसके चलते विमान की डिलीवरी में कम से कम चार महीने की देरी हुई है। पहला तेजस विमान बी श्रेणी के इंजन के साथ दिया जाएगा। यह इंजन तेजस विमानों के लिए अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ सौदे के पहले हिस्से के रूप में भारत को मिला था।

वायु सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सॉफ्टवेयर में बदलाव का काम पूरा हो चुका है और पहला विमान अक्टूबर के अंत तक डिलीवर हो जाएगा। सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के चलते वायु सेना को समय पर विमान की आपूर्ति को लेकर आशंकाएं थीं। जब 1983 में एलसीए कार्यक्रम शुरू किया गया था, तब 1994 तक पहले विमान की आपूर्ति करने की योजना थी। दिसंबर 2013 में तेजस को शुरूआती परिचालन मंजूरी मिली और 2019 में वायु सेना को अंतिम मंजूरी के साथ पहला विमान दिया गया। यानी परियोजना शुरू होने के 18 साल बाद 2001 में प्रोटोटाइप विमान उड़ान भर पाया। यह वायु सेना के ऑर्डर किए गए 40 विमानों में से एक था, जिनमें से चार की डिलीवरी अभी बाकी है।

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए के इस समय हथियारों के परीक्षण चल रहे हैं। श्रीनगर स्थित वायु सेना की 51 नंबर स्क्वाड्रन (स्वॉर्ड आर्म्स) को इन विमानों का ठिकाना बनाया गया है। वायु सेना की पश्चिमी कमान के अधीन इसी स्क्वाड्रन से 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान लड़ाकू विमानों को पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है।

एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, एक आत्म-सुरक्षा जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी, रडार में सुधार किया गया है। इसमें उन्नत शॉर्ट रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल (एएसआरएएएम) और एस्ट्रा एमके-1 एयर टू एयर मिसाइल लगाईं जाएंगी। तेजस एमके-1 ए के 20 विमान प्रति वर्ष वायुसेना को मिलेंगे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति 2024 से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायुसेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। एलसीए तेजस एमके-1ए संस्करण में फिलहाल स्वदेशी सामग्री 50% है जिसे 60% तक बढ़ाया जाएगा।

# स्थापना दिवस पर महिला कांग्रेस ने वेबसाइट लांच कर शुरू किया सदस्यता अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी की महिला इकाई ने आज अपने स्थापना दिवस पर एक वेबसाइट लांच की। इस वेबसाइट के माध्यम से महिला कांग्रेस देशभर में सदस्यता अभियान चलाएगी।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्लमहिला कांग्रेस आज अपने 40 साल पूरे करने जा रही है। महिला कांग्रेस की स्थापना आज से 40 साल पहले बेंगलुरु में हुई थी। इसकी स्थापना देश की पहली महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने की थी।ह्व उन्होंने कहा, ह्लइस मौके पर हम उन्हें याद करते हुए ये संकल्प लेते हैं कि महिला कांग्रेस हमेशा देश की आधी आबादी के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी रहेगी।



श्रीमती लांबा ने कहा कि उनका संगठन महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आज संगठन के स्थापना दिवस पर हम अपनी वेबसाइट जारी कर रहे हैं। इसके माध्यम से देशव्यापी ऑनलाइन सदस्यता अभियान की शुरूआत हो रही है। मैं सभी से अपील करूंगी कि आप हमारे साथ जुड़िए। हम विश्वास दिलाते हैं कि अन्याय के खिलाफ हम आपके साथ खड़े रहेंगे। हम अपनी महिला सदस्यों की ह्यलीडरशिप ट्रेनिंगह्व भी कराएंगे ताकि वो सशक्त बन सकें।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महिला कांग्रेस को बधाई और उनके सदस्यता अभियान के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में खरगे ने कहा कि महिलाएं कांग्रेस संगठन की बहुत मजबूत शक्ति रही हैं। सरदार पटेल को बारदोली में 'सरदार' की उपाधि महिला शक्ति ने ही दी थी। कमला नेहरू, सरोजिनी नायडू, अरुणा आसफ अली, राजकुमारी अमृत कौर जैसी कई नायिकाओं ने अंग्रेजी राज को हिला दिया था।

उन्होंने कहा कि भारत रत्न इंदिरा गांधी, जिनके द्वारा महिला कांग्रेस की स्थापना की गयी थी, उन्होंने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में अपने कामों से जो छाप छोड़ी है, उसकी मिसाल दी जाती है। कांग्रेस संगठन में सोनिया गांधी के श्रम और योगदान की भी मिसाल दी जाती।

# दिल्ली लव कुश रामलीला कमेटी का भूमि पूजन समारोह लाल किला पर संपन्न



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लव कुश रामलीला कमेटी का भूमि पूजन समारोह लालकिला मैदान पर संपन्न हुआ। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि लीला मंचन समारोह 3 से 13 अक्टूबर 2024 तक होगा। दशहरा पर्व 12 अक्टूबर 2024 को पूरे देश में मनाया जाएगा। अर्जुन कुमार ने यह भी बताया कि भूमि पूजन समारोह अर्जुन राम मेघवाल संसदीय कानून राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार, हर्ष मल्होत्रा कॉर्पोरेट एवं सड़क परिवहन राज्य मंत्री भारत सरकार के कर कमलो से संपन्न हुआ। वृंदावन, मथुरा, दिल्ली के प्रसिद्ध ब्राह्मणों द्वारा मंत्रों के साथ विधिवत तरीके से पूजा अर्चना हुई। कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का पटका, स्मृति चिन्ह, शक्ति की प्रतीक गदा भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अर्जुन राम मेघवाल संसदीय कानून राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार ने कहा कि लव कुश रामलीला कमेटी हमारी भारतीय संस्कृति परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं, प्रभु श्री राम की लीला के साथ-साथ मानव सेवा और सामाजिक हित के कार्यों में संलग्न है, हर्ष मल्होत्रा कॉरपोरेट और सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि देश विदेश में प्रख्यात रामलीला कमेटी प्रभु श्री राम का संदेश जन-जन, युवा पीढ़ी जागृत करने के उद्देश्य से रामलीला करती है यह इसके लिए बधाई के पात्र हैं। अर्जुन कुमार यह भी बताया इस बार रामलीला हाईटेक डिजिटल तरीके से होगी लगभग 100 देश के टीवी चैनलों पर इसका लाइव टेलीकास्ट होगा। इस बार लीला श्री रामेश्वर धाम मंदिर की थीम पर तीन मंजिला मंच पर बॉलीवुड के लगभग 40 फिल्म स्टार लीला का मंचन करेंगे। कमेटी के महासचिव सुभाष गोयल ने बताया कि सागर सिंह कलसी संयुक्त आयुक्त दिल्ली पुलिस, मनोज कुमार मीणा डीसीपी नॉर्थ दिल्ली पुलिस, मोहित बंसल, डिप्टी कमिश्नर एमसीडी, संदीप दीक्षित पूर्व सांसद, देवेंद्र यादव अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी, विधायक पहलाद सिंह साहनी, अलका लांबा कांग्रेस नेता, अनिल भारद्वाज, राजेश जैन, संजय शर्मा व अन्य अतिथियों का इस अवसर पर स्मृति चिन्ह दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया व बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। भूमि पूजन समारोह के अवसर पर लीला के पवन गुप्ता, सत्यभूषण जैन, सौरब गुप्ता प्रवीण गोयल, अंकुर गोयल, मदन अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, प्रवीण सिंघल, कपिल रस्तोगी, देवेंद्र चौधरी आदि ने सभी अतिथियों का सम्मान किया।

# एलजी ने दिया डॉ. अंबेडकर आदर्श विद्यालय को डी-सील करने का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने अंबेडकर विधानसभा क्षेत्र के दक्षिणपुरी में स्थित डॉ. अंबेडकर आदर्श विद्यालय को डी-सील करने का आदेश दिया है। इस स्कूल को बीते जुलाई में दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड दिल्ली (डूसिब) ने सील कर दिया था। इसके बाद उसमें पढ़ने वाले 650 छात्र घर बैठने को मजबूर हो गए।

स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि डूसिब द्वारा स्कूल को सील करने से बच्चे परेशान हैं। उनकी शिक्षा बाधित हो रही है। लेकिन एलजी के डीसील किए जाने के बाद उनमें खुशी दिख रही है। उनका कहना है कि स्कूल के डीसील करने के बाद स्कूल फिर से खुलेगा और जो बच्चे घर पर बैठे हैं उनको स्कूल आने का मौका मिलेगा।

बता दें, डूसिब ने 22 जुलाई को स्कूल सील किया था। लोगों ने बताया कि अंबेडकर नगर का यह स्कूल 1994 से चल रहा है। जो डूसिब के जमीन पर बना है। इस स्कूल को गांधी हरिजन सेवक समाज पिछले 30 सालों से चला रहा है। इसमें नर्सरी से लेकर आठवीं तक की पढ़ाई होती है। इस स्कूल को चलाने के लिए 27 कर्मचारी हैं। बच्चों के एग्जाम होने हैं। ऐसे में स्कूल बंद होने पर बच्चों की मानसिकता पर क्या इसका असर पड़ रहा है यह सब समझ सकते हैं।

वहीं, स्थानीय आप विधायक अजय दत्त ने कहा कि दिल्ली में जमीनों के मालिक उपराज्यपाल हैं। किस जमीन को सील करना है और किसे डी-सील करना है वह सब उनके हाथ में हैं। बीआर अंबेडकर आदर्श विद्यालय प्राइवेट संस्था चला रही थी, जो डूसीब की जमीन है। स्कूल चला रहे संस्था को तकरीबन लाखों में डूसिब को रेंट देना था, लेकिन वो दे नहीं पा रही थी। इसके बाद डूसिब ने स्कूल को नोटिस भी दिया था, आखिरकार डूसिब के अधिकारियों ने स्कूल को सील कर दिया था। अब पता चला है कि दिल्ली के एलजी ने स्कूल को डी सील करने का आदेश दिया है।"

बता दें, इस विद्यालय को सील करने का पूरा मामला एलजी तक पहुंचा था, जिसके बाद इस विद्यालय को डीसील करने का आदेश दिया गया।

## एक नजर

### डूटा का विधानसभा मार्च 18 को, कक्षाएं स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने 18 सितंबर को डीयू के गेट संख्या-1 से विधानसभा तक मार्च निकालने की घोषणा की है। डूटा की ओर से जारी पोस्टर में कहा गया कि दिल्ली सरकार की ओर से वित्तपोषित 12 कॉलेजों में आर्थिक संकट का समाधान अब तक नहीं हुआ है। यहां के शिक्षकों, कर्मचारियों के साथ कॉलेज प्रशासन के समक्ष वित्तीय अनिश्चितता है। हमारी मांग है कि इन कॉलेजों में भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाए। डूटा ने सुबह 10.30 बजे से सभी शिक्षकों से कक्षाओं को स्थगित करने की अपील की है। शिक्षक संगठन शिक्षा मंत्री आतिशी से वह पुराना पत्र वापस करने की मांग कर रहे हैं, जो उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा था। शिक्षक संगठन का कहना है कि दिल्ली सरकार डीयू से संबद्ध 12 कॉलेजों की समस्याओं को लेकर उदासीन है। हम इसके तत्काल समाधान की मांग करते हैं। शिक्षक संगठन ने 19 सितंबर को भी मेटकॉफ हाउस के निकट शाम को जुलूस निकालने की घोषणा की है।

### रिश्वत लेने पर डीयू का एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दोषी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने रिश्वत लेने के एक मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर को दोषी करार दिया है। इंजीनियर पर इमारतों के रखरखाव का काम करवाने वाले ठेकेदार से बिल पास कराने के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप था। अदालत ने पाया कि आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था और शिकायतकर्ता द्वारा सामने रखे गए साक्ष्य दोष सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं। स्पेशल सीबीआई जज दीपाली शर्मा की अदालत ने तत्कालीन एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सत्यपाल सिंह को दोषी करार दिया है। सजा पर बहस अक्तूबर माह में होगी।

आरोप पत्र के अनुसार, नरेश कुमार नाम का ठेकेदार, जो दिल्ली विश्वविद्यालय में इमारतों के देख-रेख का काम करता है, ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई कि इंजीनियरिंग विभाग के एई टीसी जैन और ईई सत्यपाल सिंह उनके बिल पास करने के लिए पांच-पांच प्रतिशत रिश्वत की मांग कर रहे हैं और न देने पर करीब 1.75 लाख रुपये के बिल पास नहीं कर रहे हैं। इसके बाद एसीबी अधिकारियों ने 24 फरवरी को दोनों अधिकारियों को 8.5-8.5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया था। ट्रायल के दौरान टीसी जैन की मृत्यु हो गई, जिसके बाद केवल सत्यपाल सिंह के खिलाफ ट्रायल किया गया। अदालत ने अपने आदेश में कहा लोक सेवक के पद पर रहते हुए सत्यपाल सिंह ने रिश्वत की मांग की और रिश्वत की रकम स्वीकार की। इसके लिए उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराओं के तहत दोषी करार दिया जाता है।

### निगम आयुक्त से डेंगू की साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करने की मांग हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम की पूर्वी दिल्ली के गौतमपुरी से पार्षद सत्या शर्मा ने मच्छर जनित बीमारियों की साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करने की मांग की। उन्होंने निगमायुक्त अश्विनी कुमार से अनुरोध किया कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की साप्ताहिक रिपोर्ट फिर से जारी की जाए। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट को आखिरी बार बीते वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह में जारी किया था। तब से इसे जारी नहीं किया गया। इस रिपोर्ट से पता चलता था कि दिल्ली में ये बीमारियां किस गति से फैल रही हैं। इससे जनता में जागरूकता के साथ साथ सतर्कता भी पैदा होती है और वे बीमारियों से बचने के लिए कदम उठाते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लगातार बारिश हो रही है। डेंगू के मामलों को रोकने के लिए ठोस नीति तैयार कर कदम उठाने चाहिए। इसकी साप्ताहिक रिपोर्ट जारी करने पर तो रोक है ही, मच्छरों को नष्ट करने के लिए भी फॉगिंग और दूसरा कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने ने कहा कि वार्ड समितियों के गठन के बाद निगम आयुक्त अधिकारियों को तुरंत आदेश दें कि साप्ताहिक डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की रिपोर्ट को जारी की जाए। जिससे पार्षद अपने-अपने वार्ड में लोगों को डेंगू से बचने के लिए जागरूक कर सकें। इसके अतिरिक्त अधिकारी स्थिति का अवलोकन करके मच्छरों को नष्ट करने के साथ साथ अन्य आवश्यक कदम उठा सकें।

### दिल्ली में फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में फर्जी वीजा बनाने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ हुआ है और इसमें शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एक टीम ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट और फर्जी शेंगेन वीजा बरामद किए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ह्वआरोपियों के कब्जे से फर्जी शेंगेन वीजा लगे 14 नेपाली और दो भारतीय पासपोर्ट, फर्जी वीजा बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण, टिकट और वॉटरमार्क सामग्री जब्त की गई है।

### फेक ट्रेडिंग ऐप के जाल में फंसी महिला, गंवाए 53 लाख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जालसाजों ने दिल्ली की एक महिला को फेक ट्रेडिंग ऐप के जरिये अपना शिकार बनाया है। ट्रेडिंग ऐप में पैसा लगवाकर महिला से 53 लाख रुपये का फ्रॉड किया गया है। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी की रहने वाली शिकायतकर्ता ने बताया कि घोटालेबाजों ने एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप बनाया था, जो एक वैध निजी बैंक के स्टॉक एप्लीकेशन की नकल जैसा था। जालसाजों ने महिला से कई अंतरराष्ट्रीय खातों में यह दावा कर पैसा जमा करवाया की वह उनके ही खाते हैं। शुरूआत में कुछ पैसे जमा करने के बाद वह ऐप पर फर्जी मुनाफा दिखाते थे, ताकि लोगों को अधिक निवेश करने पर भरोसा हो जाए। इसके बाद जालसाज आईपीओ में निवेश करने और मुनाफा कमाने का लालच देकर लोगों से मोटी रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवा लेते थे। हालांकि जैसे ही लोग अपने पैसों को निकालने के लिए ऐप पर जाते थे तो उनकी गतिविधि को ब्लॉक कर दिया जाता था। इसके एवज में पीड़ितों से ऐप लोन, टैक्स और कई दूसरे खातों में अधिक पैसे ट्रांसफर करने की डिमांड की जाती थी। ऐसा नहीं करने पर पीड़ितों के ऐप से सभी गतिविधियों को ब्लॉक कर दिया जाता था। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ व्यक्ति, जो संभावित रूप से घोटालेबाजों के साथ काम कर रहे थे, दोस्त बनकर पीड़ित को पैसे उधार देने की पेशकश करते थे। ये मित्र व्यक्तिगत खातों को दरकिनार करते हुए तथा लेन-देन का कोई सबूत न देते हुए, धनराशि को सीधे पीड़ित के अंतरराष्ट्रीय खाते में ट्रांसफर कर देते थे।

### गीता कॉलोनी में एक नहीं दो भाइयों की हत्या, शक की सुई किराएदार पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के गीता कॉलोनी इलाके में युवक की हत्या किए जाने के मामले में नई बात निकलकर सामने आई है। दरअसल इलाके में दुकान में वाइट वॉश करने के दौरान अज्ञात बदमाश ने शाहिद नामक युवक को गोली मार दी थी। अब यह पता चला है कि बदमाशों ने उसके भाई इरशाद की भी हत्या कर दी थी। पुलिस ने दोनों भाइयों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, पूरे हत्याकांड को मृतक के किराएदार ने अंजाम दिया है।

# युवा वकील निर्धनों को न्याय दिलाने का संकल्प लें : नागरत्ना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक वकील को संविधान की प्रस्तावना के अनुरुप कार्य करना चाहिए और युवा वकीलों को निर्धनों को न्याय दिलाने का संकल्प लेना चाहिए। इस आशय की बात सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने एनएलयू के दीक्षांत समारोह में विचार व्यक्त करते हुए कही। दिल्ली स्थित राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) के 11वें दीक्षांत समारोह में बोल रहीं शीर्ष अदालत की न्यायाधीश नागरत्ना ने कहा, कि प्रिय स्नातक के विद्यार्थियो, रचनात्मकता के साथ आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुवक्किलों को दी जाने वाली आपकी सलाह कानून आधारित ही न हो, बल्कि ग्राहक और अदालत के प्रति आपके कर्तव्य के बीच संतुलन भी होना चाहिए। इससे पहले उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में कानूनी साक्षरता के प्रसार की आड़ में कुछ वकीलों ने तो सोशल मीडिया पर एक निराशाजनक प्रक्रिया अपना रखी है। यह प्रक्रिया भय की भावना पैदा करके ग्राहकों को अपनी ओर खींचने वाली है। खासतौर पर ऐसा वैवाहिक मामलों में और जिसे बचाव की रणनीति कहा जाता है, वाले मामलों देखने को मिलती है। यह कानूनी प्रक्रिया को बाधित करने या उस पर हमला करने जैसा है। जस्टिस नागरत्ना ने युवा वकीलों को सलाह देते हुए कहा कि वे तुच्छ मुकदमेबाजी से बचें। वादियों या राज्य को परेशान करने की सोच रखने वालें के लिए खुद का इस्तेमाल न होने दें। लॉ में स्नातक डिग्री हासिल करने वाले छात्रों को संबोधित कर रहीं जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि एक वकील को संविधान की प्रस्तावना के अनुरुप कार्य करना चाहिए।

# दिल्ली की जनता अपने हाथ में लिखेगी मेरा केजरीवाल ईमानदार है : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब घोटाले में जमानत मिलने के दो दिन बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। केजरीवाल के इस फैसले पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अग्निपरीक्षा देने का फैसला किया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता उस चुनाव के माध्यम से अपने मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी।

मीडिया से रूबरू आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा, ह्वमुख्यमंत्री जी अग्निपरीक्षा से गुजरने के लिए तैयार हैं। अब यह दिल्ली की



जनता के हाथ में है कि वह ईमानदार हैं या नहीं। अरविंद केजरीवाल ने 2020 में काम के नाम पर वोट मांगे थे और कहा था कि अगर मैंने काम किया है तो मुझे वोट दें, अगर मैंने काम नहीं किया है तो मुझे वोट न दें। आज उन पर आरोप लगाए गए, मुख्यमंत्री ने अग्निपरीक्षा देने का फैसला किया है।

उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की जनता ह्यआपह्ल को वोट देकर मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी और आने वाले 2025 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता अपने मुख्यमंत्री को ईमानदार घोषित करेगी। जैसे फिल्म दीवार में अमिताभ बच्चन के हाथ में लिखा था ठीक उसके उलट दिल्ली की जनता अपने हाथ में लिखेगी। मेरा केजरीवाल ईमानदार है।

वहीं, दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने ईमानदारी और सम्मान हासिल किया है। उन पर जो इल्जाम लगे हैं इसके बाद वह जनता की अदालत में जाएंगे और फैसला जनता के हाथ में है।

सीएम केजरीवाल ने आप कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मंच से कहा कि मैं 2 दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने जा रहा हूं और मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती है। मैं हर घर और गली में जाऊंगा और जब तक जनता का फैसला नहीं मिल जाता, केजरीवाल ईमानदार है, तब तक सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। आज से कुछ महीने बाद दिल्ली में चुनाव है, मैं जनता से अपील करना चाहता हूं अगर आपको लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है, मेरे पक्ष में वोट दे देना, अगर आपको लगता है केजरीवाल गुनहगार है तो मुझे वोट मत देना। अगर आप मुझे वोट देकर जिताएंगे और आप कहेंगे कि केजरीवाल ईमानदार है, तो चुनाव के बाद में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा।

# आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने तिलकनगर में डाली रेड, नकली वीजा फैक्ट्री का पदार्फाश, 6 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईजीआई एयरपोर्ट की पुलिस टीम ने फर्जी वीजा रैकेट का खुलासा किया है। इस मामले में तिलक नगर में छापा मारकर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी एयरपोर्ट उषा रंगनानी ने बताया कि तिलक नगर में यह गोरखधंधा काफी दिनों से चल रहा था। वहां पर वीजा बनाने की एक तरह से चोरी छुपे फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस टीम ने जानकारी मिलने पर वहां के बारे में पूरा पता लगाया। पुलिस टीम ने मामले की पुष्टि होने के बाद वहां छापा मारा और 6 आरोपियों



को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से आगे की पूछताछ की जा रही है। जिससे पूरे गिरोह के बारे में पता चल सके। यह रैकेट कब से चल रहा था, किन किन को विदेश भेजा गया, इन सारी जानकारियों को जुटाया जा रहा है।

गौरतलब है कि एयरपोर्ट पर विदेशों से डिपोर्ट किए गए लोगों और आईजीआई पर डॉक्यूमेंट जांच द्वारा पकड़े गए फजीर्वाड़ा के बारे में पता चलने के बाद पुलिस टीम लगातार कारवाई करती है। दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, वेस्ट बंगाल, राजस्थान आदि राज्यों में छापा मारकर एजेंट को गिरफ्तार करती है। ये आरोपी भोले भाले लोगों को विदेश में मोटी कमाई का लालच दिखाकर गलत तरीके से डॉक्यूमेंट तैयार करते हैं। उनसे अच्छा अमाउंट चार्ज कर लोगों को डॉक्यूमेंट देते हैं। जबकि, इनमें से काफी एयरपोर्ट पर जांच के दौरान पकड़े जाते हैं। कुछ यहां से निकलकर विदेश पहुंच भी जाते हैं, तो वहां स्कूटनी में धरे जाते हैं। उसके बाद उन्हें वापस भारत डिपोर्ट कर दिया जाता है।

# डीयू में दोहरी डिग्री के लिए आवेदन शुरू, 30 तक अंतिम तिथि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग ने अपने यहां संचालित स्नातक कोर्स में दोहरी डिग्री के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी 30 सितंबर तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। डीयू में दोहरी डिग्री के लिए आवेदन शुरू, 30 तक अंतिम तिथि दिल्ली विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत इस प्रक्रिया को अपनाया है। इसके तहत एक डिग्री नियमित कक्षा से और दूसरी स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग से छात्र ले सकते हैं। डीयू के एक अधिकारी ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय के सामान्य दाखिला प्रणाली के माध्यम से होगी। छात्रों को दोनों डिग्री के लिए अलग-अलग विषयों का चयन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वे दोनों कार्यक्रमों के शैक्षणिक और परीक्षा मानकों को पूरा कर सकें।

अधिकारियों के अनुसार, यह कार्यक्रम छात्रों को कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने का मौका देगा। अब छात्र विज्ञान के साथ-साथ मानविकी या सामाजिक विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों का अध्ययन एक साथ कर सकेंगे। इससे उनकी रोजगार योग्यता भी बढ़ेगी। इस व्यवस्था को लेकर अच्छी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। इसमें उस छात्र को बेहतर करने का मौका मिल सकता है, जिसने रेगुलर कोर्स में प्रोग्राम विषय से स्नातक में दाखिला लिया है, लेकिन एसओएल में वह बीकॉम आनर्स या कोई और स्नातक स्तर पर कोर्स कर सकता है।

# 30 करोड़ की ड्रग्स के साथ तीन विदेशी तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। स्पेशल सेल ने ड्रग्स तस्करी के आरोप में दो महिला समेत तीन विदेशी नागरिक को गिरफ्तार कर एक अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। गिरफ्तार तीनों तस्कर अफ्रीकी मूल के हैं इनमें दो नाइजीरिया और एक घाना की रहने वाली है। इनके कब्जे से 30 करोड़ रुपये मूल्य की 8.04 किलो मेथमफेटामाइन बरामद किया गया है। कार्टेल के सदस्य तुगलकाबाद एक्सटेंशन स्थित एक घर में ड्रग्स का भंडारण करते थे। मेथमफेटामाइन एक शक्तिशाली व अत्यधिक नशे वाली ड्रग्स है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। यह सफेद, गंधहीन, कड़वा स्वाद वाला क्रिस्टलीय पाउडर के फार्म में होता है जो पानी या शराब में आसानी से घुल जाता है।

डीसीपी अमित कौशिक के मुताबिक गिरफ्तार किए गए तस्करों के नाम अबीसोला डेबोरा अकिंवुमी, सैमुअल डिक्सन एडिओह व हेनशा विक्टोरिया है। इनमें हेनशा विक्टोरिया, घाना व बाकी दोनों नाइजीरिया के रहने वाले हैं। दिल्ली स्थित कुछ अफ्रीकी लोगों के बारे में सेल को खास जानकारी थी कि वे दिल्ली-एनसीआर से देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हैं। जांच पड़ताल के बाद सेल की टीम ने धौला कुआं के एक बस स्टैंड के पास मेथमफेटामाइन की खेप के साथ महिला तस्कर अबिसोला डेबोरा अकिंवुमी को दबोच लिया। वह ट्राली बैग और हैंड बैग के साथ आउटर रिंग से पैदल आते हुए धौला कुआं बस स्टैंड पर रुका था। तलाशी लेने पर बासमती चावल के प्लास्टिक बैग से 4.02 किलो मेथमफेटामाइन बरामद किया गया।

# नव श्री धार्मिक रामलीला कमेटी का पूर्वी पूजन हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरानी दिल्ली की प्राचीन रामलीलाओं में से एक नव श्री धार्मिक लीला कमेटी ने रविवार को लाल किला मैदान में विधि विधान से रामलीला का भूमि पूजन कार्यक्रम किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद जय प्रकाश अग्रवाल, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, दिल्ली कांग्रेस कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट चेयरमैन पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, डॉ. पी.के मिश्रा, सिटी एसपी जोन चेयरमैन मो. सादिक, ज्वाइंट सीपी कलसी, डीसीपी नॉर्थ मुकेश मीना आदि उपस्थित हुए। लीला के प्रधान हरि चंद अग्रवाल महामंत्री जगमोहन गोटेवाला, कोषाध्यक्ष प्रेम सिंघानिया, मंत्री प्रकाश बराठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व विशेष स्मृति चिन्ह प्रस्तुत किए। मंच का संचालन मंत्री प्रकाश बराठी द्वारा किया गया।

पूजन अवसर पर बोलते हुए जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि इस रामलीला से उनका पारिवारिक रिश्ता है, उन्होंने बताया कि उनके पूज्य पिताजी स्वर्गीय राम चरणअग्रवाल जी भी इस रामलीला में कई वर्षों तक सक्रिय रहे और आज इस रामलीला के मंचन में मुझे भी सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ आज से 25 वर्ष



पूर्व श्रीमती इंदिरा गांधी जी स्व राजीव गांधी जी मेरे साथ इस रामलीला में पधारे थे और बीते कुछ समय से लगातार श्रीमती सोनिया गांधी व राहुल गांधी भी लीला अवलोकन के लिए यहां पधारे हैं। वहीं देवेंद्र यादव ने कहा ये रामलीला प्राचीन रामलीला है और बहुत ही सुंदर तरीके से मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की लीला का मंचन ये कमेटी हर साल करती है, उन्होंने कहा भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में, अपनाना चाहिए। श्री देवेंद्र जी ने आयोजको को इस कार्यक्रम के लिए बधाई दी।

महामंत्री जगमोहन गोटेवाला ने कहा कि हमारी रामलीला कमेटी 1958 से लगातार रामलीला का मंचन बहुत ही सात्विक एवं मार्मिक ढंग से करती आ रही है इतिहास साक्षी की भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु जी का विशेष लगाव भी इसी रामलीला कमेटी से रहा है अपनी तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद वह परिवार सहित रामलीला समारोह में सम्मिलित होते थे। समारोह में प्रधान हरि चंद अग्रवाल, जगमोहन गोटेवाला महासचिव, प्रकाश बराठी, मंत्री रवि कप्तान लीला मंत्री, अशोक मित्तल, त्रिलोक गोयनका, अभिषेक गनेरीवाल, ओम प्रकाश तायल प्रवीण मित्तल, विकास गोटे वाला, मौजूद थे।

# नोएडा में सफल रहा राष्ट्रीय लोक अदालत

## एक दिन में 3 लाख 34 हजार 608 वादों का जजों ने किया निस्तारण

**नोएडा, एजेंसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त निदेर्शानुसार जनपद गौतमबुद्व नगर में जनपद न्यायाधीश अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर किया गया।




जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारी द्वारा कुल 134468 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व न्यायालय द्वारा 86695 मामले तथा बैंक द्वारा 216 मामलें, एनपीसीएल द्वारा 112 मामलें व यूपीपीसीएल द्वारा 2250 मामलें तथा श्रम न्यायालय द्वारा 496 मामलें व धनराशि 54350629 रुपए रही। पुलिस विभाग द्वारा 4737 मामलों का निस्तारण किया गया। बीएसएनएल द्वारा 73 मामलें तथा यातायात विभाग द्वारा 81290 मामलों का निस्तारण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा 22615 मामलों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार प्री-लिटिगेशन के 200140 मामलें निस्तारित हुए।

अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ऋचा उपाध्याय ने बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में आयेजिल राष्ट्रीय लोक अदालत में 334608 वादों का निस्तारण विभिन्न जजों द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयवार निस्तारित वादों में जिला जज अवनीश सक्सेना द्वारा 2 वादों का निस्तारण किया गया। मयंक चौहान, भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुर्नर्व्यवस्थापन प्राधिकरण द्वारा 22 वाद। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण कुनाल वेपा द्वारा 36 वाद व समझौता धनराशि 29321545 रुपए रही है। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बुद्धि सागर मिश्रा द्वारा 32 वाद है। अपर जिला जज-प्रथम प्रतिक्षा नागर द्वारा 3 वाद है।

अपर जिला जज पोक्सो कोर्ट प्रथम विकास नागर द्वारा 1 वाद। अपर जिला जज द्वितीय विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) विजय कुमार हिमॉशु द्वारा 7 वाद है। अपर जिला जज-तृतीय संजय सिंह द्वारा 15 वाद। अपर जिला जज पोक्सो कोर्ट प्रथम चन्द्र मोहन श्रीवास्तव द्वारा 575 वाद व जुमार्ना 6508980 रुपए। अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बुशरा आदिल रिजवी द्वारा 12 वाद। अपर जिला जज-षष्टम राजेश कुमार मिश्रा द्वारा 1 वाद। अपर जिला जज/पोक्सो-द्वितीय सौरभ द्विवेदी द्वारा 60 वाद। अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम रणविजय प्रताप सिंह द्वारा 12 वाद। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बबीता पाठक द्वारा 23894 वाद व जुमार्ना धनराशि 4858040 रुपए।

सिविल जज सीडि. मयंक त्रिपाठी द्वारा 34 वाद व समझौता धनराशि 24756348 रुपए। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-प्रथम शिवानी त्यागी द्वारा 1590 वाद। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय रवि कुमार सागर द्वारा 1231 वाद व जुमार्ना धनराशि 155350 रुपए। अतिरिक्त सिविल जज सीडि.-2 दिव्यकॉन्त सिंह राठौर द्वारा 352 वाद व समझौता धनराशि 34500 रुपए रही।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा अपर सिविल जज सीडि. एफटीसी नूपुर श्रीवास्तव द्वारा 1311 वाद व जुमार्ना धनराशि 60130। पीठासीन अधिकारी वर्चुअल कोर्ट रिचा शुक्ला द्वारा 105000 चालान में जुमार्ना धनराशि 7061850। सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग) जेवर नाजिम अकबर द्वारा 60 वाद व जुमार्ना धनराशि 29985। सिविल जज जूडि. रिचा शुक्ला द्वारा 11 वाद व समझौता धनराशि 180187।

तृतीय विशेष न्यायाधीश न्यायालय एनआई एक्ट राजेन्द्र कुमार द्वारा 42 वाद व समझौता धनराशि 38669828। अतिरिक्त न्यायालय-1 प्रदीप कुमार कंसल के द्वारा 40 वाद व 9800000 रुपए समझौता राशि। अतिरिक्त न्यायालय संख्या-2 नलिन कॉत त्यागी द्वारा 81 वाद व 20251234 समझौता धनराशि। पीठासीन अधिकारी जिला उपभोक्ता न्यायालय अनिल कुमार द्वारा 35 वाद व समझौता धनराशि 2052072।

उन्होंने बताया कि इस प्रकार जनपद स्थित न्यायालय के न्यायिक अधिकारी द्वारा कुल 134468 वादों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा राष्ट्रीय लोक अदालत में नोएडा प्राधिकरण के 1569 मामलें, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के 25 मामलें तथा यमुना प्राधिकरण के 62 मामलें निस्तारित किए गए। वहीं पुलिस विभाग के 4737 तथा राजस्व के 86695 वादों का निस्तारण किया गया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 334608 मामलों का निस्तारण के साथ ही समझौता धनराशि 2670972023 रुपए प्राप्त की गई।

# रेकी कर घरों में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** रेकी कर घरों में चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों ने पिछले दिनों थानाक्षेत्र स्थित एक घर से एलसीडी और दो मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी की थी।

घटना में इस्तेमाल स्कूटी और 1540 रुपये की नकदी पुलिस ने बरामद कर ली है। चोरी के सामान को आरोपियों ने वारदात के कुछ ही घंटे बाद बेच दिया था। गिरफ्त में आए आरोपियों की पहचान बिहार के मोतिहारी निवासी आदित्य और बेगुसराय निवासी दीपक के रूप में हुई है। वर्तमान में दीपक गाजियाबाद के विजयनगर में जबकि आदित्य सलारपुर गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा है।

# श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के भूमि पूजन में शामिल हुए सांसद डा. महेश शर्मा

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** नोएडा स्टेडियम व सेक्टर-12 के प्राथमिक विद्यालय परिसर में रामलीला मंचन के लिए भूमि पूजन हुआ। नोएडा स्टेडियम में श्री सनातन धर्म रामलीला समिति के भूमि पूजन में सांसद डा.महेश शर्मा व शहर के सभी बड़े उद्यमी व समाजिक संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे। जो कि अगले माह से शहर में शुरू होने जा रही रामलीलाओं के लिए भूमि पूजन का दौर रविवार से शुरू हो गया।



समिति के महासचिव संजय बाली ने बताया कि इस बार डबल स्टोरी भव्य मंचन बनाया जायेगा एंव 45 कलाकारों की टीम मंचन करेगी। इस वर्ष रामलीला को और भव्य बनाने के लिए बैठक किया गया एवं बैठक में सभी ने रामलीला का भव्य मंचन हो इसके विषय पर चर्चा हुई । सुरक्षा को लेकर आने वाले अतिथियों के बैठने की व्यवस्था कलाकारों की व्यवस्था सी.सी.टी.वी. कैमरा की व्यवस्था सुरक्षा की व्यवस्था अन्य कई विषय के बारे जानकारी दी।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष विमला बाथम, राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त कैप्टन विकास गुप्ता, विधायक नोएडा पंकज सिंह जी के भाई अनिल , डा. वीएस चैहान जी, अध्यक्ष पीयूष द्विवेदी, टी.एन. चैरसिया रामलीला समिति के अध्यक्ष टी.एन. गोविल, अल्पेश गर्ग, उप्र युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन और शहर के गणमान्य अतिथियों एवं नोएडा की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारीगण रामलीला मंचन करने आए कलाकार भी शामिल हुए। इस अवसर पर रामलीला मंचन में भगवान श्री राम ,लक्ष्मण व सीता का किरदार निभाने वाले कलाकारों की पूजा अर्चना व तिलक किया गया एवं पूर्ण आहूति के उपरांत आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

# सीआरपीएफ का बर्खास्त सिपाही गिरफ्तार

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-24 नोएडा में पुलिस ने सीआरपीएफ से बर्खास्त किए सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर फर्जी दस्तावेज तैयार अपने दो बच्चों का केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन कराने का आरोप है। उसके दोनों बच्चे करीब 9 साल से स्कूल में पढ़ रहे थे। बताया जा रहा है कि करीब 9 साल बाद आरोपी का राज खुला है।



जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के सुत्याना स्थित ग्रुप केन्द्र सीआरपीएफ पुलिस उप महानिरीक्षक के कार्यालय से डाक थाना सेक्टर 24 नोएडा को एक शिकायत मिली। बताया कि कांस्टेबल जीडी देवदास 116 बटालियन सीआरपीएफ का पूर्व कर्मचारी है, जिसे अनुशासनहीनता के कारण 23 अक्तूबर 2008 से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके बाद आरोपी ने सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ का फर्जी पहचान पत्र तैयार कर सीआरपीएफ की 116 बटालियन में नौकरी प्राप्त कर ली थी।

इसके बाद ग्रुप सेंटर नोएडा द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने दो बच्चों का वर्ष 2013 से 2022 की अवधि में नोएडा के ए-7 सेक्टर-24 स्थित केंद्रीय विद्यालय में दाखिला करा दिया। इस दौरान आरोपी ने फर्जी दस्तावेज स्कूल के प्रधानाचार्य को उपलब्ध कराए थे। सीआरपीएफ के अधिकारियों का आरोप है कि कांस्टेबल ने अपने बच्चों के दाखिले के लिए विभाग का फर्जी पहचान पत्र और दस्तावेज तैयार किया था।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है। एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी को मोदी मॉल से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान जीडी देवदास निवासी जिला भोजपुर बिहार के रूप में हुई है। जो कि मौजूदा समय में पॉकेट-7, सेक्टर 82 नोएडा में परिवार के साथ रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# गाजियाबाद में जीडीए का इंदिरापुरम पर बकाया 70 करोड़ का मेंटीनेंस चार्ज

**गाजियाबाद, एजेंसी।** इंदिरापुरम में काफी लोगों ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण(जीडीए) का मेंटीनेंस चार्ज जमा नहीं किया है। जीडीए योजना का रखरखाव करने के ?लिए इंदिरापुरम में रहने वालों से मेंटीनेंस चार्ज वसूलता है। इंदिरापुरम योजना सैद्धांतिक रूप से नगर निगम को ट्रांसफर हो गई है। हालांकि अभी योजना ट्रांसफर की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में जब योजना पूरी तरह से ट्रांसफर होगी तो इंदिरापुरम के लोगों को केवल संपत्ति कर ही देना होगा। लेकिन जीडीए का बकाया मेंटीनेंस जमा करना होगा।

इंदिरापुरम योजना में मेंटीनेंस के काम देख रहे पीयूष कुमार सिंह का कहना है कि मेंट्रीनेंस के बकाएदारों को नोटिस भेजकर बकाया वसूली तेज की जा रही है। प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों से जीडीए बकाया मेंटीनेंस वसूल कर ले। जो लोग मेंटीनेंस शुल्क जमा नहीं करेंगे उनकी सूची नगर निगम को सौंपी जाएगी, एक तय समय के बाद वसूली की जिम्मेदारी नगर के पास चली जाएगी। लेकिन जो बकाया है तो वो तो जमा करना होगा।

इंदिरापुरम के लोगों पर मेंट्रीनेंस शुल्क का 70 करोड़ रुपया बकाया है। जीडीए इंदिरापुरम योजना का ट्रांसफर करने के साथ इंदिरापुरम को कुल 185 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा। पहले किश्त 70 करोड़ रुपये की होगी। योजना के ट्रांसफर होने की शर्तों में यह स्पष्ट है कि योजना का ट्रांसफर उसी दिन से मांगा जाएगा जिस दिन जीडीए नगर निगम को 70 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने के 2 आरोपी अरेस्ट

**गुरुग्राम, एजेंसी।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी करने के नाम पर ठगी करने वाले 2 आरोपियों को हनुमान चौक उद्योग विहार गुरुग्राम से पुलिस ने काबू किया। जिनकी पहचान कुंदन पटेल निवासी गांव थालपोश जिला नवादा (बिहार) व रणजीत कुमार निवासी गांव जैतीपुर जिला नालंदा (बिहार) के रुप में हुई। क्रेडिट कार्ड के साथ-साथ उनके अन्य अपराधों का भी खुलासा पूछताछ में हुआ।

सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध प्रियांशु दीवान, साईबर अपराध थाना पूर्व के प्रबंधक निरीक्षक नवीन कुमार की पुलिस टीम ने अपने विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्यवाही की। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी लोगों के पास फोन करके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर रुपए ट्रांसफर कराकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अलग-अलग स्थानों से ठगी की पांच अन्य वारदातों को भी अंजाम देने का भी खुलासा किया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी कुंदन पटेल व उनके साथी को अदालत में पेश करके रिमांड पर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी कुंदन पटेल ने खुलासा किया कि उसके आसपास के गांवों में विशेषकर जिला नवादा, नालंदा, शेखपुरा कस्बा, वारसलीगंज व बिहार शरीफ कस्बा में काफी संख्या में युवक मोबाइल टावर लगाने, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप की फ्रेंचाइजी, पतंजलि, वाहन एजेंसी व अन्य एजेंसी/फ्रेंचाइजी दिलाने/देने के नाम पर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं। आरोपी ने बताया कि उसके इलाके के युवक लोगों के पास मैसेज करके तथा सोशल मीडिया के माध्यम से उक्त कार्यों के लिए विज्ञापन डालते हैं।

# राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह की माता मिश्री देवी की हुई शोक सभा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह की माताजी श्रीमती मिश्री देवी की शोक सभा रविवार को गुरुग्राम के माता रोड स्थित शुभ वाटिका में आयोजित की गई। शोकसभा में उपस्थित विभिन्न पूर्व व वर्तमान प्रशासनिक अधिकारियों सहित अनेक गणमान्य ने दिवगंत आत्मा को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की। शोक सभा में अंत में उपस्थित जनमानस द्वारा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई।



श्रीमती मिश्री देवी का 7 सितंबर शनिवार को 3.30 बजे 93 वर्ष की आयु में गुरुग्राम में निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार रविवार 8 सितंबर को सुखराली स्थित शिव शमशान भूमि में किया गया था। महिला सशक्तिकरण के लक्ष्यों के साथ निरंन्तर अग्रसर रही स्वर्गीय मिश्री देवी ने अपने पूरे जीवनकाल में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर अपनी आवाज मुखर रखते हुए महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने सामाजिक उत्थान की दिशा में काम करते हुए जाति प्रथा जैसी कुरीतियों के विरूद्ध भी निरन्तर प्रचार किया। स्वयं निरक्षर होते हुये भी उन्होंने लड़कियों की शिक्षा पर बल दिया। अत्यंत निर्धन परिवार में पैदा होकर भी उन्होंने अपनी सन्तान को आत्म सम्मान के साथ जीवन में आगे बढ? के लिये प्रेरित किया। श्रीमती मिश्री देवी का समाज के प्रति समर्पण भाव देखकर समय समय पर विभिन्न सरकारों ने उनको सम्मानित भी किया। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2010 में उन्हें वयो श्रेष्ठ श्रेणी में राष्ट्रीय सर्वोत्कृष्ट मां के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं वर्ष 2013 में हरियाणा राज्य सरकार ने उन्हें मदर टेरेसा राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया। हरियाणा इन्स्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स ने उन्हें कर्मयोगी पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके साथ-साथ राज्य की अनेक समाजसेवी संस्थाओं और संगठनों ने उन्हें समय समय पर सामाजिक क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया था। शोक सभा में भारत निर्वाचन आयोग के पूर्व आयुक्त अशोक लवासा, पूर्व आईएएस के.के. जालान, पूर्व आईएएस के.के. खंडेलवाल, पूर्व आईएएस पी राघवेंद्र राव, नगर निगम मानेसर के आयुक्त अशोक गर्ग, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार सहित विभिन क्षेत्र के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फरीदाबाद में शार्ट सर्किट से लगी अटैची की दुकान में आग

**फरीदाबाद, एजेंसी।** एनआईटी फरीदाबाद की एक नंबर मार्केट में स्थित गाबा अटैची के दुकान में रविवार को भीषण आग लग गई। जिसके चलते उसमें रखा लगभग 12 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक बाबा ने बताया कि रविवार सुबह उनका बेटा दुकान में पेंटिंग का काम कर रहा था। वह पेंट का सामान लेने के लिए गया हुआ था। तभी शॉर्ट सर्किट होने के चलते आग लग गई आ गई थी। आग लगने के चलते दुकान में रखे बैग और अटैची सहित अन्य सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। इस मामले में थाना कोतवाली के एसएचओ संदीप ने बताया कि जैसे ही उन्हें आग लगने की सूचना मिली, तो वे तुरंत अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड को बुलाकर आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। लेकिन अभी दुकान में लगी आग के चलते हुए नुकसान का अंदाजा नहीं लगाया जा सका है। वहीं पड़ोसी दुकानदार नौनिहाल ने बताया कि इससे पहले भी कई बार मार्किट में आगजनी की घटना हो चुकी हैं और प्रशासन द्वारा भी दुकानदारों को कई बार आर्थिक मदद का आश्वासन दिया जा चुका है। लेकिन आश्वासन के नाम पर प्रशासन की तरफ से कुछ भी दुकानदारों को नहीं मिलता। नौनिहाल ने बताया कि वह चाहते हैं कि पड़ोसी दुकानदार के हुए नुकसान की सरकार द्वारा भरपाई की जाए।

### नोएडा में गुरुकुल का मैनेजर अश्लील हरकत करने के आरोप में गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सोरखा गांव में स्थित एक गुरुकुल में पढ़ने वाली 15 वर्षीय छात्रा के साथ गुरुकुल के मैनेजर ने अश्लील हरकत की। छात्रा के परिजनों ने थाने पर आकर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मैनेजर को आज गिरफ्तार कर लिया।

थाना सेक्टर-113 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक गुरुकुल में पढ़ने वाली 15 वर्षीय छात्रा ने अपने परिजनों से शिकायत की कि गुरुकुल का मैनेजर नरेंद्र ने उसके साथ कई बार अश्लील हरकत की। वह उसके साथ जबरदस्ती करने का दबाव बना रहा है। छात्रा के परिजनों ने इस मामले की शिकायत थाना सेक्टर-113 में पहुंचकर की। छात्रा के परिजन इस बात को लेकर आक्रोशित थे। उनके विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गुरुकुल के प्रबंधन और वहां पढ़ने वाले अन्य छात्रों से सोमवार को बातचीत की जाएगी है।

### गाजियाबाद में आवास विकास की योजना पहले आओ पहले पाओ में बिक गए 150 फ्लैट

**गाजियाबाद, एजेंसी।** साहिबाबाद में आवास विकास परिषद की पहले आओ पहले पाओ के ऑफर के तहत अब तक 150 फ्लैट बुक हो चुके हैं। आवास विकास की सिद्धार्थ विहार योजना के लिए लोगों की दिलचस्पी अधिक है। वहीं, मंडोला के लिए लोग पूछताछ तो कर रहे हैं लेकिन मंडोला योजना के फ्लैटों का पंजीकरण बहुत कम हैं। 15 अगस्त से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हुई है, जो 15 अक्तूबर तक चलनी है। संपत्ति प्रबंधक नृपेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अब तक करीब 150 पंजीकरण हो चुके हैं। वहीं, हर दिन 20 से 25 लोग फोन और प्रत्यक्ष तौर पर आकर योजना से जुड़ी जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी फिलहाल अधिकतर लोगों ने सिद्धार्थ विहार योजना के लिए ही पंजीकरण कराए हैं। सबसे अधिक बुकिंग एलआईजी एवं एमआईजी की हो रही है। योजना में वन बीएचके फ्लैट की संख्या 25, टू बीएचके फ्लैट की संख्या 52 लाख से शुरू होती है।

### पुलिस ने सात शराब तस्कर पकड़े, अवैध शराब की बरामद

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात अलग-अलग मामलों में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सोनू, अविराज, मेहर सिंह, तरुण, अमित, संतोष और अर्थ का नाम शामिल है। गिरफ्तार सभी आरोपी एनआईटी फरीदाबाद एरिया के रहने वाले है।

अर्थ को नियर झुग्गी मच्छी मार्केट मुजेसर से 72 बोतल देसी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। वहीं संतोष को सेक्टर-62 एरिया से 36 अध्धा देसी शराब के साथ और सोनू को नियर कॉम्प्लेक्स सैक्टर-15ए एरिया से 14 बोतल देसी शराब सहित गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अविराज को हाईवे से बाइपास की तरफ जाने वाले रोड पर सैक्टर 12 के पास से 72 बोतल बीयर और मेहर सिंह को नया पुल एसी नगर एरिया से 149 पव्वा व 24 अध्धा देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। तरुण को डबुआ मंडी के पास से 72 अध्धा देसी शराब, अमित को नियर ग्रीन बेल्ट सारण चौक 60 बोतल के साथ काबू किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### आईटी फर्म से डाटा चोरी कर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले तीन आरोपियों को जेल

**फरीदाबाद, एजेंसी।** कोतवाली थाना पुलिस ने अबेकस डैस्क आईटी सोलयुशन कंपनी से डाटा चोरी के आरोप में तीन आरोपीयों अतुल, विनय व योगेश को गिरफ्तार किया है जो कि लोयल्टी पार्टनर नाम से गैर कानूनी रूप से कम्पनी का सोफ्टवेयर कोड चोरी कर बेचते थे। आरोपियों पर 4 जून, 2024 को मुकदमा दर्ज हुआ था। थाना कोतवाली में कुणाल त्यागी ने दी शिकायत में बताया कि एनआईटी पांच नंबर में उनकी फर्म है। विनय कुमार और अतुल फर्म में काम करते थे और वहां रहने के दौरान उन्होंने धोखाधड़ी कि शुरूआत की। इनका काम नए क्लाइंट जोड़ना और पुराने क्लाइंट को मैनेज करने का था। इनके पास फर्म का पूरा डाटा था व कम्पनी में रहते उन्होने सोर्स कोड का एकसेस प्राप्त कर लिया था। जब उन्होंने यह धोखाधडी पकड ली, तो आरोपियों ने लोयल्टी पार्टनर नाम से अपनी दूसरी फर्म शुरू कर दी जो एनआईटी फरीदाबाद में स्थित है। आरोप है कि दोनों उनकी फर्म का साफ्टवेयर इस्तेमाल कर रहे है। पुलिस को कम्पनी से उस समय के जो कर्मचारी काम छोड़ कर चले गये है उन पर भी शक है और इनके साथ साफ्टवेयर डेवलपर यागेश भी शामिल था। पुलिस ने विनय, अतुल व योगेश को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ पूरी होने के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश कर नीमका जेल भेज दिया गया है।

### ग्रेटर नोएडा के निजी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्रा के साथ दो सहपाठियों ने किया दुष्कर्म

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। थाना बीटा-दो क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूलों में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा को दो किशोरों ने कार में अगवा कर उसके साथ बलात्कार किया। 3 घंटे बाद आरोपी छात्रा को उसके घर के पास छोड़कर भाग गए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपर पुलिस उपायुक्त अशोक कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा ग्रेटर नोएडा में स्थित एक निजी स्कूलों में पढ़ती है। पीड़िता के अनुसार 10 सितंबर को दोपहर को स्कूल की छुट्टी होने के बाद उसकी सहेली ने उसे ऑटो रिक्शा में बैठाया।

## संक्षिप्त खबरें

### सफाई कर्मियों के साथ मारपीट, परिजनों ने कोतवाली में किया हंगामा, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**जालौन**। जालौन जिले के कालपी में सफाई कर रहे युवकों के साथ कुछ लोगों ने अभद्रता कर दी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट कर दी। जिससे एक व्यक्ति को गंभीर चोंट आई। जानकारी पर दर्जनों की संख्या में लोग कोतवाली पहुंच गए और कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। पुलिस ने लोगों को समझाकर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के कागजीपुरा निवासी अरुण वाल्मीकि ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह नगर पालिका में संविदा सफाई कर्मी के पद पर तैनात है। शनिवार को उसकी ड्यूटी बटाऊलाल मंदिर के पास थी, इसके साथ ही उसके साथी सुमित, राजा व अजय काम कर रहे थे, तभी मोहल्ला अदलसराय निवासी रामजी, टर्रे, सर्वेश, हरिसिंह व मोहल्ला हैदरीपुरा निवासी मूलचंद प्रजापति आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोग घर से लाठी, डंडे ले आए और मारपीट करने लगे। जब उसके साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की तो उनके साथ भी मारपीट की। जिससे उसको व साथियों को गंभीर चोंटे आई। इसके बाद आरोपी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। जानकारी पर पीड़ित के परिजन कोतवाली पहुंच गए और हंगामा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। हंगामा से कोतवाली परिसर में खलबली मच गई। कोतवाल नागेंद्र पाठक ने परिजनों को समझाकर चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर ली। कोतवाल नागेंद्र पाठक ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जल्द ही सभी को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

### हिरासत में लिया गया सपा विधायक का बेटा, गिरफ्तारी के डर से अंडरग्राउंड हुए पति- पत्नी



**भदोही**। किशोरी से उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने और बंधुआ मजदूरी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद सपा विधायक जाहिद जमाल बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग गिरफ्तारी के डर से अंडरग्राउंड हो गए। विधायक व उनकी पत्नी ने शनिवार को ही आवास छोड़ दिया। रविवार को विधायक के आवास पर पहुंची पुलिस ने विधायक के बेटे जईम बेग को हिरासत में लेकर कोतवाली आई। कोतवाली में विधायक के बेटे से पूछताछ चल रही है। विधायक के आवास पर सुबह से ही सपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा हुआ है।

यह है मामला

भदोही नगर के पचभैया वार्ड स्थित सपा विधायक जाहिद बेग के आवास पर बीते आठ सितंबर की रात 17 वर्षीय किशोरी ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। किशोरी बीते नौ सालों से विधायक आवास पर काम करती थी। घटना के अगले दिन श्रम विभाग, सीडब्ल्यूसी और पुलिस की टीम ने आवास से एक और नाबालिग किशोरी को बरामद किया।

किशोरी के मां-बाप और परिजनों के साथ बरामद किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ बंधुआ मजदूरी, उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इधर, मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही गिरफ्तारी के डर से विधायक और उनकी पत्नी आवास छोड़कर अंडरग्राउंड हो गए।

रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजबीर सिंह के साथ पुलिस टीम विधायक आवास पर धमक पड़ी। पुलिस ने आवास से विधायक के बेटे जईम बेग को हिरासत में ले लिया और उन्हें पूछताछ के लिए कोतवाली लेकर आई। दूसरी तरफ विधायक के आवास पर सपा कार्यकर्ताओं का भी जमावड़ा है। आवास पर पुलिस का पहरा भी बढ़ा दिया गया है।

### यूपी का मौसम: बंगाल की खाड़ी में फिर उठी हलचल, माानसून में आया बदलाव, इन जिलों में बारिश की संभावना



**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से सक्रिय मानसून शनिवार व रविवार को थमा रहा। हालांकि इस दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आसमान में बादल डेरा जमाए रहे। बारिश थमने से उमस भरी गर्मी तो रही लेकिन तापमान में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं रहा।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार तटवर्ती पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव क्षेत्र के विकसित होने और एक नए वेदर सिस्टम के बनने से पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का मौसम प्रभावित होने की संभावना है।जिसके असर से सोमवार व मंगलवार के दौरान दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत वाराणसी और प्रयागराज मंडल में कहीं कहीं भारी बारिश होने का पूवार्नुमान है।

कई जिले बाढ़ की चपेट में

यूपी के कई जिले एक साथ बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। नेपाल की पहाड़ियों पर हुई भारी बारिश का असर बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और बाराबंकी आदि जिलों पर पड़ रहा है। नेपाल में हो रही बरसात के कारण कुसुम बैराज से राप्ती नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे राप्ती नदी का जलस्तर एक बार पुनः रविवार को खतरे का निशान पार कर गया। इधर सरयू नदी भी उफान पर है। बहराइच जिले में बांध में रिसाव की भी खबरें आईं।

बाराबंकी के गांवों में मची तबाही

पहाड़ियों पर लगातार हो रही बरसात व नेपाल के बैराजों से करीब आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बाराबंकी में सरयू नदी उफनाकर गांवों में तबाही मचा रही है। केदारीपुर गांव नदी में बह गया है तो 78 गांव वाला बेलहरी गांव भी नदी में समा रहा है। 2014 में नदी का जलस्तर इसी तरह से बढ़ गया था। शनिवार रात से नदी के ईद-गिर्द करीब एक करीब डेढ़ किमी दूर तटबंध तक पानी आ गया। केदारीपुर व बेलहरी गांव की करीब 500 बीघा जमीन नदी में समा गई है। यहां तेजी से कटान हो रही है। इन दोनों गांवों के लोग ईट बचाने के चक्कर में मकान तोड़ सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे हैं। एडीएम अरूण कुमार ने अधिकारियों के साथ कटान से प्रभावित गांव देखे। उन्होंने बताया कि प्रभावित इलाकों पर नजर रखी जा रही है।

# सीएम योगी ने कहा, भारत ने दिया है 'जियो और जीने दो' का सच्चा लोकतंत्र

**गोरखपुर**। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में जब सभ्यता, संस्कृति और मानवीय मूल्यों के प्रति आग्रह नहीं था तब भारत मे सभ्यता, संस्कृति और मानवीय जीवन मूल्य चरम पर थे। भारतीय सभ्यता और संस्कृति प्राचीन काल से लेकर अवार्चीन काल तक लोकतांत्रिक मूल्यों से परिपूर्ण रही है।

इसका उद्देश्य किसी का हरण करना या किसी पर जबरन शासन करना नहीं था बल्कि इसकी भावना ह्यसर्वे भवंतु सुखिनःह्व की रही है। इसका नया स्वरूप आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यसबका साथ सबका विकासह्व के संकल्प में दिखता है। हमारी ऋषि परंपरा जियो और जीने दो की रही है क्योंकि यही सच्चा लोकतंत्र है और इस मूल्यपरक लोकतंत्र को किसी और ने नहीं बल्कि भारत ने दिया है।

सीएम योगी रविवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों के सम्मेलनों की श्रृंखला के पहले दिन लोकतंत्र की जननी है भारत विषयक सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह का अभिनंदन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लोकतंत्र को लेकर वैदिक कालखंड से लेकर रामायणकालीन और महाभारतकालीन अनेक उद्धरण देखने को मिलते हैं। भारत के लोकतंत्र में प्राचीन समय से लेकर आज तक जनता की आवाज और जनता के हित को ही सर्वोपरि रखा गया है। भारतीय सभ्यता में हमेशा ही यह कह गया है कि प्रजा का सुख ही राजा का दायित्व है। रामायण काल में भगवान श्रीराम ने भी अक्षरशः जनता की आवाज को महत्व दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने भी खुद को कभी राजा नहीं समझा। उनके समय में वरिष्ठ व्यक्ति के नेतृत्व में गणपरिषद शासन का कार्य देखती थी। द्वारिका में जब अंतर्द्वंद्व प्रारंभ हुआ तब इस परिषद के सदस्य आपस में लड़कर मर-मिट गए। उस समय भगवान श्रीकृष्ण ने परिषद के सदस्यों की दुर्गति पर कहा था कि राज्य के नियम प्रत्येक नागरिक पर समान रूप से लागू होते हैं।



### लोकतंत्र में जनता का हित ही सर्वोच्च

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में कुछ लोगों पर गुलामी की मानसिकता आज भी हावी है। जबकि भारत में लोकतंत्र की जड़ें प्राचीन समय से ही गहरी रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत तब गुलाम हुआ जब लोकतंत्र की विरासत को संजोने में चूक हुई।

उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत में निरंकुश राजा को सत्ताच्युत करने का अधिकार जनता के प्रतिनिधित्व वाले परिषद के पास होता था। लोकतंत्र में यह स्पष्ट है कि जनता का हित ही सर्वोच्च है। प्राचीन काल में देखें तो वैशाली गणराज्य इसका एक उदाहरण है जहां पूरी व्यवस्था जनता के हितों के लिए समर्पित थी।

### भारतीय मूल्यों और संस्कारों से ही चल रहा लोकतंत्र : हरिवंश नारायण

लोकतंत्र की जननी है भारत विषयक सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के संस्कार पांच हजार वर्ष पुराने भारतीय मूल्यों से गढ़े गए हैं। सही मायने में भारतीय मूल्यों और संस्कारों से ही लोकतंत्र चल रहा है।

कहा कि खुलकर अपनी बात रखना ही लोकतंत्र का यथार्थ है और यह मूल्य भारत की हजारों वर्षों की परंपरा में निहित रहे। भारतीय लोकतंत्र में जनता को हर प्रकार की आजादी के साथ खामी को भी ठीक करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी मूल्यों से प्रभावित लोगों ने ही भारतीय लोकतंत्र को आयातित समझने की भूल की है। इस भूल का कारण यह रहा कि भारतीय लोकतंत्र को यूनान को नजर से देखने की आदत डाली गई। उन्होंने कहा कि भारत को आजादी मिलने के बाद कई विदेशी विद्वानों ने कहा था कि भारत में लोकतंत्र टिकेगा नहीं और आज उसका जवाब यह है कि अगले साल हम संविधान लागू होने का अमृत वर्ष मनाने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत अपने को लोकतंत्र की जननी के वास्तविक नजरिये से दुनिया के सामने पेश कर रहा है। पहले इस विषय पर चर्चा नहीं होती थी। आज भारत ने जी-20 सम्मेलन का माध्यम से इस पर बात की। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भारतीय लोकतंत्र को लेकर महत्वपूर्ण विमर्श को ऐसे आयोजनों से आगे बढ़ा रहे हैं।

### भारत में रही है त्याग और नैतिकता की परंपरा

राज्यसभा के उपसभापति ने कहा कि भारत में वेद, पुराण, उपनिषद की और ऋषियों की परंपरा के मूल्य थे। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में धर्म मार्गदर्शक की भूमिका में था इसलिए हमारे यहां आतताई शासकों का वर्णन नहीं मिलता है। राजा, देवता, जनता सभी धर्म से बंधे थे। भारत मे त्याग और नैतिकता की परंपरा रही है। इसीलिए राजा सर्वशक्तिमान होकर भी स्वेच्छाचारी नहीं था। चक्रवर्ती सम्राट को भी धर्मदंड से चेतावनी दी जाती थी।

# अवध के कई जिले बाढ़ की चपेट में, नेपाल में हुई भारी बारिश से उफनाई नदियां, गांवों से हो रहे हैं पलायन

**बहराइच**। यूपी के कई जिले एक साथ बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। नेपाल की पहाड़ियों पर हुई भारी बारिश का असर बहराइच, गोंडा, श्रावस्ती और बाराबंकी आदि जिलों पर पड़ रहा है। नेपाल में हो रही बरसात के कारण कुसुम बैराज से राप्ती नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। इससे राप्ती नदी का जलस्तर एक बार पुनः रविवार को खतरे का निशान पार कर गया। इधर सरयू नदी भी उफान पर है। बहराइच जिले में बांध में रिसाव की भी खबरें आईं।



**बाराबंकी के गांवों में मची तबाही...**पहाड़ियों पर लगातार हो रही बरसात व नेपाल के बैराजों से करीब आठ लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से बाराबंकी में सरयू नदी उफनाकर गांवों में तबाही मचा रही है। केदारीपुर गांव नदी में बह गया है तो 78 गांव वाला बेलहरी गांव भी नदी में समा रहा है। 2014 में नदी का जलस्तर इसी तरह से बढ़ गया था। शनिवार रात से नदी के ईद-गिर्द करीब एक करीब डेढ़ किमी दूर तटबंध तक पानी आ गया। केदारीपुर व बेलहरी गांव की करीब 500 बीघा जमीन नदी में समा गई है। यहां तेजी से कटान हो रही है। इन दोनों गांवों के लोग ईट बचाने के चक्कर में मकान तोड़ सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे हैं। एडीएम अरूण कुमार ने अधिकारियों के साथ कटान से प्रभावित गांव देखे। उन्होंने बताया कि प्रभावित इलाकों पर नजर रखी जा रही है। नेपाल के पहाड़ों पर हुई मूसलाधार बारिश से सरयू उफान पर है। सरयू का पानी जिले के मिहिपुरवा, नानपारा और महसी तहसील में तबाही मचा रहा हैं। रविवार की सुबह बाढ़ के पानी के दवाब से बेलहा- बहरौली तटबंध पर दो स्थानों पर रिसाव शुरू हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गई। सूचना पर पहुंचे कर्मचारी रिसाव बंद करवाने में जुट गए हैं।

नानपारा तहसील के बेलहा से निकल कर कैसरगंज के बहरौली तक जाने वाला तटबंध 100 से अधिक गांवों का सुरक्षा कवच है। तीन तहसीलों नानपारा, महसी और कैसरगंज की लगभग 2 लाख आबादी बाढ़ के समय इसी तटबंध के समय सुकून की नींद सोती हैं। लेकिन रविवार की सुबह बांध से गुजर रहे ग्रामीणों ने महसी क्षेत्र में तटबंध पर बेहटा और बिसवा के पास हल्का रिसाव होता देखा।

रिसाव होते देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई और तत्काल इसकी सूचना जिला प्रशासन और ड्रेनेज खंड को दी गई। सूचना पर सरयू ड्रेनेज खंड के अवर अभियंता जितेन्द्र वर्मा मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल कर रिसाव बंद करने की कार्यवाही शुरू की। अवर अभियंता जितेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया की तटबंध पर 61.800 और 62.900 पर सीपेज की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे है। जलस्तर बढ़ने के चलते पानी उबाल लें रहा था।

# रुकने का नाम नहीं ले रहीं बिजनौर में चोरी की घटनाए




**बिजनौर**। नगर में बाइक चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नही ले रही है बाइक चोर दिन ब दिन बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है पर पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम नजर आ आ रही है शनिवार की रात चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए अस्पताल कर्मी की बाइक चोरी कर ली है पीड़ित ने बाइक चोरी की सूचना पुलिस को दे दी है

जानकारी के अनुसार भरत विहार कॉलोनी निवासी हिमांशु सैनी पुत्र मूलचंद सैनी जिला अस्पताल में कर्मचारी है शनिवार की रात्रि लगभग आठ बजे हिमांशु किसी कार्य से इंद्रा पार्क के समीप किसी कार्य से अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक नंबर ४स्न 2Q 4111 से गया था वह अपनी बाइक इंद्रा पार्क के गेट के बाहर खड़ा कर कर गया था तभी चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए बाइक चोरी कर ली ।हिमांशु ने अपनी बाइक काफी तलाश की पर बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित ने बाइक चोरी की सूचना पुलिस को दे दी हैं

# धर्मांतरण कराने वाला आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



**शाहबाद** शाहबाद में 19 साल पहले सत्यम का नाम समीर रखकर धर्मांतरण करवाने के आरोपी राशिद पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किए गए है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है। जिला हापुड़ के थाना पिलखुआ के मोहल्ला साकेत निवासी रामानंद की पत्नी मंजू की तहरीर के आधार पर धर्मांतरण कराने के संबंध में शाहबाद कोतवाल पंकज पंत ने रिपोर्ट दर्ज की थी। मां मंजू का आरोप था कि वर्ष 2005 में इनका बेटा सत्यम (10) गुम हो गया था। उसे ढूंढने का काफी प्रयास किया गया लेकिन उसका पता नहीं चला। इस बारह साल के लंबे अर्से के बाद सत्यम 2017 में अपने घर हापुड़ वापस लौट गया था। आरोप था कि उसका धर्मांतरण कर समीर बना दिया गया। हापुड़ में कुछ दिन रहने के बाद सत्यम राय उर्फ समीर वापस रामपुर आ गया। मां मंजू ने उससे कई बार संपर्क किया लेकिन वह घर आने को राजी नहीं हुआ। इस प्रकरण में 13 सितंबर 2024 को मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप था कि बेटा सत्यम राय शाहबाद जनपद रामपुर में राशिद नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहा था।

# भूपेंद्र चौधरी ने अंग्रेजों से की कांग्रेस की तुलना, बोले- विभाजन की राजनीति करती है पार्टी, सजग रहे लोग

**बलिया**। बलिया पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कांग्रेस पार्टी की तुलना अंग्रेजों से की। कहा कि अंग्रेजों की तर्ज पर देश में जाति तथा भाषा के नाम पर विभाजन कांग्रेस जैसी पार्टियों को ही भाता है। आरोप लगाया कि देश को लंबे समय तक गुलाम करने वालों ने हमारी सभ्यता एवं संस्कृति को जिस प्रकार से रौंदने का काम किया उसके बाद सत्ता में आने वाली पार्टी का भी वही एजेंडा रहा। जिले के बसंतपुर गांव में रविवार को एक विद्यालय में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सामूहिक सदस्यता कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। कहा कि लंबे समय तक देश में राजनीति करने वाली कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक रूप से जिस प्रकार देश को विभाजित कर के रखा। सबके सामने है। कहा कि अलग-अलग राज्यों की भाषा,



अलग-अलग राज्यों की प्रथाएं हैं। अलग-अलग जाति तथा भाषा के नाम पर विभाजन, कांग्रेस जैसी विभाजनकारी राजनीति करने वाली पार्टी को ही भाता है।

कांग्रेस यह जानती थी कि देश में इतनी सामाजिक एवं भाषाई विविधताएं हैं कि कोई राष्ट्रीय पार्टी खड़ी नहीं हो पाएगी, जो गांव से लेकर सभी राज्यों में अपने संगठन का विस्तार कर सके।

**देश की न्यायपालिका पर भरोसा...**इन लोगों का एजेंडा समाज को बांटकर जाति के आधार पर राजनीति करने का है। हम लंबे समय तक गुलाम रहे। उस गुलामी के मूल में सोचेंगे तो कहीं न कहीं ये विभाजन जो हम लोगों में है, हमारी कमजोरी का बड़ा हिस्सा है। इसी काल खंड में इन्ही कारणों से जो छोटे-छोटे ग्रुप आए, वो हमारी व्यवस्था को रौंदते हुए देश की सत्ता पर काबिज हो गए।

आरोप लगाया कि अंग्रेजों ने हमारे मठ-मंदिरों तथा हमारे देवस्थानों के प्रति जिस प्रकार का दृष्टिकोण अपनाया, हमारी सभ्यता तथा संस्कृति को समाप्त करने का काम किया। देश संगठित होकर एक विचार में आगे बढ़े, इस प्रकार का प्रयास देश के किसी भी शासन काल में नहीं हुआ। हमारी संस्कृति, विरासत तथा आस्था और परम्परा के आधार पर हम देश को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। यह हमारे और आपके लिए गर्व का विषय है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत पर कहा कि अरविंद केजरीवाल अभी जमानत पर बाहर आए हैं न कि वह दोष मुक्त हुए हैं। हमें धैर्य रखना चाहिए तथा देश की न्यायपालिका पर भरोसा रखना चाहिए।जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि पार्टी का जो लक्ष्य सदस्यता के लिए दिया गया है। उससे अधिक कराने के लिए कार्यकर्ता लगे हुए हैं। विधायक केतकी सिंह ने भोजपुरी में कहा कि जनपद सदस्यता में अव्वल रहेगा। इस मौके पर मंत्री दानिश आजाद अंसारी, उपेंद्र तिवारी, आंनद स्वरूप शुक्ल, नारद राय ने भी सभा को संबोधित किया।

# महायोजना 2031: एयरपोर्ट के पास विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र

**अलीगढ़**। अलीगढ़ विकास प्राधिकरण (एडीए) की महायोजना 2031 में अलीगढ़ एयरपोर्ट के निकट 110 हेक्टेयर जमीन को औद्योगिक जोन के लिए चिन्हित किया गया है। यहां पर उद्योगों को स्थापित करने के लिए भू उपयोग परिवर्तित किया जा रहा है। अलीगढ़ एयरपोर्ट और शहर से गुजरने वाले सभी हाईवे इस औद्योगिक जोन से जुड़ रहे हैं। इसलिए यहां से माल की आवाजाही आसानी से होगी। इसलिए एडीए ने इसको औद्योगिक जोन के लिए आरक्षित किया है।



शहर में भूमि की कमी होने के बाद नए उद्योगों को यहां जमीन दी जाएगी। यह भूमि अलीगढ़- कानपुर, जीटी रोड, हाईवे पर अलीगढ़ एयरपोर्ट से कानपुर की ओर बढ़ने पर है। इसके आसपास खानगढ़ी, किशनगढ़ी, निजामतपुर, बोरना, बौनेर आदि गांव पड़ते हैं। प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र का इलाका बौनेर और किशनगढ़ी के सामने वाली भूमि पर प्रस्तावित है, जो खानगढ़ी और निजामतपुर बोरना से सटी हुई है। यहां पर नए उद्योगों को जमीन देने के लिए खाका खींचा जा रहा है।

**एयरपोर्ट और हाईवे से जुड़ा है पूरा इलाका...**अलीगढ़ एयरपोर्ट से उड़ान योजना के तहत लखनऊ और आजमगढ़ की हवाई यात्रा शुरू हो चुकी है। निकट भविष्य में यहां अयोध्या, मुरादाबाद से जेवर एयरपोर्ट और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली तक छोटी दूरी की सेवाएं शुरू होने की भी संभावना है। इसी इलाके से गुजर रहा फोरलेन जीटी रोड, हाईवे, गाजियाबाद से कानपुर तक बन चुका है। इस हाईवे पर गाजियाबाद की ओर बढ़ते ही अलीगढ़-आगरा हाईवे, अलीगढ़-मथुरा रोड, अलीगढ़-पलवल हाईवे, अलीगढ़-मुरादाबाद हाईवे मिल जाता है। प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस भी अलीगढ़-पलवल हाईवे के जरिये इससे जुड़ा रहेगा। ट्रांसपोर्ट नगर अलीगढ़-पलवल हाईवे पर बन रहा है। जिससे उद्यमियों को कानपुर, गाजियाबाद, मथुरा, आगरा, मुरादाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, पलवल, गुरुग्राम तक माल भेजने की सुविधा आसानी से मिलेगी। महायोजना 2031 में शहर की तस्वीर बदलने के लिए एडीए ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। योजना के अनुसार ही एयरपोर्ट व हाईवे के पास औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा। ताकि इसका यहां के नागरिकों को लाभ मिल सके।

# बुखार के मरीज बढ़ने से इमरजेंसी के बिगड़ रहे हालात

**मैनपुरी**। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में महाराजा तेज सिंह जिला अस्पताल में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ते ही इमरजेंसी के हालात बिगड़ने लगे हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में रविवार को बेड की कमी पड़ गई तो घंटों मरीजों को टेबल पर ही लिटाए रखा गया। बुखार ने तेजी के साथ जिले में पैर पसारने से शुरू कर दिए हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 25 से 30 मरीज बुखार से पीड़ित होने पर भर्ती कराए जा रहे हैं। मरीज बढ़ने के साथ ही महाराजा तेज सिंह जिला अस्पताल की इमरजेंसी के हालात भी बिगड़ने लगे हैं।

स्थिति यह है कि यहां मात्र 20 बेड की व्यवस्था है, जबकि 24 घंटे में यहां 50 से 60 मरीज भर्ती हो रहे हैं। एक साथ मरीज आने के चलते उन्हें इंडोर वार्ड तक भेजने में भी समय लगता है। ऐसे में यहां आए दिन व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल प्रशासन ने बेडों की कमी को देखते हुए यहां चार टेबल की व्यवस्था की है। टेबल पर मरीज




को 10 से 15 मिनट इमरजेंसी में तो रखा जा सकता है लेकिन घंटों लिटाना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ है। करीब तीन से चार फुट ऊंची और मात्र 18 इंच चौंड़ी मेज पर मरीजों को भर्ती कर घंटों इलाज दिया जाता है।

ऐसे में मरीज को करवट लेने में भी दिक्कत होती है। करवट लेते समय मरीज तीन से चारफुट नीचे गिरकर गंभीर घायल भी हो सकता है। जिम्मेदार इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार तो यहां बेड और टेबल फुल होने के बाद घंटों मरीजों को स्ट्रेचर पर ही रखा जाता है। अस्पताल के इंडोर वार्ड में पर्याप्त बेड की सुविधा है। इमरजेंसी में एक साथ मरीज आने पर कभी-कभी दिक्कत आती है। जल्द ही इस समस्या को दूर किया जाएगा। - डॉ. मदनलाल, सीएमएस

# एनडीए में सीट बंटवारा हुआ नहीं,बिहार में उम्मीदवारों की घोषणा करने लगे हैं चिराग

## 2020 दोहराने की मंशा तो नहीं

दीपक कुमार तिवारी।

**पटना।** नीतीश कुमार आरजेडी के साथ न जाने और भाजपा के साथ बने रहने की लाख सफाई दें, पर शायद ऐसा न हो पाए। ऐसा तभी हो सकता है, जब भाजपा चिराग पासवान को काबू में रख पाए। लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के तेवर देख ऐसा नहीं लगता कि वे भाजपा की भी बात मानेंगे। ऐसा कहने का बड़ा आधार यह है कि बिहार में नीतीश कुमार एनडीए के नेता हैं।

भाजपा उनके मातहत चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुकी है। एनडीए में लोजपा के दोनों धड़े शामिल हैं। जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तान अवामी मोर्चा (हम), उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम, भाजपा और जेडीयू शामिल हैं। सीट शेयरिंग अभी तक नहीं हो पाया है। सच तो यह है कि सीट बंटवारे की बातचीत भी शुरू नहीं हुई है। जबकि



चिराग पासवान विधानसभा सीटों पर अभी से उम्मीदवार घोषित करने लगे हैं। चिराग पासवान की योजना विधानसभा चुनाव के पहले सभी 243 सीटों पर दौरे की है। इसी क्रम में वे पहले बेगूसराय के मटिहानी गए। दूसरे दिन शेखपुरा पहुंचे। दोनों जगहों पर उन्होंने अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की। मटिहानी सीट से 2020 में लोजपा के उम्मीदवार राजकुमार सिंह जीत भी गए थे, लेकिन बाद में उन्होंने जेडीयू ज्वाइन कर लिया था। चूंकि वे अपनी पार्टी के इकलौते विधायक थे, इसलिए दल बदल का मामला भी उनके खिलाफ नहीं बना। चिराग अब भी मटिहानी को अपनी ही सीट मानते हैं। शेखपुरा में उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उनकी पार्टी के जिला अध्यक्ष इमाम गजाली ही इस बार चुनाव लड़ेंगे। गजाली वही हैं, जिन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान सिवान में जेडीयू उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं निर्दलीय हिना शहाब के समर्थन में चुनाव प्रचार किया था।

गजाली 2020 में भी शेखपुरा से चुनाव लड़े थे। उन्हें 14 हजार वोट मिले थे। जेडीयू प्रत्याशी को 50 हजार वोट पड़े। पर, 56 हजार वोट आरजेडी उम्मीदवार को मिले और 6000 वोटों से आरजेडी उम्मीदवार की जीत हो गई।

चिराग पासवान के इस कदम से नीतीश कुमार को सर्वाधिक परेशानी हो सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी चिराग पासवान ने ऐसा ही बखेड़ा किया था। उन्होंने जेडीयू उम्मीदवारों के खिलाफ अपने प्रत्याशी मैदान में उतार दिए। भाजपा की भी इक्का-दुक्का सीटों पर उनके उम्मीदवार थे। इतना ही नहीं भाजपा और दूसरे दलों में टिकट से वंचित नेताओं को भी उन्होंने टिकट दे दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि जेडीयू को तकरीबन तीन दर्जन सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा। नीतीश कुमार तब से ही चिराग से खार खाए हुए थे।

लंबे समय बाद इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों के बीच रिश्ते तब सामान्य हुए, जब चिराग की एनडीए में वापसी हुई। भाजपा ने भले चिराग पासवान को उनके चाचा से अधिक तवज्जो दी है, लेकिन वे उसे भी आंख दिखाने से परहेज नहीं करते। चिराग को नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में जगह दी। वे भी चुनाव होने तक अपने को मोदी का हनुमान बताते रहे।

लेकिन मोदी सरकार के फैसलों पर जिस तरह उन्होंने अलग स्टैंड लेना शुरू किया है, उससे लगता है कि वे एनडीए में बगावती तेवर अपनाने की ठान चुके हैं। बिहार में विधानसभा की कम से कम 40 सीटों की हिस्सेदारी की वे बात कर रहे। झारखंड में भी उन्होंने दावेदारी की है। बात नहीं बनने पर अलग चुनाव लड़ने की भी बात कही है। इससे लगता है कि उन्होंने पहले से ही एनडीए छोड़ने का मन बना लिया है। एनडीए में रह कर अगर वे बिहार में अभी से उम्मीदवारों की जिस तरह घोषणा करने लगे हं, उससे उनके तेवर को समझा जा सकता है।

# जेडीयू ने आरजेडी को दिया लालू यादव के वीडियो से जवाब

संवाददाता।

**पटना।** बिहार में आरजेडी और जेडीयू के बीच वीडियो वार शुरू हो गया है। आरजेडी की तरफ से जारी किए गए नीतीश कुमार के वीडियो के अब जेडीयू ने भी लालू यादव का पुराना वीडियो जारी कर तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है। बिहार के मंत्री और जेडीयू नेता अशोक चौधरी ने कहा कि आरजेडी के वीडियो को देखने से लगता है कि नीतीश कुमार माइक को दोनों हाथ से पकड़े हैं। बहुत से लोग माइक को एक हाथ से पकड़ते हैं। बहुत से लोग माइक को दो हाथ से पकड़ते हैं। आरजेडी के लोगों को शायद "आग्रह और गिड़गिड़ाना" का अंतर नहीं पता है। शब्दकोश में दोनों के अलग-अलग मायने होते हैं। उन्होंने आरोपी लगाया कि आरजेडी नीतीश कुमार को नीचा दिखाना चाहती है। जेडीयू नेता ने कहा कि यह तीन वीडियो आज हम जारी कर रहे हैं जो हमारे कार्यकताओं के मनोबल को ताकत देगा। अशोक चौधरी ने



कहा कि आरजेडी का काम झूठी बात का प्रचार करना है। राजद के वीडियो के जवाब में मैं भी लालू यादव का पुराना वीडियो दिखाना चाहता हूं। इस वीडियो में लालू प्रसाद यादव ने खुद कहा है कि मुझे मुख्यमंत्री बनाने में नीतीश जी की क्या भूमिका है। वीडियो में लालू प्रसाद यह कह रहे हैं कि सबसे पहले नीतीश कुमार को हमने फोन किया था। एक अन्य वीडियो में तेजस्वी यादव नीतीश कुमार को युवाओं को नौकरी देने का क्रेडिट दिया है।

अशोक चौधरी ने कहा कि तीसरे वीडियो में खुद लालू प्रसाद यादव कह रहे हैं कि सबसे पहले हमने नीतीश को फोन किया। नीतीश कुमार हमारे पास नहीं आए बल्कि हमने पहले नीतीश जी को फोन किया। यह 2015 के पहले की बात है। जोकि सच है। चौधरी ने कहा कि हम लोग किसी वीडियो गेम के फेर में नहीं रहते हैं। हमारे नेता हमेशा बिहार की जनता के विकास के लिए तत्पर और उनके लिए चिंतित रहते हैं। बता दें कि शुक्रवार को आरजेडी प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि नीतीश कुमार राबड़ी देवी के सामने गिड़गिड़ा रहे थे।

# सीतामढ़ी: आग बुझाने वाले पति की पत्नी ही बीच सड़क पर लुट गई

## बिहार में ये क्या हो रहा है?

संवाददाता।

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में हाईवे पर इन दिनों फिर लुटेरे काफी सक्रिय हो गए हैं। किसी गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के बाद कुछ माह तक हाईवे पर राहगीरों से लूटपाट रूक जाती है। हालांकि बाद में फिर दूसरा गैंग सक्रिय हो जाता है। ये लुटेरे अक्सर किसी न किसी को अपना शिकार बनाते रहते हैं। इन पीड़ितों में अधिकांश पुलिस के रवैए को भांपकर कोई शिकायत भी नहीं करते है। हाईवे लुटेरों ने इस बार फायर बिग्रेड के कर्मी की पत्नी शिकार बनाया है। उससे चेन छीनकर फरार हो गए।

महिला से लूट की यह घटना डुमरा थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय, सिमरा के समीप दिनदहाड़े हुई है। जहां पर घटना घटी है, वह पहले हाईवे था। पीड़िता के पति फायर बिग्रेड कर्मी पंजाबी सिंह हैं। पीड़ित महिला का नाम कुंदन देवी है। मूल रूप से कुंदन देवी लखीसराय जिले के बड़हिया थाना के शहजादपुर गांव की हैं। सोने की चेन लूट लेने के संबंध में डुमरा थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें अज्ञात बदमाशों को आरोपी बनाया गया है। महिला ने बताया है कि उनके पति फायर बिग्रेड में तैनात हैं। वह सिमरा पुलिस केंद्र में




पति के साथ रहती है। वह सिमरा बाजार से सब्जी खरीद कर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक सवार तीन में से एक अपराधी ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली। फिर तीनों फरार हो गए। गौरतलब है कि हाल के महीनों में जिला पुलिस ने हाईवे लुटेरा गैंग के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया था। इनमें चार सहोदर भाई भी थे, जो मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले थे। इस शातिर गिरोह ने लगातार वारदात को अंजाम देकर पुलिस की नाक में दम कर दिया था। ताबड़तोड़ लूट और हत्या की घटनाओं को वारदात देकर गिरोह के सदस्य अंडरग्राउंड हो जाते थे।

लुटेरे गिरोह के सदस्यों को पकड़ने के लिए एसपी मनोज कुमार तिवारी ने सदर डीएसपी राम कृष्णा के नेतृत्व में तेज तर्रार पुलिस अफसरों की टीम गठित की थी। इस टीम ने तकनीकी साधनों समेत अन्य आधार पर गिरोह का भंडाफोड़ किया था। गिरफ्तार बदमाशों में मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाने के शेख रियाज उर्फ रेहान उर्फ गुड्डू, शेख इरफान उर्फ रेहान का भाई, शेख सद्दाम, शेख रिजवान, सीतामढ़ी नगर थाना क्षेत्र के भूपभैरो गांव के रत्नेश कुमार, बरियारपुर गांव के सुनील कुमार और भरत राय शामिल थे।

इससे पहले जिला पुलिस ने लूट की घटनाओं पर विराम लगाने के लिए एक विशेष टीम गठित की थी। इस टीम ने चेन स्नैचिंग और लूट की घटनाएं कर भूमिगत हो जाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को दबोचा था। इनमें मुजफ्फरपुर जिला के कटरा गांव के रामनरेश सिंह का पुत्र मुन्ना कुमार सिंह, मेहसौल ओपी क्षेत्र का कन्हैया कुमार यादव, रौशन राय और शिवहर जिला के धनकौल का दिलीप राय शामिल था। अपराधियों के ठिकाने से 4 देशी पिस्तौल, 20 जिंदा कारतूस, 6 मोबाइल, 2 साइकिल, 7 मास्क, गाड़ी का नंबर खोलने वाला रिंच समेत अन्य सामान बरामद हुए थे। एसपी ने बताया था कि गिरोह का सरगना मुन्ना कुख्यात अपराधी रहा है। वह अपना नाम बदलकर पिछले 6 माह से बसवरिया में रह रहा था। यहीं से वो साथियों के साथ अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था। इस कुख्यात के पास से एक ही नंबर के दो आधार कार्ड अलग-अलग नाम से बरामद किए गए थे।

# गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाला है एक्सप्रेसवे

संवाददाता।

**पटना।** गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक बनने वाला एक्सप्रेसवे ज्यादातर बिहार से होकर गुजरेगा। इस प्रोजेक्ट पर 25 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे और यह 2028 तक पूरा होगा। एक्सप्रेसवे बिहार के 8 जिलों के 305 गांवों से होकर गुजरेगा, जिससे यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह एक्सप्रेसवे 550 किलोमीटर लंबा होगा, जिसमें से 416 किलोमीटर बिहार में होगा। इसके लिए बिहार में 2755 हेक्टेयर निजी और 168 हेक्टेयर सरकारी जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जमीन अधिग्रहण का काम अगले एक महीने में शुरू हो जाएगा।

एक्सप्रेसवे के लिए जरूरी जमीन अधिग्रहण पर 7 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे। बाकी पैसा निर्माण कार्य में लगेगा। इस प्रोजेक्ट में गंडक नदी पर दो बड़े पुल भी बनाए जाएंगे, जिसमें से एक पुल लगभग 10 किलोमीटर लंबा होगा।



- ज्यादातर बिहार से होकर गुजरेगा
- बिहार के 8 जिलों में जल्द होगा जमीन का अधिग्रहण
- इन गांव में तो प्लॉट के दाम आसमान पर जानेवाले!

कुल मिलाकर ये एक्सप्रेस वे बिहार के लिए कई बड़े तोहफे लेकर आ रहा है।

जिन गांवों से ये एक्सप्रेसवे गुजरेगा, उसके साथ के प्लॉट की कीमत बढ़ जाएगी। वहां ग्रामीण लोगों को बाजार विकसित करने का भी मौका मिल सकता है। यह एक्सप्रेसवे पश्चिम चंपारण के 15, पूर्वी चंपारण के 69, शिवहर के 7, सीतामढ़ी के 33, मधुबनी के 66 और सुपौल के 43, अररिया के 47 और किशनगंज के 25 गांवों से होकर गुजरेगा। यह गोरखपुर से शुरू होगा और पश्चिम चंपारण के नौतन में बिहार में प्रवेश करेगा। इस एक्सप्रेसवे पर 25 जगहों पर इंटरचेंज बनाए जाएंगे, जहां से स्टेट हाइवे, नेशनल हाइवे और दूसरी मुख्य सड़कों को जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

# बरहट: आंजन नदी में डूबने से मासूम की मौत

## स्वजन में पसरा मातम



संवाददाता।

**जमुई।** जमुई जिले के बरहट प्रखंड क्षेत्र के नासरीचक आंजन नदी में नहाने के दौरान एक बच्चा डूब गया। उंसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से स्वजन द्वारा डूबते हुए बच्चे को निकाला गया और आनन- फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां जांच के बाद डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बरहट प्रखंड क्षेत्र के जावातरी गांव निवासी प्रकाश पासवान के 09 वर्षीय पुत्र रिशु कुमार के रूप में हुई है। स्वजन ने बताया कि कर्मा पर्व को लेकर महिलाएं नहाने के लिए नासरीचक आंजन नदी घाट पर गई थी। महिलाओं को जाता देख रिशु कुमार भी साथ चला गया। सभी लोगों के साथ रिशु भी नहाने लगा। इस दौरान रिशु नदी के गहराई में चला गया और डूब गया। नदी में पानी का बहाव ज्यादा होने की वजह से सभी लोग देखते रह गए। उंसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से स्वजन द्वारा रिशु कुमार को निकाला गया लेकिन अस्पताल लाने के बाद डाक्टर ने रिशु को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कराने के लिए घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। मृतक तीन भाइयों में मंझला भाई था। घटना के बाद पूरे परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# आभार यात्रा बनाम विकास यात्रा

## श्रेय की जंग तेज, बिहार में तेजस्वी के प्लान को पंक्चर करने में लगी बीजेपी

दीपक कुमार तिवारी।

**पटना।** राज्य में भले आभार यात्रा के दौरान एनडीए सरकार की कमियां गिना रहे हों पर भाजपा इनके लिए प्लान मोदी की रूप रेखा तैयार कर ली है। प्लान मोदी की इस कड़ी में प्रदेश भाजपा ने बड़े सलीके से केंद्र सरकार की योजनाओं को बिहार की जनता के सामने रख कर तेजस्वी यादव की ओर से फैलाए हर भ्रम का इलाज करने में जुट गई है। डैमेज कंट्रोल का यह बीड़ा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने उठाया है।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आभार यात्रा में बार बार डबल इंजन की सरकार का हवाला देते यह बताने में लगे हैं कि बिहार को



क्या नहीं मिला। बिहार में विधान सभा चुनाव भले 2025 के अक्टूबर नवंबर में शेड्यूल है। पर राजनीतिक दलों ने श्रेय लेने की जो होड़ मची हुई है वह यह इशारा कर रहा है कि चुनाव कभी भी हो सकता है।

हालांकि श्रेय लेने का खेल राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ही शुरू कर दिया था। जितनी भी अधूरी योजनाओं बची थी सभी को चुनाव पूर्व करने के टारगेट के साथ अधिकारियों से कही सख्ती तो कही प्यार से पेश आते थे।

लगभग दो माह से नीतीश कुमार का यह जुमला ही हो गया कि जहां भी जा रहे हैं अधिकारियों को यही कह रहे हैं कि चुनाव से पहले पूरा करें।

इस कड़ी में भाजपा की तरफ से श्रेय लेने की होड़ की शुरूआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ मंत्री जेपी नड्डा ने कर दी थी। पिछले दिनों बिहार आ कर एक साथ कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन के कार्यक्रम में शामिल हो कर यह बताया कि केंद्र को राज्य की जनता के स्वास्थ की कितनी चिंता है।

# चंपारण: मीटिंग में भाग लेने गए पैक्स अध्यक्ष को पुलिस ने धान गबन के मामले में किया गिरफ्तार

संवाददाता।

**मोतिहारी।** जिले के चकिया स्थित अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम की आहुत बैठक में भाग लेने गए कल्याणपुर सिसवा पटना के पैक्स अध्यक्ष को गबन के मामले में पुलिस ने वहीं से गिरफ्तार कर लिया। पैक्स अध्यक्ष पर धान खरीद में 61 लाख रुपये के गबन की प्राथमिकी थी। दरअसल, चकिया अनुमंडलाधिकारी शिवानी शुभम ने शनिवार को अनुमंडल के सभी पैक्स अध्यक्षों को मीटिंग में बुलाया था।

इधर, पैक्स अध्यक्ष की गिरफ्तारी पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।जानकारी के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2023-024 में उक्त पैक्स अध्यक्ष द्वारा धान की खरीद के लिए सरकारी धन आवंटित किया गया था। धान खरीद के समतुल्य सीएमआर में गबन किया गया है। इस गबन की जानकारी पैक्स गोदाम के जांच के दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी को हुई थी और इनके प्रतिवेदन के



आधार पर एसडीएम के निर्देश पर प्राथमिकी है। पैक्स अध्यक्ष चन्दन सिंह और समिति के अन्य सदस्यों पर धान के गबन का आरोप है और इसमें वह फरार थे।

इधर, जिले में इस वर्ष हुई धान खरीद में कई पंचायतों के सहकारी समितियों पर धान खरीद मामले में गबन की प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। साथ ही पुलिस मामले में कई लोगों को जेल भी भेज चुकी है। धान खरीद में भारी अनियमितता की बात सामने आई है। इस पर सभी एसडीएम की सख्ती बनी हुई है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारियों से इसकी जांच में रोज खुलासे हो रहे हैं।

# पूर्वी चंपारण टू सीतामढ़ी लव स्टोरी!

## जमीन नापने वाली मैडम से प्यार, लड़की का इनकार और लड़के का वीडियो प्लान

संवाददाता।

**सीतामढ़ी।** प्यार और मुहब्बत! यह एक ऐसा रोग है, जो किसी को लग गया तो जल्दी खत्म नहीं होता है। इस रोग में व्यक्ति वह किसी भी हद तक चला जाता है। न तो उसे भूख-प्यास की चिंता रहती है और जान की ही। यानी इस प्यार वाले रोग से पीड़ित युवक हो या युवती को प्यार को पाने के सिवा कुछ नहीं सूझता है। प्यार में दीवाने/दीवानी युवक और युवती की एक पर एक किस्से सुनने को मिलते रहे हैं। सीतामढ़ी में भी एक मामला उजागर हुआ है। दरअसल, युवक और युवती पूर्वी चंपारण के निवासी हैं, पर प्यार से जुड़ी घटनाएं सीतामढ़ी की है। यह मामला एकतरफा प्यार का है।

सरकारी महिला कर्मचारी (अमीन) युवक से परेशान है। वह उससे लगातार छेड़खानी कर रहा है। महिला कर्मचारी का जीना मुहाल कर दिया है। यानी महिला का दिन का चैन और रात की नींद छीन लिया है। इस सनकी युवक से परेशान महिला अमीन काफी सहन के बाद जब सिर से ऊपर पानी चला



गया, तो पुलिस की शरण में पहुंची है और युवक की सारी करतूतों की जानकारी दी है। यानी उसने सनकी युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी है।

गौरतलब है कि सीतामढ़ी जिले में फिलहाल भूमि के विशेष सर्वे का काम चल रहा है। इस काम में महिला बतौर अमीन बहाल है। वह मूल रूप से पूर्वी चंपारण जिले की निवासी है। फिलहाल सीतामढ़ी के डुमरा स्थित नेहरू भवन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। वह डुमरा के ही एक मोहल्ले में किराए के मकान में रहती है। बताया गया है कि महिला अमीन बेतिया के जिस कॉलेज से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है, उसी कॉलेज से सनकी युवक भी पढ़ाई की थी। एकतरफा प्यार में पागल नितेश कुमार नामक युवक पूर्वी चंपारण जिले के गम्हरिया गांव का निवासी है।

प्राथमिकी के अनुसार, नितेश कुमार सीतामढ़ी पहुंच कर महिला अमीन को परेशान कर रहा है। इतना ही नहीं, उसे युवक द्वारा धमकी भी दी जा रही है। सनकी युवक महिला अमीन पर शादी करने के लिए दबाव बना रहा है, अन्यथा वीडियो बनाकर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। यह सनकी महिला अमीन के साथ प्रशिक्षण ले रहे उसके सहपाठियों को भी कॉल कर अमीन की शिकायत कर रहा है।

# राहुल गांधी के आरक्षण विरोधी बयान के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन



सुषमा

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर शहर के डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर चौक पर शिवसेना ने राहुल गांधी के उस बयान का जमकर विरोध प्रदर्शन किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें विदेश जाकर भविष्य में देश में आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचना होगा। इस मौके पर शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे ने बोलते हुए कहा कि डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को कोई नहीं मिटा पायेगा। यदि कोई संविधान के संबंध में ऐसा अनाप शनाप बयान देता है तो उसके खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा। शिवसेना शिंदे गुट द्वारा आयोजित इस आंदोलन में पालघर जिला प्रमुख कुन्दन संखे के साथ उपनेता ज्योति मेहेर, जिला संघटिका वैदेही वाढाण, तहसील प्रमुख संजय चौधरी, युवासेना जिला अध्यक्ष साईराज पाटील, कुणाल पाटील, पालघर शहर प्रमुख राहुल घरत, शहर संघटिका सविता मल्ला सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिकों ने हिस्सा लिया।

# मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

संवाददाता।

**गया।** आईआईएम बोधगया द्वारा बिहार कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान बामेटी के सहयोग से बामेटी अधिकारियों के लिए नेतृत्व और सामान्य प्रबंधन पर छह दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम एमडीपी का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों को उन्नत नेतृत्व और प्रभावी प्रबंधन कौशल से लैस करना था।एमडीपी के प्रतिभागी बिहार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न पदनामों और कार्यात्मक क्षेत्रों से रहे हैं। 30 प्रतिभागियों में, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर्स और सब-डिविशनल एग्रीकल्चर ऑफिसर्स के अलावा उनमें से बहुमत पौध संरक्षण, बागवानी, फसल, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, पार्क एवं मृदा परीक्षण और संरक्षण जैसे




विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में नामित असिस्टेंट डायरेक्टर शामिल रहे हैं। अधिकांश प्रतिभागियों ने पटना क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया, इसके अलावा प्रतिभागियों के अन्य क्षेत्रीय वितरण अलग-अलग थे, जिनमें बेगुसराय, जमुई, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद, विशाली और नवादा सम्मिलित रहे हैं।प्रतिभागियों ने संगठनात्मक व्यवहार, विपणन, परियोजना प्रबंधन और वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, आउट बाउंड यात्रा के हिस्से के रूप में, प्रतिभागियों को महाबोधि मंदिर, बोधगया ले जाया गया।बामेटी समावेशी संरचना और संचालन वाला एक राज्य स्तरीय स्वायत्त संस्थान है, जो विभिन्न विभागों के साथ-साथ कृषक समुदाय के परियोजना कार्यान्वयन अधिकारियों के लिए आवश्यकता-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए जिम्मेदार है। बामेटी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु राज्य के भीतर तकनीकी और प्रबंधन संस्थानों के साथ सहयोग करता है एवं आवश्यक ट्रेनिंग इनपुट प्रदान करता है।

यह संस्थान राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के तकनीकी मार्गदर्शन में संचालित होता है।आईआईएम बोधगया और बामेटी के बीच सहयोग नेतृत्व और प्रबंधन क्षमता विकसित करने की संस्थान की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। संस्थान बिहार सरकार के विभिन्न विभागों जैसे जल संसाधन विभाग, राज्य स्वास्थ्य सोसायटी, बिहार पुलिस अकादमी, बिपार्ड और उद्योग विभाग सहित अन्य को भी नेतृत्व और प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान करता है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किया प्रक्षेत्र भ्रमण



संवाददाता।

पूसा(समस्तीपुर)। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान(आईएआरआई) क्षेत्रीय केंद्र, पूसा के वैज्ञानिकों का दल प्रखण्ड के दक्षिणी हरपुर पंचायत में धान के खेत में प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया। अनुसूचित जाति उप-परियोजना के तहत रोपाई किया गया धान की फसलों का किसानों के खेत में पहुंचकर जायजा लिया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष डा के. के. सिंह ने की। वैज्ञानिक डॉ. मो. हसनैन ने किसानों को धान के प्रभेद पीएनआर- 381 को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की तकनीकों से अवगत कराया। तकनीकी अधिकारी मीरा पांडेय ने जलवायु परिवर्तन की दौर में धान पर लगने वाले कीट व्याधियों के रोकथाम पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर किसान गीता देवी, संजू देवी, सुमित्रा देवी, स्थानीय मुखिया विजय साह, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू कुमार, पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी रौशन कुमार, राजेश ठाकुर, कपिल कुमार, हिमांशु कुमार आदि मौजूद थे।



चरण सिंह

विचार

# हरियाणा नहीं दिल्ली विधानसभा चुनाव में केजरीवाल की दिलचस्पी

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल जमानत का फायदा हरियाणा विधानसभा में चाहते हैं या फिर दिल्ली के। यह प्रश्न अब लोगों के मन में कौंधने लगा है। इसकी वजह यह है कि अरविंद केजरीवाल ने दो दिन बाद इस्तीफा देने का ऐलान जो कर दिया है। केजरीवाल नवम्बर में दिल्ली विधान सभा चुनाव चाहते हैं और अभी सरकार के छह महीने बचे हैं।

केजरीवाल के इस्तीफे के ऐलान के बाद यह माना जा रहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली के चुनाव में जुट गए हैं। दो दिन बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के ऐलान से यह माना जा रहा है कि उनकी दिलचस्पी हरियाणा विधानसभा चुनाव में कम और दिल्ली के विधानसभा चुनाव में ज्यादा है। केजरीवाल ने बाकायदा चुनाव आयोग से नवंबर में चुनाव कराने की मांग भी कर दी है।

दरअसल केजरीवाल ने अपने स्टाइल में जनता से पूछा है कि क्या मैं ईमानदार नहीं हूं। उन्होंने कहा है कि अब तो जनता ही तय करेगी कि वह ईमानदार हैं या फिर बेईमान। अब वह चुनाव के बाद ही मुख्यमंत्री पद की कुर्सी पर बैठेंगे। अरविंद केजरीवाल के इस ऐलान को बीजेपी ने चुनावी स्टंट बताया है।

ऐसे में प्रश्न उठता है कि यदि केजरीवाल इस्तीफा दे देंगे तो फिर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कौन बैठेगा?

क्या अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री की कुर्सी ऐसे ही छोड़ना चाहते हैं। यदि केजरीवाल इस्तीफा देते हैं और किसी को मुख्यमंत्री नहीं बनाते हैं तो दिल्ली में राष्ट्रपति शासन की संभावना बढ़ जाएगी।

तो क्या केजरीवाल राष्ट्रपति शासन में चुनाव कराना चाहते हैं। ऐसे में प्रश्न यह भी उठता है कि क्या केजरीवाल के कहने पर चुनाव आयोग नवंबर में चुनाव करा देगा ? हर राजनीति का जानकर व्यक्ति यही कहेगा कि मतलब ही नहीं होता कि बीजेपी नवंबर में चुनाव होने दे।

दरअसल बीजेपी का प्रयास होगा कि किसी तरह से केजरीवाल की छवि इतनी खराब कर दी जाए कि आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव हार जाए। केजरीवाल यह चाहेंगे कि वह ऐसा माहौल बना दें कि उनके फंसाने में बीजेपी का हाथ लगे।

दरअसल कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद थे। जमानत पर बाहर आए हैं। डिप्टी सीएम रहे मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह भी जमानत पर हैं।

आज की तारीख में अन्ना आंदोलन से निकली आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार का आरोप लग रहा है। जो पार्टी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बनी उसी पार्टी पर जमकर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं।।आरोप भी ऐसे कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और सांसद तक को जेल की हवा खानी पड़ी।

ऐसे में अरविंद केजरीवाल का प्रयास है कि ऐसा माहौल बना दिया जाए कि लोगों को यह लगे कि बीजेपी उन लोगों को जेल भेजकर दिल्ली के गरीबों को सुविधा नहीं लेने देती।

दरअसल दिल्ली में एलजी वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच जो वर्चस्व की लड़ाई लड़ी जा रही है। इस लड़ाई में केंद्र सरकार पूरी तरह से एलजी वीके सक्सेना के साथ है।

पिछले दिनों जब सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसफर और पोस्टिंग की पॉवर अरविंद केजरीवाल को दे दी थी तो केंद्र सरकार ने कानून बनाकर फिर से वह पॉवर एलजी वीके सक्सेना को दे दी। तभी से एलजी और मुख्यमंत्री के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही हैं और दिल्ली की जनता पिस रही है।

अब देखना यह होगा कि केजरीवाल का दो दिन बाद इस्तीफा देने का ऐलान क्या गुल खिलाता है।

# राहुल से नफरत की पराकाष्ठा?

-तनवीर जाफरी-

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था रखने वाले किसी भी देश में सत्ता और विपक्ष दोनों ही एक गाड़ी के दो पहियों के समान माने जाते हैं। सत्ता का काम जहां देश के लिये नीतियां व योजनाएं बनाना होता है वहीँ विपक्ष का काम सत्ता की कारगुजारियों पर निगरानी रखना होता है। विपक्ष जरूरत पड़ने पर समय समय पर सत्ता की आलोचना भी करता रहता है। और सत्ता उन स्वस्थ आलोचनाओं का स्वागत करते हुये विपक्ष की आलोचना के अनुरूप अपनी नीतियों, व योजनाओं में परिवर्तन व संशोधन करने का भी प्रयास करती है। एक स्वस्थ लोकतांत्रिक देश में सत्ता और विपक्ष के रिश्ते प्रायः मधुर व सौहार्दपूर्ण ही रहते हैं। हमारे देश में भी पंडित जवाहर लाल नेहरू व डॉ राम मनोहर लोहिया तथा राजीव गाँधी, सोनिया गांधी व अटल बिहारी वाजपेई जैसे अनेक शीर्ष नेताओं के ऐसे कई किस्से बड़े मशहूर हैं जो पक्ष विपक्ष के सौहार्द्रपूर्ण रिश्तों की गवाही देते हैं।

परन्तु वर्तमान दौर की राजनीति में तो गोया सत्ता द्वारा विपक्ष से दुश्मन की तरह व्यवहार किया जाने लगा है। साम दाम दंड भेद, छल कपट, झूठ, मक्कारी, सत्ता बल धनबल, बाहुबल, सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर, विधायकों की खरीद फरोख़्त कर निर्वाचित सरकार गिराकर, मीडिया को गुलाम बनाकर गोया किसी भी तरह से यह कोशिश की जाने लगी है कि विपक्ष का नाम ओ निशान खत्म कर दिया जाये और सत्ता पर हमेशा के लिये कब्जा जमाये रखा जाये। सत्ता के इस 'लोकतंत्र विरोधी' कहे जाने वाले दुष्प्रयास का सबसे बड़ा निशाना लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गाँधी हैं। पिछली लोकसभा में यह देखा गया कि किस तरह एक अदालती फैसले की आड़ लेकर आनन फानन में उनकी लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गयी और सदस्यता समाप्त करने के साथ ही सांसद के रूप में आवंटित किया गया उनका बंगला भी खाली करवा लिया गया। देश ने यह भी देखा कि किस तरह राहुल गांधी व उनकी मां सोनिया गाँधी को कई दिनों तक बार बार प्रवर्तन निदेशालय (ई डी) द्वारा अपने कार्यालय में बुलाकर उनका मनोबल गिराने की कोशिश की गयी। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस का बैंक खाता फ़्रीज कर दिया। गया। पिछले दस वर्षों से राहुल गाँधी को 'पप्पू' साबित करने के लिये करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाये गये। मीडिया का सहारा लेकर राहुल को कटघरे में खड़ा करने की कोशिशें की गयीं। हद तो यह है कि संसद में स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा राहुल गांधी को 'बाल बुद्धि' वाला कहकर सम्बोधित किया गया? समुदाय विशेष को 'जूते मारो सालों को' जैसा उत्तेजनात्मक नारा देना वाला एक परिवारवादी राजनीति का प्रतीक भाजपा नेता संसद में राहुल की जाति पर सवाल खड़ा करते दिखाई दिया। और अब एक बार फिर राहुल की अमेरिका यात्रा में दिए गये उनके कुछ बयानों को लेकर उनको 'देशद्रोही' तक साबित करने की कोशिश की जा रही है। एक ऐसा केंद्रीय मंत्री जिसे जनता स्वयं एक 'मसखरे' के रूप में जानती है वह पूरे देश में राहुल गाँधी के विरुद्ध 'जूते मारो अभियान' शुरू करने की बात कह रहा है। भाजपा के कई शीर्ष नेता न केवल राहुल गांधी को देशद्रोही बताने में लग गए हैं बल्कि दिल्ली के एक बीजेपी नेता व पूर्व विधायक ने तो सार्वजनिक रूप से यह तक कह दिया है कि राहुल गांधी बाज आ जा, नहीं तो आने वाले टाइम में तेरा भी वही हाल होगा जो तेरी दादी का हुआ! यानी सरे आम राहुल को हत्या की धमकी दी जाने लगी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)



-डॉ. सत्यवान सौरभ

किसके हाथ आएगी इस बार हरियाणा की सत्ता ? विधानसभा चुनाव की को लेकर पारा हाई। बीजेपी बेहतर आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। इसके अलावा भाजपा जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भी कोशिश में लगी है। साथ ही भाजपा के बड़े नेता चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के मुद्दों पर पार्टी की स्थिति को साफ कर सकते हैं, ताकि आंदोलन के कारण पैदा हुए असंतोष को कम किया जा सके।

# क्या बीजेपी को हरियाणा में फिर से मिलेगी सत्ता?

पिछले 10 साल से प्रदेश की सत्ता चला रही भाजपा तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में इस बार सत्ता की लड़ाई बेहद दिलचस्प हो गई है। क्या पिछले 10 सालों से सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को इस बार भी सत्ता नसीब होगी। बीजेपी के चुनावी अभियान का प्रमुख चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। उन्हें राज्य के मतदाताओं को लुभाना है। मोदी अपने चुनावी अभियानों में भ्रष्टाचार, विकास कार्यों, और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को जोर-शोर से उठाते हैं। क्या हरियाणा में भी इसी रणनीति के तहत, पार्टी प्रधानमंत्री के जरिए भ्रष्टाचार और विकास को मुद्दा बनाएगी। बीजेपी के नेता भी अपने चुनावी प्रचार में भ्रष्टाचार विरोधी मुद्दों को लगातार उठा रहे हैं। पार्टी मोदी की लोकप्रियता पर भरोसा कर रही है। इसलिए राज्य में पार्टी बिना किसी सीएम फेस के उतर रही है। बीजेपी बेहतर आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जोर दे रही है। इसके अलावा भाजपा जातीय समीकरणों को ध्यान में रखते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की भी कोशिश में लगी है। साथ ही भाजपा के बड़े नेता चुनाव प्रचार के दौरान किसानों के मुद्दों पर पार्टी की स्थिति को साफ कर सकते हैं, ताकि आंदोलन के कारण पैदा हुए असंतोष को कम किया जा सके।

सरकार और किसानों के बीच टकराव ने बीजेपी की छवि को नुकसान पहुंचाया। इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी के वोट बैंक पर पड़ सकता है, क्योंकि कृषि राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। चुनाव में बीजेपी को इस असंतोष से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति बनानी होगी, ताकि वह किसान समुदाय का विश्वास फिर से जीत सके। इसके साथ ही खिलाड़ियों के विरोध प्रदर्शन का बीजेपी के चुनावी अभियान पर गहरा असर पड़ सकता है, खासतौर पर हरियाणा जैसे राज्य में, जहां खेल और खिलाड़ी राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महिला पहलवानों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों, जो यौन उत्पीड़न के आरोपों और न्याय की मांग पर केंद्रित थे, राज्य में बीजेपी की छवि को झटका दिया है। बीजेपी को इन विरोधों से हुए नुकसान से निपटने के लिए संवेदनशीलता के साथ ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि वह खेल जगत के समर्थन को खोए बिना अपने चुनावी अभियान बिना अपने चुनावी अभियान को सफल बना सके।

विपक्षी पार्टियां बीजेपी के खिलाफ अपने-अपने तरीके से गठजोड़ बनाने की कोशिश कर रही हैं। यदि इन विपक्षी दलों के एकजुट होने का असर जमीन पर दिखता है तो बीजेपी के लिए चुनावी जीत की राह और कठिन हो सकती है। विपक्ष खासतौर पर, एक समुदाय वोट बैंक पर फोकस कर रही है, और उसने राज्य के भीतर जातिगत समीकरणों को साधने की रणनीति तैयार की है। हरियाणा की राजनीति में जातीय समीकरण का बड़ा महत्व है। एक समुदाय, जो राज्य की राजनीति में एक प्रमुख भूमिका निभाता है, उसका एक बड़ा हिस्सा बीजेपी से नाराज चल रहा है। पार्टी को अन्य मतदाताओं पर ज्यादा निर्भर रहना पड़ रहा है। वहीं, अन्य समुदायों के साथ गठजोड़ बनाना भी पार्टी के लिए एक बड़ी चुनौती है। बीजेपी के सामने इस बार जातीय संतुलन साधने और सभी वर्गों को साथ लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। बीजेपी को अपने दम पर अन्य ग्रामीण वोटों को आकर्षित करना होगा, जो आसान नहीं होगा। इनका अलग होना बीजेपी के लिए एक और मुश्किल खड़ी कर सकता है। 10 साल की सत्ता के बाद बीजेपी के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का बड़ा खतरा है। सत्ता में रहते हुए किसी भी पार्टी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ता है और बीजेपी इससे अछूती नहीं है। विकास कार्यों के बावजूद, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के आरोप जैसे मुद्दे विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे हैं, जिससे जिससे मतदाताओं का असंतोष बढ़ सकता है।

खासकर, लोकसभा चुनावों में बीजेपी को हरियाणा की 10 में से सिर्फ 5 सीटें मिली थीं, जो पार्टी के लिए चेतावनी संकेत हैं। चुनाव के इतनी नजदीक मनोहर लाल खट्टर की जगह नए चेहरे नायब सिंह सैनी को सत्ता सौंपी गई। लेकिन क्या यह फैसला पार्टी के भीतर और जनता के बीच भी सत्ता के प्रति असंतोष को कम करने में मददगार साबित होगा, क्योंकि चुनाव के इतने करीब मुख्यमंत्री बदलने के फैसले का असर पार्टी के चुनाव परिणाम पर पड़ सकता है। विधानसभा चुनावों में, स्थानीय मुद्दों और जातीय समीकरणों का अधिक प्रभाव होता है, और यही कारण है कि बीजेपी को इस बार राज्य में अधिक मेहनत करनी पड़ रही है। हरियाणा में 2014 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की थी, जब उसने 47 सीटें जीतीं और स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाई। 2019 के विधानसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन उतना प्रभावशाली नहीं रहा, और उसे सिर्फ 40 सीटें मिलीं, जो बहुमत से कम थीं। इसके बाद जेजेपी के साथ गठबंधन कर सरकार बनाई गई। इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी का विधानसभा चुनाव में प्रदर्शन कैसा रहता है। हरियाणा में बीजेपी का पूरा फोकस प्रधानमंत्री मोदी के प्रचार पर है, और पार्टी को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में पार्टी यहां लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर सकेगी। पार्टी अपने चुनाव प्रचार में जातीय समीकरणों को साधने, कांग्रेस के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाने, और विकास कार्यों का हवाला देकर वोटरो को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश करेगी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी समुदायों नेतृत्व पर जोर दिया है, जबकि विपक्ष ने विशेष जाति कार्ड का खुलकर उपयोग किया है। भाजपा ने विभिन्न जातियों को टिकट देने की कोशिश की है। हरियाणा में भाजपा ने दस साल की सत्ता के साथ विधानसभा चुनावों में सत्ता विरोधी माहौल की काट के लिए इस बार सामाजिक समीकरणों का गणित तो बिठाया है, लेकिन इसकी केमिस्ट्री किस करवट बैठेगी इसे लेकर असमंजस कायम है। 2024 के लोकसभा चुनावों के मतदान के आंकड़ों के मुताबिक, विधानसभा चुनाव पर अनुमान लगाया गया है कि राज्य में त्रिशंकु सदन की भी स्थिति बन सकती है। लेकिन, अगर विपक्षी पार्टियां एक साथ आ जाती हैं तो वह बढ़त हासिल कर सकती हैं। वहीं अब विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर बात की जाए तो हर एक लोकसभा में कई सारी विधानसभा सीटें होती हैं। बीजेपी ने हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से 46 पर सबसे ज्यादा वोट हासिल किए। हालांकि, एंटी इनकम्बेंसी, किसान आंदोलन, और जेजेपी से गठबंधन का टूटना बीजेपी के सामने बड़ी चुनौती है। विपक्षी दलों की एकजुटता और जातीय समीकरणों का का प्रभाव भी चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकता है। अब देखना यह होगा कि क्या बीजेपी हरियाणा की सत्ता में लौट पाती है या नहीं?

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

# सौहार्द हेतु बंद करना होगी घातक प्रतिस्पर्धा

साम्प्रदायिकता की खाई को पाटने की कोशिशों के स्थान पर उसे गहरा करने में जुटे मानवता के दुश्मनों ने देश-दुनिया को विस्फोटक स्थिति पर पहुंचा दिया है। 'विश्व बंधुत्व' से लेकर 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के सिध्दान्तों ने अपने अस्तित्व की लडाई को हारने की दिशा में बढ?ा शुरू कर दिया है। साम्प्रदायिक विरासतों को समाज पर थोपने के प्रयासों का खूनी संघर्ष में परिवर्तित होना, किसी भी दशा में सुखद नहीं कहा जा सकता। जबरन थोपी जाने वाली जीवन शैली को धर्म का नाम नहीं दिया जा सकता। वह तो महज शरीरों को गुलाम बनाने की प्रक्रिया मात्र है जिससे अन्तःकरण का समर्पण कदापि संभव नहीं है। हिंसा की प्रवृत्ति, जुल्म का स्वभाव, स्वामित्व की आकांक्षा, वर्चस्व की अनुभूति जैसे अनगिनत कारकों को पारिवारिक संस्कारों के रूप में प्राप्त करने वाले अपने साम्प्रदायिक शिक्षकों से कट्टरता का पाठ निरंतर पढ रहे हैं। कथित मजहबी मदरसों ने भूभागों पर कब्जों का प्रशिक्षण देकर 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' को किस्तों में कत्ल करने वालों की जमातों ने बेलगाम इजाफा करने का मिशन चला रखा है। कहीं काफिर तो कहीं विधर्मी, कहीं नास्तिक तो कहीं बुतपरस्त बताकर विभेद किये जा रहे हैं। ईश-निंदा का अप्रमाणित आरोप लगाकर दुनिया भर में हत्याओं का मनमाना सिलसिला चल निकला है। धार्मिक संस्थानों, धार्मिक गुरुओं, धार्मिक ठेकेदारों, धार्मिक सेवादारों की कथित पहचान की आड लेकर मजहबी संस्कारों के जबरजस्ती विस्तार हेतु निरीह लोगों पर खुलकर ज्यादतियां शुरू हो चुकीं हैं। चन्द लोगों ने देश, काल और परिस्थितियों के आधार पर अपनाए गये अपने संस्कारों को अब समूची दुनिया पर लादने हेतु आतंक का रास्ता अख्तियार कर लिया है। पूर्व के सुनियोजित षडयंत्रों के सफल होने से उनके हौसलों ने नई उडान भरना शुरू कर दी है। पुराने कबीलों की अभावग्रस्त जीवन शैली के अपरिवर्तनीयस्वरूप ने परम्पराओं को रूढियों में बदला और फिर कट्टरता का लबादा ओढ़ लिया। वहीं दूसरी ओर श्रध्दा के वर्तमान स्वरूप ने साधना, समर्पण और सेवा को हाशिये पर पहुंचाकर आलस्य, प्रमाद और उन्माद को आलिंगनवध्द कर-के शारीरिक मस्ती को स्वीकारने की दिशा में बढना प्रारम्भ कर दिया है। धार्मिक सिध्दान्तों को पहले मनमाने कर्मकाण्ड में लपेटा और फिर उनके वास्तविक स्वरूप को सूक्ष्म से सूक्ष्मतर करते चले गये। इसके व्यवहारिक स्वरूप को समझने हेतु श्रीगणेशोत्सव की बानगी ही पर्याप्त है जहां पर साम्प्रदायिक साधनायें उन्माद बनकर दिखाई देती हैं। दिल पर चोट करने वाले डीजे की धुनों ने गणपति स्थापना पंडाल को हंगामे का धरातल बना दिया। आस्था से जुडी व्यवस्थाओं को प्रतिस्पर्धा, दिखावा और बाह्य आकर्षण के लावण्य में परिवर्तित कर दिया। फिल्मी संगीत को अध्यात्मिक बोलों में पिरोकर प्रस्तुत किया और फिर जमकर शुरू हुआ पाश्चात्य नृत्यों का हंगामा। आराधना में शास्त्रीय विधा की गायकी, मंत्रों के उच्चारण की अनुशासित स्वर लहरी और देव उपासना का क्रम कहीं खो सा गया है। नई पीढी के इस आकर्षण को वास्तविक वैदिक रीतियों की ओर मोडने का उपाय किया जाना चाहिए ताकि 'विश्व कल्याण के सनातनी सूत्र' पुनः जागृत हो सकें। इसी प्रतिस्पर्धा का एक और स्वरूप ईद के जलसे में भी देखने को मिलेगा जहां मुस्लिम सम्प्रदाय ध्वनि प्रदूषण की चरम सीमा पर पहुंचने वाला संगीत बजायेगा, मजहबी ललकारों को खुलेआम फैलायेगा और किसी खास आस्थान के मौलाना के फतवे पर मनमानियों का नया रूप प्रस्तुत करेगा। भीड की आड में हिंसा फैलाने वाले लोगों की चांदी हो जाती है। वे भारतीय संविधान की कानूनी व्यवस्था के लचीलेपन का लाभ उठाकर अपराध करने के बाद भी बच निकलते हैं। इतिहास गवाह है कि जब-जब देश की सत्ता के विरोध में बैठने वालों ने राष्ट्र-विरोधी अभियान चलाया, जहरीले बयानों को उगला और पर्दे के पीछे से विदेशी षडयंत्रकारियों के मंसूबों को समर्थन दिया, तब-तब देश में असुखद वातावरण निर्मित हुआ। अपनी विरासतन संस्कारों में रचे-बसे कांग्रेस के जन्मजात नेता राहुल गांधी ने विदेश में बैठकर आतंक की पाठशाला संचालित करने वाले पाकिस्तान को क्लीन चिट दी, चीन के दुश्मनी भरे मंसूबों को समर्थन दिया और दी खालिस्तान के झंडे को तेजी से फहराने की प्रेरणा। वे भारत विरोधी विदेशी सांसदों के साथ निकटतम संवाद करके, झूठ के सहारे सरकार की कमियां निकाल के और राष्ट्रीय प्रगति को अवरुध्द करने का प्रयास करके आखिर साबित क्या करना चाहते हैं? यह पहेली देशवासियों के सामने निरंतर अनसुलझी ही रहती है। विदेशियों के सामने दुखडा रोने, देश की छवि खराब करने और सत्ता को तानाशाही कहने का परिणाम स्वयं के पैर पर कुल्हाडी मारने से ज्यादा कभी नहीं निकला। ऐसी स्थितियों से देशद्रोहियों के हौसले जरूर बुलंद होते रहे हैं। आज घाटी में पाक परस्त आंतकियों की गतिविधियां तेज हो गईं हैं, अमेरिकी दूतावास ने संदिग्ध लोगों को आमंत्रित कर लिया है, कट्टरता के अनेक संस्थानों ने अपनी चादर के विस्तार की गति बढा दी है, पथराव करने वाली जमातें अब पहाडों से उतरकर मैदानी क्षेत्रों में सक्रिय हो गईं हैं, साम्प्रदायिक उन्माद चरम सीमा की ओर बढने लगा है, चुनावी राज्यों की हवा में विभाजनकारी जहर घुलने लगा है, ऐसे एक नहीं अनेक कारक हैं जो वर्तमान में अपने खतरनाक अस्तित्व की पहचान करा रहे हैं। चन्द लोगों के षडयंत्र, चन्द लोगों की पहल और चन्द लोगों के संरक्षण ने आज देश के सामने शान्ति का वातावरण बचाने की चुनौती प्रस्तुत कर दी है जिसे केवल और केवल आम आवाम की सकारात्मक सोच ही समाप्त कर सकती है। सौहार्य हेतु बंद करना होगी घातक प्रतिस्पर्धा अन्यथा उसका खूनी परिणाम आंसुओं की सौगात दिये बिना नहीं मानेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

-राकेश अचल-

# जाहिद शराब पीने दे मस्जिद में बैठ कर

आज सियासत की नहीं, शराब की बात करते हैं। शराब और सियासत का बड़ा नजदीकी रिश्ता है। शराबबंदी करके कोई नेता बड़ा सुधारवादी बन जाता है और कोई नेता शराब घोटाले में फंसकर जेल की हवा खाता है, लेकिन लोग हैं कि शराब पीने से बाज नहीं आते। आ भी नहीं सकते, क्योंकि शराब चीज ही ऐसी है। शराब पीना अगर पुण्य नहीं है तो पाप भी तो नहीं है। हम तो सनातनी हैं, इसलिए शराब को समुद्र मंथन का उपहार मानते हैं, और चाहते हैं कि शराब हर जगह मिले और हर जगह पी जाये। चचा गालिब ने तभी तो शायद कहा है कि-

जाहिद शराब पीने दे मस्जिद में बैठ कर
या वो जगह बता दे जहाँ पर खुदा न हो

भारत में शराबबंदी कि मांग नयी नहीं है। महात्मा गाँधी के समय से लोग शराबबंदी की मांग करते आ रहे हैं। जहाँ तक मुझे याद आता है कि 1960 में राज्य के गठन के बाद से ही गुजरात में शराबबंदी लागू है. यहां गांधी जी के सिद्धांतों का कड़ाई से पालन किया जाता है. साथ ही कड़े कानून लागू हैं. हालांकि चुनाव के समय चोरी छिपे शराब बिकने की खबरें आती रहती हैं। गुजरात के बाद बिहार में अप्रैल 2016 से राज्य भर में शराबबंदी लागू कर दी थी। बिहार की तत्कालीन सरकार ने अपराधों पर लगाम लगाने के मकसद से शराबबंदी लागू की थी। हालांकि सरकार शराब की तस्करी को रोकने में यह नाकाम रही है। आए दिन पड़ोसी राज्यों से बिहार में शराब आने की खबरें आती रहती हैं. बिहार में शराब की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

कहते हैं कि चर्च, महिला समूहों के नेतृत्व में मिजोरम ने 1997 में शराबबंदी लागू की थी. 2015-2019 के बीच प्रतिबंध हटा लिया गया था. हालांकि, फिर से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है. शराबबंदी को लेकर यहां आज भी पक्ष-विपक्ष में चर्चा होती रहती है। लक्षद्वीप में शराब को लेकर बेहद सख्त कानून हैं. यहां सिर्फ कुछ रिसॉर्ट्स में ही शराब की बिक्री और सेवन सीमित है। लक्षद्वीप पर्यटन स्थल होने के कारण कुछ रिसॉर्ट्स में ही शराब मिलती है। लक्षद्वीप में स्थानीय स्तर पर शराब बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। महाराष्ट्र के भी तमाम शहरों में शराब आसानी से नहीं मिलती।

आजकल शराबबंदी को लेकर बिआहर एक बार फिर से चर्चा में है। केंद्रीय मंत्री जीतनराम माझी ने ही बिहार में शराबबंदी को लेकर सवाल किये खड़े हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का एक बयान वायरल हो रहा है. जिसमें वो दावा कर रहे हैं कि राज्य में शराबबंदी होने के बावजूद भी वो शराब पीते हैं। उन्होंने 4-5 लाख गरीबों के जेल जाने का दावा किया। मांझी ने शराबबंदी की समीक्षा की मांग की। माझी की स्पष्टवादिता के हम तो कायल हैं। उन्होंने कहा है कि -हम शराबबंदी के पक्षधर हैं, लेकिन जिस तरीके से यह कानून लागू है वह गलत है। माझी ने कहा कि शराबबंदी कानून के बारे में हम हमेशा कहते रहे हैं कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है. हम सबने मिलकर शराबबंदी कानून बनाया है. हम इसे बुरा क्यों कहेंगे? लेकिन इसके कामकाज में अनियमितताएं हैं. गरीब लोग भी अगर थोड़ा सा भी शराब पीते हैं तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है, हजारों-लाखों लीटर शराब की तस्करी करने वाले छूट रहा है।

बिहार में शराबबंदी की तीन मरतबा समीक्षा हो चुकी है और सरकार चौथी बार भी शराबबंदी की समीक्षा करने के लिए तैयार है, ये सरकार की दरियादिली है। अब समीक्षा होती है या नहीं, ये बाद कीबात है, लेकिन इसी मुद्दे पर बिआहर में सरकार बनाने का सपना देख रहे प्रशांत किशोर का कहना है कि यदि वे सत्ता में आये तो बिहार में शराबबंदी को तत्काल समाप्त कर देंगे। लगता है कि प्रशांत किशोर गांधीवादी नहीं बल्कि गालिबवादी हैं। अब उनकी इस घोषणा से बिहार के मदिराप्रेमी कितने उत्साहित होंगे, इसका पता तो बिहार विधानसभा चुनाव के समय पता चलेगा। फिलहाल सब कुछ हवा-हवाई है।

अनेक राजनीतिक दलों को चुनाव लड़ा चुके प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि अगर जन सुराज की सरकार बनती है तो वो 1 घंटे के भीतर शराबबंदी खत्म कर देंगे। प्रशांत किशोर ने शराबबंदी कानून को महज एक दिखावा करार दिया। मौजूदा शराबबंदी को अप्रभावी बताते हुए पीके ने कहा कि इस कानून के कारण राज्य के हर कोने में शराब की अवैध होम डिलीवरी हो रही है और बिहार को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। मुझे लगता है कि प्रशांत किशोर सच ही कह रहे हैं। लेकिन सच आजकल सुनता कौन है?

प्रशांत किशोर उर्फ पीके के शराबबंदी खत्म करने वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए जेडीयू ने कहा, ह्लप्रशांत किशोर पटना में बेली रोड पर एक हवेली में रहते हैं। उसके ठीक बगल में जेडी वीमेंस कॉलेज है। उसके आगे वीमेंस कॉलेज है। प्रशांत किशोर में हिम्मत है कि वहां लड़कियों के हुजूम के बीच आकर बोले दें कि हमारी सरकार बनी तो शराबबंदी हटाएंगे? छात्राएं उनका होश ठिकाने लगा देंगी। ह्न

भाजपा प्रवक्ता अरविन्द सिंह ने तंज कसते हुए कहा, ह्यकौन हैं प्रशांत किशोर? नहीं जानते हम लोग। एक प्रशांत किशोर का नाम सुने हैं जिन्होंने ममता बनर्जी, कांग्रेस, आरजेडी को जिताने का टेंडर लिया था। वे राजनीतिक दलों को जिताने-हराने का टेंडर लेते हैं। जिस राजनीतिक दल का जन्म नहीं हुआ है उसके नेता बिहार बदलने की बात कर रहे हैं। यह मुंगेरीलाल के हसीन सपने हैं। ह्न आरजेडी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, ह्यप्रशांत किशोर कह रहे मदिरालय खोलेंगे, लोगों को वह शराब पिलाएगे। वह लोगों को शराबी बनाएंग। आज तक प्रशांत किशोर वार्ड पार्षद तक का चुनाव नहीं लड़े है। वे सरकार बनाने का दिवास्वप्न देख रहे हैं। रोज अनाप-शनाप बयान देकर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। जनता प्रशांत किशोर को खारिज करेगी तब उनको पता चल जाएगा कि जनता राजनीतिक रूप से कितनी जागरूक है. मदिरालय नहीं पुस्तकालय, विद्यालय, महाविद्यालय चाहिए। ह्न

मै प्रशांत किशोर से बड़ा सत्यवादी ही नहीं बल्कि गांधीवादी भी हों और पूरी ईमानदारी से कहता हूँ कि मैंने दुनिया के तमाम देशों की मदिरा का स्वाद चखा है, लेकिन मै शराबी नहीं हूँ। मुझे पता है कि भारत में शराब पीने की कानूनी उम्र और शराब की बिक्री तथा खपत को नियंत्रित करने वाले कानून प्रत्येक राज्यों में अलग-अलग हैं। भारत में मुख्य रूप से बिहार, गुजरात, नागालैंड, और मिजोरम राज्यों के अलावा केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप में शराब का सेवन प्रतिबंधित है। मणिपुर के कुछ जिलों में शराब पर आंशिक रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा अन्य सभी भारतीय राज्य शराब की बिक्री की अनुमति देते हैं लेकिन शराब पीने की कानूनी उम्र को भी तय करते हैं, जो प्रत्येक क्षेत्र में अलग-अलग उम्र में निर्धारित होती है।

विदेशों में न गांधीवाद के नाम पर शराबबंदी है और न शराब को लेकर कोई सियासत होती है। वहां शराब एक उपभोक्ता वस्तु है और हर जगह उपलब्ध है। विदेशों में शराब, किराने और दवाएं एक ही छत के नीचे मिलती हैं। शराब से सरकार को राजस्व मिलता है। कहीं कम तो कहीं ज्यादा। कहीं शराब घोटाले हो जाते हैं और कहीं होकर भी नहीं होते। हर सरकार में एक आबकारी मंत्री होता है। कहीं-कहीं तो मुख्यमंत्री खुद आबकारी मंत्री होता है, क्योंकि आबकारी राजस्व ही सरकारों की आय का प्रमुख मद होता है। बिहार में शराब को लेकर सियासत नकली है। मेरे ख्याल से शराब को लेकर सियासत होना ही नहीं चाहिए। शराब आखिर शराब है। न अच्छी है और न खराब।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# राजनीति में परिवार और परिवार में राजनीति, कांग्रेस ने 24 तो BJP ने इतने राजनीतिक घरानों को दिए टिकट



**चंडीगढ़** हरियाणा की राजनीति में परिवारवाद आज या बीते कुछ चुनावों से नहीं, बल्कि 1967 में हुए प्रदेश के पहले चुनाव से है। राव तुलाराम के वंशज राव बीरेंद्र सिंह अहीरवाल, तो कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा देसवाली बेल्ट में सक्रिय थे।

किसान नेता सर छोटूराम के दामाद चौधरी नेकी राम पहले संयुक्त पंजाब में मंत्री रहे और हरियाणा बनने के बाद बांगर क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रहे। चौधरी देवीलाल और उनका परिवार प्रदेश व देश की राजनीति में सक्रिय रहा है।

इस बार भी हरियाणा विधानसभा चुनाव में परिवारवाद की राजनीति खूब चली है। राजनीतिक घरानों से भाजपा ने 11 व कांग्रेस ने 24 प्रत्याशी उतारे हैं। वहीं, इस चुनाव में परिवारों में राजनीति भी हो रही है। तोशाम में बंसीलाल का परिवार आमने-सामने है, तो डबवाली में चौटाला परिवार से चार प्रत्याशी हैं। बहादुरगढ़ में कांग्रेस के राजेंद्र जून के सामने उनका भतीजा लड़ रहा है।

**चौटाला परिवार...**इस बार चुनाव में पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल के परिवार के आठ सदस्य मैदान में हैं। सभी प्रत्याशी दूसरी से चौथी पीढ़ी के सदस्य हैं। देवीलाल के बेटे व पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला रानियां से निर्दलीय लड़ रहे हैं। उनके सामने उनके बड़े भाई व पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के पोते अर्जुन इनेलो से मैदान में हैं। ओमप्रकाश के छोटे बेटे अभय इनेलो से एलनाबाद से चुनाव लड़ रहे हैं।

अभय के बड़े भाई अजय चौटाला के बेटे व पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जजपा से जींद की उचाना सीट से उम्मीदवार हैं। अजय चौटाला के दूसरे बेटे दिग्विजय डबवाली से उम्मीदवार हैं। यहीं से उनके चाचा आदित्य चौटाला इनेलो से लड़ रहे हैं। चौटाला परिवार के अन्य सदस्य अमित सिहाग कांग्रेस से डबवाली से मैदान में हैं। देवीलाल के तीसरे बेटे प्रताप चौटाला के बेटे रवि चौटाला की पत्नी सुनैना फतेहाबाद से इनेलो प्रत्याशी हैं।

**बंसीलाल परिवार...**सियासी विरासत के लिए भाई-बहन में जंग इस बार चुनाव में पूर्व सीएम बंसीलाल की सियासी विरासत के लिए परिवार में ही जंग है। भिवानी की तोशाम सीट से भाजपा ने राज्यसभा सदस्य किरण चौधरी की बेटी श्रुति को चुनाव मैदान में उतारा है। बंसीलाल की पोती श्रुति लोकसभा सांसद रह चुकी हैं। वहीं, कांग्रेस ने यहां से बंसीलाल के बड़े बेटे रणबीर महेंद्रा के पुत्र अनिरुद्ध चौधरी को उतारा है।

**हुड्डा परिवार...**दूसरी पीढ़ी लड़ रही चुनाव, तीसरी भी सक्रिय रणबीर सिंह हुड्डा रोहतक सीट से सांसद रहे। उनके बाद इस इलाके की जिम्मेदारी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने संभाली। हुड्डा लगातार दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। अब उनकी राजनीतिक विरासत को सांसद दीपेंद्र हुड्डा संभालने की तैयारी में हैं। वह फिलहाल लोकसभा में सांसद हैं और भूपेंद्र सिंह हुड्डा गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी हैं।

**भजनलाल परिवार ...**चाचा कांग्रेस व भतीजा भाजपा से मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पोते भव्य बिश्नोई को भाजपा ने आदमपुर सीट से उतारा है। पूर्व विधायक भव्य के पिता कुलदीप बिश्नोई भी कांग्रेस के पूर्व सांसद रह चुके हैं। अब वह भाजपा में हैं। वहीं, भजनलाल के छोटे बेटे व पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्रमोहन को कांग्रेस ने पंचकूला से उम्मीदवार बनाया है। वह चार बार के विधायक हैं। इसके अलावा भजनलाल के भाई दूड़ाराम भाजपा के टिकट पर फतेहाबाद से प्रत्याशी हैं।

**भाजपा ने तीन तो कांग्रेस ने छह पूर्व मंत्रियों के परिजनों को दिया टिकट...**भाजपा ने पूर्व मंत्री विनोद शर्मा की पत्नी शक्तिरानी को कालका, सतपाल सांगवान के बेटे सुनील को चरखी दादरी व करतार भड़ाना के बेटे मनमोहन को समालखा से प्रत्याशी बनाया है। वहीं, कांग्रेस से पूर्व मंत्री हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा के बेटे मनजीत पिहोवा, महेंद्र प्रताप के बेटे विजय प्रताप बड़खल, गयालाल के बेटे उदयभान होडल, पंडित शिवचरण लाल शर्मा के बेटे नीरज फरीदाबाद एनआईटी, हरपाल सिंह के बेटे परमवीर टोहाना व आनंद सिंह दांगी के बेटे बलराम महम से उम्मीदवार हैं।

**कांग्रेस ने तीन सांसदों के परिजनों को किया लांच...**कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में तीन सांसदों के परिजनों को भी लांच किया है। इनमें राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला को कैथल, लोकसभा सांसद वरुण चौधरी की पत्नी पूजा को मुलाना व हिसार सांसद जयप्रकाश जेपी के बेटे विकास सहारण को कलायत से टिकट दिया है।

# लगेगी वादों की झड़ी, घोषणापत्र को अंतिम रूप देने में जुटे दल, इनके लिए होंगी बड़ी घोषणाएं




**चंडीगढ़**। सभी राजनीतिक दल बागियों को मनाने के साथ-साथ चुनावी वादों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। आगामी सप्ताह तक अधिकतर दल घोषणापत्र (मैनिफेस्टो) जनता के सामने रखे देंगे, इसलिए इनको अंतिम रूप देने से पहले हर वर्ग को साधने की कोशिश की जा रही है। इन्हीं वादों के दम पर दल चुनावी रण में उतरेंगे और वोट हासिल करने की कोशिश करेंगे। भाजपा दस साल के विकास कार्यों के दम पर चुनावी रण में है और कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई व अपराध को मुद्दा बनाकर माहौल अपने पक्ष में बनाने की कोशिश कर रही है। जजपा साढ़े चार साल सत्ता में रही है, उसका जनता में विरोध है, लेकिन वह भी विकास कार्यों के नाम पर वोट मांग रही है। इनेलो व बसपा भी किसानों और दलितों को साधने की तैयारी में हैं।

**कांग्रेसः 500 में सिलिंडर, एक लाख नौकरी व 5,500 रुपये पेंशन...**हरियाणा में कांग्रेस कर्मचारियों को साधने में जुटी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एलान कर चुके हैं कि सरकार बनते ही ओपीएस को लागू किया जाएगा। साथ ही महिलाओं को 500 रुपये में सिलिंडर दिया जाएगा।

इसके साथ ही एक साल में मेरिट के आधार पर एक लाख नौकरियां और बुढ़ापा पेंशन 5,500 रुपये देने का वादा किया है। कांग्रेस की ओर से घोषणा पत्र तैयार करने के लिए जो कमेटी बनाई गई है, निवर्तमान विधायक गीता भुक्कल उसकी अध्यक्ष हैं।

**भाजपा : बीपीएल परिवारों के लिए होंगी बड़ी घोषणाएं...**भाजपा पिछले दस साल से सत्ता में हैं, इसलिए वह कराए गए विकास और मेरिट पर नौकरियों के दम पर वोट मांग रही है। इनके अलावा, पार्टी युवा, महिलाओं, किसानों के साथ साथ व्यापारियों, मजदूरों और पिछड़ों को साधने की तैयारी में हैं। 1.80 लाख से कम आय वाले लोगों के लिए घोषणा पत्र में कई बड़े वादे हो सकते हैं। भाजपा हाईकमान खुद घोषणा पत्र तैयार कराने में जुटा है और संभावना है कि अगले सप्ताह इसे जनता के सामने पेश किया जाएगा।

**इनेलो-बसपाः बुढ़ापा पेंशन 7,500 और बेरोजगारी भत्ता 21 हजार...**विधानसभा चुनावों को लेकर इनेलो-बसपा ने 7,500 रुपये बुढ़ापा पेंशन करने और 21 हजार बेरोजगारी भत्ता के साथ हर घर में नौकरी का बड़ा वादा किया है। इनके साथ ही कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने के साथ-साथ ताऊ देवीलाल आवास योजना के तहत एससी परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देने का वादा भी है। किसानों के लिए स्वामीनाथन रिपोर्ट की सभी सिफारिशों को लागू करने का भी पार्टी ने एलान किया है।

# पंजाब AAP नेताओं ने किया केजरीवाल के इस्तीफे के फैसले का स्वागत, बोले- क्रांतिकारी हैं



**चंडीगढ़**। आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सीएम की कुर्सी छोड़ने का एलान किया है। केजरीवाल ने दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है। उनके इस एलान के बाद राजनीति में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट से आबकारी नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दो दिन पहले जमानत मिली। शुक्रवार को केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आए। इसके बाद रविवार को केजरीवाल ने इस्तीफे का एलान किया। अरविंद केजरीवाल के 2 दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा देने के फैसले पर पंजाब आप सांसद गुरमीत सिंह मीत हेयर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ईमानदार लीडर हैं। वह देश की राजनीति को बदलने के लिए ही राजनीति में आए हैं। सीएम की कुर्सी छोड़ने का फैसला, ऐसा फैसला कोई ईमानदार व्यक्ति ही ले सकता है। केवल अरविंद केजरीवाल ही ऐसा कर सकते हैं, जो जेल से बाहर आने के बाद सीएम की कुर्सी छोड़ें। मीत हेयर ने कहा कि भाजपा ने अरविंदर केजरीवाल को जेल में रखने के लिए साजिश रची है। जब उन्हें ईडी के केस में जमानत मिली तो उन्हें सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई पिंजरे में बंद तोता बन गई है। वहीं, पंजाब के मंत्री अनमोल गगन मान कहते ने कहा कि दिल्ली के लोग जानते हैं कि एलजी के रोकने के बाद भी केजरीवाल ने क्या किया है। भाजपा के लोग आम आदमी पार्टी को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। हम अरविंद केजरीवाल के फैसले का स्वागत करते हैं। केजरीवाल एक क्रांतिकारी नेता हैं, उनके इस फैसले से आम आदमी पार्टी में जोश भरा है। दिल्ली की जनता एकतरफा फैसला देगी और उन्हें दोबारा सीएम बनाएगी। अनमोल गगन मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के इस फैसले से हरियाणा में एक नया संदेश जाएगा। वह हरियाणा के बेटे हैं। आम आदमी पार्टी का आप का क्लीयर मोटिव है कि हम सता की भूख नहीं है हम देश की राजनीति को बदलने आए हैं। पंजाब की तरह हरियाणा के लोग भी अरविंद केजरीवाल को आम आदमी पार्टी को जरूर मौका देंगे। आप सांसद मालविंदर सिंह कंग का कहना है कि भाजपा की जो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ झूठी साजिश पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है।

# 'मैं छह बार का विधायक हूं,इस बार सीएम पद के लिए ठोकूंगा दावा', अनिल विज का बड़ा एलान



**अंबाला** अंबाला से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अनिल विज ने मुख्यमंत्री पद का दावा किया है। अनिल विज ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस की, जिसमें उन्होंने खुद को हरियाणा का अगला मुख्यमंत्री बनाए जाने का दावा पेश किया है।

अंबाला कैंट से छह बार के विधायक और प्रदेश में गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री रहे अनिल विज ने रविवार को अपने चुनाव कार्यालय से संकल्प पत्र जारी किया। इस दौरान विज ने सीएम पद के लिए इस बार अपनी दावेदारी पेश कर दी है।

विज ने पत्रकार वार्ता में अपनी तरफ से किए गए विकास कार्य गिनाने के बाद अंत में सीएम पद के लिए दावा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा का सबसे वरिष्ठ विधायक हूं। मैं छह बार चुनाव लड़ चुका हूं और जीत चुका हूं। अब सातवीं बार मैं चुनाव लड़ रहा हूं।

मैंने आज तक अपनी पार्टी से कभी कुछ नहीं मांगा। मगर इस बार मुझसे हरियाणा की जनता आकर मिल रही है। मैं हरियाणा की सारी जनता के कहने पर अपनी वरिष्ठता के दम पर मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी करता हूं। सीएम बनाना या न बनाना हाईकमान का काम है, लेकिन अगर मुझे सीएम बनाते हैं तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा हरियाणा की तस्वीर बदल दूंगा। इस घोषणा के बाद विज के चुनाव कार्यालय पर ढोल बजने लगे और कार्यकर्ता खुशी में जमकर झूमते नजर आए। गौरतलब है कि पूर्व में गृहमंत्री रहने के दौरान कई बार विज को सीएम बनाने को लेकर अफवाहें चलीं थी मगर हर बार विज यही कहते रहे कि उन्होंने कभी नेतृत्व से सीएम पद नहीं मांगा। इस बार जब विज सातवीं बार चुनावी मैदान में जा रहे हैं तो यह कार्ड चलकर उन्होंने संगठन को भी साफ संदेश देने का काम किया है।

# कांग्रेस सांसद जयप्रकाश के बिगड़े बोल से राजनीतिक तूफान



**कैथल**। हिसार से सांसद जय प्रकाश के बिगड़े बोल से राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है। कथित विवादित टिप्पणी में जेपी ने कहा कि अगर लिपस्टिक-पाउडर लगाने से लीडर बनते तो मैं भी लगा लूं... दाढ़ी क्यों रखूं। इससे नाराज ढुल खाप की बैठक गांव बड़सीकरी में बैठक हुई। इसमें कांग्रेस नेत्री पर की गई सांसद की टिप्पणी को अमर्यादित बताया गया। रविवार को खाप प्रधान इस मामले में अपने फैसले को सार्वजनिक कर देगा। उधर, आप नेता अनुराग ढांडा ने भी जेपी के बयान की निंदा की है। गांव बडसीकरी में हुई पंचायत में निर्णय लिया गया कि समस्त ढुल खाप को मामले में एक किया जाए। वक्ताओं ने सांसद के बयान पर नाराजगी जताते हुए इसे समस्त ढुल खाप की अस्मत पर कटाक्ष बताया। राजबीर ढुल ने कहा कि जयप्रकाश व उनके बेटे विकास का सार्वजनिक रूप से विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बहन बेटियां सबकी एक होती हैं और उन पर अभद्र टिप्पणी कर उनका अपमान करना सांसद जैसे पद पर आसीन व्यक्ति को शोभा नहीं देता। राजबीर ने कहा कि शनिवार को ढुल खाप के प्रधान हरपाल सिंह को साथ लेकर विधानसभा में शामिल ढुल खाप के गांवों में भी पंचायत की गई हैं।

बैठक में राजबीर सिंह, सीता राम पूर्व सरपंच, मास्टर जीवन सिंह, दयानंद, भाना राम, मास्टर भान, डा.कृष्ण, कुलदीप, राममेहर, संजय, सुरजीत, शंभु आदी ने भी मामले की पैरवी की।

# किसानों के अरमानों पर फेरा पानी फसलों को 80 प्रतिशत तक नुकसान



**साल्हावास**। झज्जर हरियाणा के साल्हावास क्षेत्र के गांव बहु, खानपुर कलां, खानपुर खुर्द, खोरडा, खेड़ा थरू, झामरी, झाडली, मोहनबाडी, झांसवा सहित मातनहेल व साल्हावास ब्लॉक के अनेक गांवों में शुक्रवार व शनिवार को बारिश आफत के रूप में बरसी है।

पिछले दो दिनों में हुई भयंकर बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। आफत की बारिश ने जिन गांवों में आफत बरसाई है, वहां किसान परेशान हैं। खासतौर पर कपास और बाजरे की फसल पर ज्यादा असर पड़ा है। बाजरे की फसल पकने वाली थी, ऐसे में बारिश व हवा ने खेत में खड़ी फसल को जमीन पर बिछा दिया। जिन किसानों ने खेतों में कपास उगाई है, उनके लिए बारिश काफी नुकसानदायक लग रही है। किसानों ने केंद्र सरकार से गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग की है। बारिश के साथ तूफानी हवाओं ने साल्हावास क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया है। बाजरे की तरह कपास की फसल भी बिछ गई है। बाजरे की पकने वाली फसल के साथ-साथ कपास की फसल में भी लगभग 70 प्रतिशत नुकसान पहुंचा है। वहीं कई सब्जियों की फसल को भी बारिश ने नुकसान पहुंचाया है। मातनहेल व साल्हावास क्षेत्र में किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखने को मिल रही है।

# डॉक्टरों की हड़ताल खत्म, सरकार ने मानी मांगें, सोमवार से मरीजों को मिलेगा इलाज




**चंडीगढ**। आखिरकार पंजाब सरकार डॉक्टरों की मांगों को मानने के लिए शुक्रवार को राजी हो गई। सीएम मान के हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलवीर सिंह ने शनिवार को पंजाब सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के साथ बैठक की। उनकी सभी मांगों को तय समय सीमा के अंदर पूरा करने का भरोसा दिया गया। इसके बाद डॉक्टरों की एसोसिएशन ने पांच दिन से जारी हड़ताल को खत्म करने का एलान किया। अब प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में सोमवार से मरीजों को इलाज मिलना शुरू हो जाएगा। सोमवार व मंगलवार को सभी अस्पतालों में ओपीडी दो घंटे ज्यादा समय के लिए खुलेगी, ताकि हड़ताल के चलते ओपीडी पर पड़ने वाला मरीजों का बोझ कम किया जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि डॉक्टरों की सभी मांगों को मान लिया गया, जिसके चलते उन्होंने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। उन्होंने कहा कि वेतन बढ़ोतरी व पदोन्नति की मांग को तीन माह के अंदर पूरा कर दिया जाएगा। कांग्रेस सरकार के समय इसे बंद कर दिया गया था।

साथ ही सप्ताह के भीतर अस्पतालों में सुरक्षा प्रबंधों की रुपरेखा का एलान कर दिया जाएगा। सीसीटीवी कैमरों के लिए फंड जारी कर दिया गया है। डार्क स्पॉट पर लाइट्स लगाई जा रही हैं। जिला सेहत बोर्ड गठित कर दिए गए हैं, जिनके नंबर सभी अस्पतालों में प्रदर्शित किए जा रहे हैं। शिकायत पर पांच मिनट के अंदर पुलिस अस्पताल पहुंचेगी। साथ ही मरीजों को भी अगर अस्पताल में किसी भी समस्या का समाधान का सामना करना पड़ता है तो वह बोर्ड से अपनी शिकायत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मंत्री, सचिव या डॉक्टर नहीं, बल्कि उनके लिए सिर्फ मरीज वीआईपी है। एसोसिएशन के प्रधान अखिल सरीन ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगे मान ली है।

# गिद्दड़बाहा उपचुनावः दीप सिद्धू के भाई मनदीप सिद्धू होंगे उम्मीदवार



**गिद्दड़बाहा** वारिस पंजाब दे के संस्थापक एवं अभिनेता दीप सिद्धू के एडवोकेट भाई मनदीप सिंह सिद्धू गिद्दड़बाहा से विधानसभा उपचुनाव लड़ेंगे। मनदीप सिंह सिद्धू ने गिद्दड़बाहा हलके में सरगर्मियां बढ़ाते हुए बैठकें शुरू कर दी गई हैं। वहीं डिब्रूगढ़ जेल में बंद पंथक समर्थक अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह और फरीदकोट से सांसद सरबजीत सिंह खालसा भी उनके समर्थन में उतर आए हैं। वह गिद्दड़बाहा हलके में पिछले दो दिनों से चुनाव प्रचार कर मनदीप सिद्धू के हक में वोटों की अपील कर रहे हैं।

चुनाव मुहिम दौरान मनदीप सिंह सिद्धू ने कहा कि वे हलके के लोगों की समस्याएं जानने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें पता लगा है कि हलके में पानी की निकासी अहम समस्या है। जबकि नशा भी अहम मुद्दा है। सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने कहा कि गिद्दड़बाहा आने के उनके दो उद्देश्य हैं। एक तो हलके के लोगों का आभार व्यक्त करना था जिन्होंने उन्हें भारी मतों से जिताया। वहीं मनदीप सिंह सिद्धू का सभी से परिचय करवाना था। उपचुनाव में गिद्दड़बाहा से मनदीप सिंह सिद्धू उम्मीदवार होंगे।

वे चाहते हैं कि जिस तरह लोगों ने उन्हें जिताया है उसी तरह मनदीप सिद्धू को चुनाव में जिताएं। अमृतपाल सिंह के पिता तरसेम सिंह ने कहा कि लंबे समय के बाद दीप सिद्धू ने सिखों की आवाज उठाई थी। उनका भाई मनदीप सिंह सिद्धू एक समझदार व्यक्ति हैं।

वे चुनाव जीतते हैं तो दीप सिद्धू की तरह ही हलके के लोगों की आवाज बनेंगे।

# नए आतंकी मॉड्यूल ने किया ग्रेनेड हमला पंजाब को दहलाने की फिराक में रिंदा-हैप्पी



**चंडीगढ़**। सेक्टर-10 में हुए हैंड ग्रेनेड हमले में दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के डीजीपी के साथ एक रिपोर्ट साझा की है। इसके अनुसार, चंडीगढ़ में हुए ग्रेनेड हमले को नए आतंकी मॉड्यूल ने अंजाम दिया है। पाकिस्तान में छिपे बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा ने कनाडा में रह रहे खालिस्तानी आतंकी लखबीर सिंह लंडा के साथ अपने आतंकी मॉड्यूल को ऑपरेट करना बंद कर दिया है। अब उसने यूएस में बैठे हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां के साथ नया आतंकी मॉड्यूल शुरू किया है। रिंदा और हैप्पी आने वाले समय में पंजाब में कई बड़ी वारदात करने की तैयारी में हैं। इसे लेकर पंजाब को अलर्ट किया गया है।

एनआईए ने यह रिपोर्ट पंजाब के अलावा दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान पुलिस के साथ भी साझा की है, क्योंकि आतंकी रिंदा की गतिविधियां इन राज्यों में भी देखी जा चुकी हैं। बीते साल अक्तूबर में पंजाब पुलिस ने हैप्पी पासियां के कई मॉड्यूल का पदार्फाश किया था। नए आतंकी मॉड्यूल के 35 मुख्य हैंडलरों को पंजाब और अलग-अलग राज्यों से पकड़ा भी गया है। वहीं, लंडा मोहाली में पंजाब स्टेट इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर में हुए आरपीजी अटैक का मुख्य आरोपी है। एनआईए ने 15 लाख रुपये का इनाम रखा है। एनआईए ने बताया कि लंडा आतंकी गतिविधियों के साथ ही ड्रग्स, अवैध हथियार, फिरौती, टारगेट किलिंग के अपने दायरे को बढ़ाना चाहता था, इसलिए उसने रिंदा के साथ यह गठजोड़ तोड़कर अलग चलने का फैसला किया है।

**रिंदा के निशाने पर कई अधिकारी व कारोबारी...**आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के निशाने पर पंजाब के कई बड़े पुलिस अधिकारी व कारोबारी हैं। यह इनपुट कुछ समय पहले ही सुरक्षा एजेंसियों ने पंजाब पुलिस को दे दिया था। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि इस आतंकी मॉड्यूल के निशाने पर कौन-कौन है। सूत्रों का कहना है कि रिंदा व पासिया ने पंजाब के एक अन्य एसपी रैंक के अधिकारी को मारने की योजना बनाई है, सुरक्षा एजेंसियां इसकी भी जांच में जुट गई हैं। आतंकी रिंदा वर्ष 2022 से पूर्व एसपी जसकीरत सिंह चहल की हत्या की साजिश रच रहा है। इसमें उसकी मदद गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया कर रहा है। इस मॉड्यूल ने सितंबर 2023 के आखिरी सप्ताह में पंजाब के दो युवकों को पैसों का लालच देकर सेक्टर-10 की कोठी नंबर-575 की रेकी करवाई थी और अक्तूबर में चहल की हत्या करने योजना बनाई थी लेकिन मोहाली पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर तब इस साजिश को नाकाम कर दिया था। इस आतंकी मॉडयूल ने पंजाब सीआईए में तैनात पंजाब पुलिस के एक सब इंस्पेक्टर को भी मारने के लिए उसकी गाड़ी में बम लगवा दिया था। इस साजिश को भी सुरक्षा एजेंसियों ने नाकाम कर दिया था।

**चहल की कोठी पर पंजाब पुलिस के जवान तैनात...**ग्रेनेड हमले के बाद पंजाब पुलिस ने पूर्व एसपी जसकीरत सिंह चहल की कोठी पर सुरक्षा बढ़ा दी है। पांच जवानों को चहल की कोठी पर तैनात किया गया है। किसी भी बाहरी व्यक्ति को उनसे मिलने की अनुमति नहीं है। वर्ष 2017 में पंजाब सरकार ने उनकी सुरक्षा हटा ली थी। अब इस हमले के बाद सुरक्षा हटाने संबंधी पंजाब सरकार को दी गई रिपोर्ट पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# विज के CM पद के दावे पर धर्मेंद्र प्रधान की दो टूक बोले- भाजपा सीएम उम्मीदवार नायब सिंह सैनी




**करनाल**। भारतीय जनता पार्टी के करनाल जिला कार्यालय पहुंचे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस का असली चेहरा सामने आने लगा है। अभी कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के युवराज ने अमेरिका की धरती पर आरक्षण को समाप्त करने की बात कही है। यह उनके लिए कोई नई बात नहीं है। संविधान सभा से लेकर बाबा साहब के अपमान तक वह ऐसी बातें करते रहे। यह दलितों, पिछड़ों आदि के खिलाफ उनकी सोची समझी साजिश है।

वहीं पूर्व मंत्री अनिल विज के सीएम की दावेदारी वाले बयान पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सीएम के प्रत्याशी नायब सिंह सैनी हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दो दिन बाद इस्तीफा देने के सवाल पर उन्होंने कहा आने वाले दिनों में दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव होगा तब जनता उन्हें गद्दी से उतार देगी। आंदोलन के बाद जिन सिद्धांतों पर उनकी पार्टी बनी थी, लेकिन वह आज कहां खड़े हैं यह सोचने की बात है। वह भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे हुए हैं लोगों से उनका कोई नाता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने भी उन पर पिछले दिनों टिप्पणी की थी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह भी कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जा रहा है। अनिल विज के सीएम पद की दावेदारी पेश किए जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता यह कह सकता है, लेकिन हरियाणा में सीएम पद का चेहरा नायब सिंह सैनी है।

कुरुक्षेत्र रैली में प्रधानमंत्री द्वारा केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का नाम नहीं लिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा की मनोहर लाल केंद्रीय राजनीति कर रहे हैं। वह भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हरियाणा में 5 अक्तूबर को चुनाव होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय एवं प्रादेशिक नेतृत्व की ओर से सभी 90 विधानसभा सीटों पर रैलियां की जाएंगे। हरियाणा की भाजपा सरकार ने पिछले 10 सालों में किसानों महिलाओं युवा एवं आर्थिक विकास के साथ वंचित वर्गों के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। यह देश में पहली सरकार है जिसने सभी फसलों पर एमएसपी देने की जिम्मेदारी ली है। 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान रविवार को करनाल की पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता के आवास पर भी पहुंचे। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जीताने के लिए लगन से कार्य करने की अपील की। हालांकि रेनू बाला गुप्ता पहले ही भाजपा में रहने की बात कह चुकी है लेकिन फिर भी कहीं ना कहीं भाजपा को लगता है कि वह अंदर से नाराज है शायद इसीलिए उनकी नाराजगी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए धर्मेंद्र प्रधान उनके आवास पर पहुंचे।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी उनके आवास पर पहुंच चुके हैं।

# इमरान खान ने याह्या खान के दौर से की सरकार की तुलना कहा- शहबाज शरीफ को PM कहने का कोई मतलब नहीं



**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा सरकार और देश की संस्थाओं की आलोचना की है। उन्होंने मौजूदा हालात की तुलना सैन्य शासक याह्या खान के दौरे से की और आरोप लगाया कि देश की संस्थाओं को तबाह किया जा रहा है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मौजूदा सरकार और देश की संस्थाओं की आलोचना की है। उन्होंने मौजूदा हालात की तुलना सैन्य शासक याह्या खान के दौरे से की और आरोप लगाया कि देश की संस्थाओं को तबाह किया जा रहा है।

**'देश की संस्थाओं को तबाह कर रहा याह्या खान पार्ट-2'**...इमरान ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकताओं के खिलाफ कार्रवाई की भी आलोचना की और मौजूदा सरकार को 'याह्या खान पार्ट-2' करार दिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "देश एक बार फिर याह्या खान के शासन को महसूस कर रहा है। याह्या खान ने देश की सबसे बड़ी सियासी पार्टी के खिलाफ ऑपरेशन चलाया था। यह याह्या खान पार्ट-2 वहीं कर रहा है और देश की संस्थाओं को नष्ट कर रहा है।"

**'फैसला सुनाने वाले जज को दी करोड़ों की जमीन'**...पीटीआई के संस्थापक ने यह भी आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार जजों को गलत फैसले लेने पर मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, याह्या खान पार्ट-2 की सरकार ने जज हुमायूं दिलावर को करोड़ों रुपये की जमीन और अवैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दी, जिससे मेरे खिलाफ फैसला सुनाया गया। याह्या खान पाकिस्तान के तीसरे राष्ट्रपति थे और उनके शासन के दौरान पूर्व पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) ने आजादी हासिल की थी। उन्होंने चुनाव के नतीजों को स्वीकार नहीं किया था, जिससे देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए था और 1971 का युद्ध हुआ था।

**'शहबाज को प्रधानमंत्री कहने का कोई मतलब नहीं'**...उन्होंने मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर भी निशाना साधा। इमरान खान ने कहा, शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री कहने का कोई मतलब नहीं है। वे केवल एक मोहरे हैं, जिनके फैसले प्रतिष्ठान की मंजूरी पर निर्भर हैं। हगो सकता है कि इस मोहरे को कल जबरन गायब कर दिया जाए।

**पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को लेकर साधा निशाना**...इसके साथ ही, इमरान ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, सिंगापुर कराची से भी कम आबादी वाला देश है और पाकिस्तान से ज्यादा निवेश आकर्षित कर रहा है। सिंगापुर में निवेशक अरबों डॉलर ला रहे हैं। जबकि पाकिस्तान दुनिया का पांचवां सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, उसका विदेशी निवेश अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। निवेश केवल उन्हीं देशों में होते हैं, जहां कानून का राज हो।

**रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं इमरान खान**...क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान फिलहाल रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और उनके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। जेल में रहते हुए भी वे अपने सोशल मीडिया खाते पर नियमित रूप से संदेश पोस्ट कर रहे हैं, जो अक्सर विवाद का कारण बन जाते हैं। पीटीआई ने हाल ही में एक विशाल रैली का आयोजन किया था और इमरान की रिहाई की मांग की थी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि उनके नेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई और उन पर गोलीबारी भी की गई।

**खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की निंदा की**...इसके अलावा, इमरान खान ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की गिरफ्तारी की भी निंदा की और कहा कि यह स्थिति बेहद भयावह है। उन्होंने यह भी कहा, जब भी सिकंदर सुल्तान राजा (मुख्य चुनाव आयुक्त) गेंदबाजी करते हैं, काजी फैज ईसा (पाकिस्तान के चीफ जस्टिस) स्लिप में होते हैं, जबकि आमिर फारूक (इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस) दूसरे स्लिप में होते हैं। यह एक फिक्स मैच है और इसके सभी पात्र बेईमान हैं।

# 'थेथर हैं अरविंद केजरीवाल',दिल्ली के सीएम पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का तीखा प्रहार





दीपक तिवारी।

**बेगूसराय/पटना**। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वो दो दिन बाद इस्तीफा दे देंगे। इस पर गिरिराज सिंह ने कहा कि केजरीवाल भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और इमोशनल ड्रामा कर रहे हैं। हरियाणा और दिल्ली में इमोशनल ड्रामा करके लोगों को बेवकूफ बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को जमानत मिलने पर वो उसे अपनी जीत बता रहे हैं, जबकि कोर्ट ने उन्हें कोई भी फैसला लेने से मना किया है। गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि केजरीवाल देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं।

गिरिराज सिंह ने कहा, 'अरविंद केजरीवाल थेथर (मुंहजोर) हैं, भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। वो हरियाणा में फिर जाकर इमोशनल गेम खेलेंगे और दिल्ली में भी इमोशनल गेम खेलेंगे। थेथरलोजी इतना है, उनको जमानत मिला है और वो कह रहे हैं मेरी जीत है। जो कोर्ट ने लिखा है, उसमें कहा गया है आप कोई डिसीजन नहीं ले सकते हैं। वो लोग को भ्रम में डालेंगे। हरियाणा से भी मुख्यमंत्री बनेंगे। दिल्ली से भी। ये भ्रम पैदा करने के लिए देश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'पूरी सरकार भ्रष्टाचार में है। मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सारे भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए लेकिन इतने थेथर हैं, जेल से निकलते हैं लगता है कि कोई राष्ट्र के लिए निर्माण के लिए गए थे।'

गिरिराज सिंह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को समझ आ गया है कि अब बंगाल की जनता उन्हें मौका नहीं देगी। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी सिर्फ मुस्लिम, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। डॉक्टर बेटियां बंगाल की अस्मिता के लिए लड़ाई लड़ रही है। डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए अमन-चैन की मांग की जा रही है। ममता बनर्जी अंदर से उनको लग गया है कि अब बंगाल की जनता हमें मौका नहीं देने वाली है क्योंकि वो तो सिर्फ मुस्लिम परस्त राजनीति, भ्रष्टाचार परस्त राजनीतिक और आय्यशी परस्त राजनीति के ठेकेदार बन कर रह गई हैं। तेजस्वी यादव द्वारा बिहार की जदयू-बीजेपी सरकार को 'राक्षस राज' कहे जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि तेजस्वी यादव अनर्गल बातें करते हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव अपने पिता की विरासत पर हैं और नीतीश कुमार पर परिवारवाद का आरोप नहीं लगा सकते क्योंकि उन्होंने अपने बेटे को कभी राजनीति में नहीं घसीटा।

# खगड़िया: जूट के बोरों संग कामख्या एक्सप्रेस में सफर कर रहे थे तीन लोग,आरपीएफ ने ली तलाशी तो 'हिल' गए यात्री!



संवाददाता।

**खगड़िया**। बिहार के खगड़िया में आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन से 220 कछुए बरामद किए हैं। ट्रेन असम के कामाख्या से बिहार के डॉ आंबेडकर नगर जा रही थी। रेलवे पुलिस ने इस मामले में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। ये तस्कर उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के रहने वाले हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे कछुओं को पश्चिम बंगाल के रायगंज ले जा रहे थे।

दरअसल, आरपीएफ को सूचना मिली थी कि कामाख्या एक्सप्रेस के ए4 कोच में कुछ संदिग्ध लोग कछुओं की तस्करी कर रहे हैं। यह सूचना सोनपुर स्थित सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से मिली थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राम के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम ने खगड़िया स्टेशन पर ट्रेन के ए4 कोच की घेराबंदी कर ली। तलाशी लेने पर सीट के नीचे नौ जूट के बोरे और सात पिट्ठू बैग मिले। इनमें 220 कछुए भरे हुए थे। मौके से तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए तस्करों में सोनू कुमार (22), साहिल कुमार (20 वर्ष) और शिवा कुमार (18 वर्ष) शामिल हैं। पूछताछ में तीनों ने बताया कि वे कछुओं को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से खरीद कर लाए थे। वे इन्हें पश्चिम बंगाल के रायगंज ले जा रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्होंने कछुए 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से खरीदे थे। पकड़े गए कछुओं में 10 किलो का एक, 8 किलो का एक, 4 किलो के पांच, 3 किलो के तीन और 2 किलो का एक कछुआ शामिल है। इसके अलावा एक किलो वजन के 200 कछुए भी बरामद हुए हैं। सभी कछुओं का कुल वजन लगभग 258 किलो है। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि कछुओं को ट्रेन से उतारकर वन विभाग खगड़िया को सौंप दिया गया है। पकड़े गए तस्करों को भी वन विभाग के हवाले कर दिया गया है।

# 'मालदीव और भारत के बीच सुलझाई गई गलतफहमियां', द्वीप राष्ट्र के विदेश मंत्री का दावा



**माले**। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने माना है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार के शुरूआती दिनों में मालदीव-भारत संबंधों में खटास आई। लेकिन अब दोनों देशों ने गलतफहमियां सुलझा ली हैं। जमीर ने यह टिप्पणी शुक्रवार को श्रीलंका यात्रा के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। इस दौरान उन्होंने प्रमुख सहयोगियों, खासकर चीन और भारत के साथ द्वीप राष्ट्र के संबंधों के महत्व पर जोर दिया।

जमीर ने कहा कि मुइज्जू के नेतृत्व वाली सरकार के शुरूआती दिनों में दोनों देशों के संबंधों में खटाई आई थी। खासकर तब जब राष्ट्रपति मुइज्जू ने भारतीय सैनिकों मालदीव से हटाने की मांग की थी। जिससे समस्याएं बढ़ गईं थीं। उन्होंने कहा, भारतीय सैनिकों की मालदीव से वापसी के बाद दोनों देशों के बीच गलतफहमियों को दूर कर लिया गया है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार के शुरूआती समय में कुछ समस्याएं थीं। लेकिन अब भारत और चीन दोनों के साथ हमारे अच्छे रिश्ते हैं और दोनों देश मालदीव का समर्थन कर रहे हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू के चीन समर्थक दृष्टिकोण के चलते मालदीव के भारत के साथ रिश्ते तनावपूर्ण हो गए थे। मुइज्जू ने पद संभालते ही भारत से तीन विमानन प्लेटफॉर्म पर तैनात भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग की थी।

बातचीत के बाद भारतीय सैनिकों को नागरिकों से बदल दिया गया था। इसके अलावा, मालदीव के कुछ मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों से विवाद पैदा हो गया था। हालांकि, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने इन टिप्पणियों से अपना पल्ला झाड़ लिया था और इन मंत्रियों को निलंबित किया गया था। मुइज्जू ने अपने पद ग्रहण के बाद नई दिल्ली के बजाय तुर्की और चीन की यात्रा की थी।

# नेपाल: वाणिज्य महादूतावास में हिंदी पखवाड़ा का शुभारंभ



संवाददाता।

**जनकपुरधाम**। भारत के महावाणिज्य दूतावास, बीरगंज ने अपने परिसर में माननीय प्रधान मंत्री और भारत के गृह मंत्री द्वारा हिंदी दिवस पर वीडियो संदेशों के साथ हिंदी पखवाड़ा शुभारंभ भारतीय बाणिज्य महादूतावास वीरगंज के बाणिज्य महादूत श्री देवी सहाय मीणा ने किया। हिंदी पखवाड़ा की शुरूआत दो श्रेणियों (ग्रेड 6-8 और 9-12) के डी.ए.वी.वीरगंज,ज्ञानदा पब्लिक स्कूल वीरगंज तथा जी.पी.एस.तहत स्कूलों के30 छात्रों के बीच भाषण और स्वरचित कविता प्रतियोगिताओं के साथ संपन्न हुई। महावाणिज्य दूत श्री देवी सहाय मीना ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए दैनिक जीवन में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों का स्वागत किया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओंऔर शिक्षकों ने भाग लिया । इस दौरान वाणिज्य दूत तरूण कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# क्राइम: जमीन हड़पने की नीयत,सौतेले भाई ने पत्नी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से मारकर वृद्ध की कर दी हत्या



मो. अंजुम आलम।

**जमुई**। जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र अंतर्गत रजला गांव में जमीन हड़पने की नीयत से 13 सितंबर की रात सोए अवस्था में सौतेले छोटे भाई मनोज यादव अपनी पत्नी बेबी देवी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से हमला कर काशी यादव को बुरी तरह घायल कर दिया। जिसे परिजन द्वारा इलाज के लिए जमुई के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 15 सितंबर रविवार को मौत हो गई। उंसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई फिर शव को सदर अस्पताल लाया गया।परिजन ने बताया कि काशी यादव को पुत्र नहीं है उसे सिर्फ चार पुत्री ही है। वे अपने हिस्सा की जमीन पुत्री को देना चाहते थे, लेकिन उनका छोटा भाई मनोज यादव जमीन हडपना चाहता है। जमीन लिखवाने को लेकर कई बार मारपीट भी कर चुका है। कुछ दिन पहले काशी यादव अपने जमीन का सर्वे करवाए थे। जमीन का बंटवारा होने वाला था। इसी रंजिश में जब काशी यादव सोए हुए थे तो छोटे भाई मनोज यादव अपनी पत्नी बेबी देवी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी से सिर और गर्दन सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। उंसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल मृतक काशी यादव का शव सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखा हुआ है। घटना के बाद से आरोपित फरार हैं। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

# बीज निदेशालय ढोली में राई एवं सरसों का बीज बिक्री शुरू




संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर/मुरौल**। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के बीज निदेशालय, ढोली, मुजफ्फरपुर स्थित बीज बिक्री केंद्र से राई एवं सरसों के बीजों के विभिन्न प्रभेदों यथा राजेन्द्र सुफलाम 1, डी० आर० एम० आर० 150-35, राजेन्द्र अनुकूल, वाई० एस० 66-197-3 एवं पंत स्वेता के बीज निर्धारित दर पर दिनांक 11 सितम्बर, 2024 से बिक्री की जा रही है। इच्छुक कृषक बन्धु बीज निदेशालय के बीज बिक्री केंद्र से उपरोक्त बीज प्राप्त कर सकते हैं। बीज निदेशालय के द्वारा वर्ष 2024 से किसानो की सुविधा हेतु ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

# किशनगंज : सिलीगुड़ी जा रही डेमू ट्रेन के इंजन में लगी आग



संवाददाता।

**किशनगंज**। बिहार के किशनगंज में सिलीगुड़ी जा रही एक डेमू ट्रेन के इंजन में आग लग गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना फरिंगोला के पास हुई और आग इतनी भीषण थी कि दूर से ही दिखाई दे रही थी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए ट्रेन को तुरंत रोक दिया गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इंजन में लगी आग की वजह से ट्रेन में सवार यात्री ट्रेन से उतर गए। घबराहट में कई यात्रियों ने ट्रेन से कूदकर अपनी जान बचाई। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।प्रभावित ट्रेन मार्ग को फिलहाल बंद कर दिया गया है और अन्य ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों से चलाया जा रहा है। इस घटना से रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में देश के विभिन्न हिस्सों में रेल हादसों में वृद्धि हुई है, जिससे यात्रियों में डर का माहौल है।

# संग्रामपुर: जीविका कार्यालय में जीविका कैडर करेंगे तालाबंदी



संवाददाता।

**मोतिहारी**। बिहार जीविका संघ के तत्वाधान में प्रखंड के जीविका कैडरों की बैठक रविवार को जिले के संग्रामपुर प्रखंड मुख्यालय के सियाराम मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता आदित्य कुमार सहनी ने किया। इस दौरान प्रखंड स्तर पर एक कमिटि का गठन हुआ।जिसमें सर्वसम्मति से दस सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। कैडरों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रमुख मांगो में जीविका कैडरों को पच्चीस हजार मानदेय,मानदेय कन्ट्रब्यूशन सिस्टम पर रोक लगाने,सभी जीविका कैडरों को नियुक्ति पत्र देने के साथ परिचय पत्र उपलब्ध करवाने,काम से हटाने की बार बार मिल रही धमकियों पर रोक लगाने,कैडरों को क्षेत्र भ्रमण के लिए भत्ता देने समेत दस मांग शामिल हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से जीविका कैडर फरीदा खातून को अध्यक्ष,रौशनी देवी सचिव,अप्पू देवी को सचिव,ज्योति कुमारी को उपाध्यक्ष,रंजू देवी को उप सचिव बनाया गया।साथ ही यह भी निर्णय हुआ कि मांगों पर विचार नहीं होने पर संग्रामपुर सीएलएफ में ताला बंदी किया जाएगा। बैठक कपिल देव कुमार,शशि भूषण कुमार,अरमान अली,मधुसूदन कुमार,राजीव कुमार सिंह,सीमा कुमारी, कलामुद्दीन आलम समेत कई मौजूद थे।

# सिनेमाई निमार्ताओं को मिलेगा बिहार का आतिथ्य भाव : नीतीश मिश्रा

दीपक कुमार तिवारी।

- इंपा पहुंचे बिहार के पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने फिल्मकारों को किया आमंत्रित
- हिन्दी फिल्मों के निमार्ताओं को 25 प्रतिशत तक और क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी की घोषणा



**मुंबई/पटना**। बिहार सरकार में पर्यटन विभाग के नवनियुक्त मंत्री नीतीश मिश्रा अपने मुंबई यात्रा के दौरान इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्युसर्स असोसिएशन (इंपा) के आमंत्रण पर फिल्म निमार्ताओं से मिलने अंधेरी (पश्चिम) स्थित इंपा हाउस पहुंचे। यहां उनका स्वागत इंपा के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा और अन्य पदाधिकारियों ने किया। इंपा सदस्यों से बात करते हुए नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासतों तथा सभी धर्मों के पवित्र स्थलों के केंद्र रहा है। धार्मिक समन्वय के लिए बिहार भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रसिद्ध है। हम यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सिनेमाई निमार्ताओं को भी आमंत्रित कर रहे हैं जहां का आतिथ्य सत्कार बेहद प्रसिद्ध है, हम उस भाव को पर्यटन विभाग के कार्यक्रमों, योजनाओं और नीतियों में लाएंगे। बिहार फाउंडेशन के आंमत्रण पर मुंबई पहुंचे श्री मिश्र ने इंपा के सदस्यों से कहा कि पर्यटन संपदाओं से समृद्ध इस प्रदेश में पर्यटन उद्योग और शूटिंग की असीम संभावनाएं है। पर्यटन को रोजगारोन्मुख बनाने के लिए पर्यटन स्थलों को विकसित कर बुनियादी सुख-सुविधाओं का समुचित प्रबंधन करने का कार्य राज्य सरकार की प्राथमिकता है। पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में शुटिंग करने वाले हिन्दी फिल्मों के निमार्ताओं को 25 प्रतिशत तक और क्षेत्रीय भाषा की फिल्मों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 15 दिनों में हम एक पूर्ण निति की घोषणा करेंगे।

इस अवसर पर इंपा के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा, सिनीयर वाईस प्रेसिडेंट सुषमा शिरोमणि,वाईस प्रेसिडेंट सुरेन्द्र वर्मा उर्फ टीनू वर्मा,ट्रेजरार बाबू भाई थीबा,जनरल सेक्रेटरी कुक्कू कोहली,जनरल सेक्रेटरी (एफएमसी) निशांत उज्जवल,फिल्म निमार्ता अशोक पंडित, संजीव सिंह (बॉबी),सेक्रेटरी अनिल नागरथ आदि ने बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के नवनियुक्त मंत्री नीतीश मिश्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर इंपा के प्रेसिडेंट अभय सिन्हा ने फिल्मकारों को बिहार में सुविधाएं देने पर पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा और बिहार सरकार का आभार जताया।

# पीटीआई के गिरफ्तार सांसदों के लिए पाकिस्तान का संसद लॉज बना उप-जेल, इन मामलों में हो रही कार्रवाई



पाकिस्तान के नेशनल असेंबली के सदस्यों के आवासीय क्वार्टर को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के 10 सांसदों के लिए उप-जेल घोषित किया गया है, ताकि वे सभी संसद की बैठकों में भाग ले सकें। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सांसदों को रविवार को इस्लामाबाद के बाहरी इलाके सांगजानी में पार्टी की सार्वजनिक सभा के बाद आतंकवाद विरोधी अधिनियम और हाल ही में लागू किए गए शांतिपूर्ण सभा और सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम 2024 समेत कई आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

**नेशनल असेंबली के अध्यक्ष ने दी मंजूरी**...एक समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने शुक्रवार को संसद लॉज को उप-जेल के रूप में नामित करने को मंजूरी दे दी, जो वर्तमान में उन्हें आवंटित सुइट्स में हिरासत में लिए गए सांसदों के लिए है। नेशनल असेंबली सचिवालय के एक अधिकारी ने आंतरिक मंत्रालय के सचिव को लिखे पत्र में कहा, मुझे हाल ही में गिरफ्तार किए गए पीटीआई सांसदों के संबंध में नेशनल असेंबली स्पीकर की तरफ से 11 सितंबर को जारी किए गए प्रोडक्शन ऑर्डर का संदर्भ देने का निर्देश दिया गया है, ताकि वे नेशनल असेंबली के 9वें सत्र की बैठक में भाग ले सकें।

**पीटीआई सांसदों के खिलाफ दर्ज हैं कई मामले**...अखबार ने कहा कि संसद लॉज में नई व्यवस्था से सुरक्षा और प्रक्रियात्मक दोनों जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हिरासत में लिए गए सदस्य अपनी मौजूदा कानूनी परिस्थितियों को संभालते हुए अपने विधायी कर्तव्यों को पूरा कर सकें। यह निर्णय पार्टी के अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान और अन्य सदस्यों की तरफ से बढ़ी हुई सुरक्षा चिंताओं के कारण किए गए अनुरोध के बाद लिया गया है। पुलिस ने राजधानी क्षेत्र के पास मौजूद संगजानी, सुंबल और नून पुलिस स्टेशनों में 10 सांसदों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, अधिकारियों ने कहा कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने उन्हें न्यायिक रिमांड प्रदान की है।

**आतंकवाद से संबंधित अपराधों का आरोप**...अधिकारियों ने कहा कि उप-जेलों के अंदर और बाहर कोई विशेष व्यवस्था और तैनाती नहीं है क्योंकि वहां पहले से ही पुलिस मौजूद थी, उन्होंने कहा कि उपलब्ध पुलिस अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग किया जा रहा है। रविवार को रैली के दौरान पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हिंसा के आरोपों में कई पीटीआई नेताओं, जिनमें उच्च पदस्थ व्यक्ति भी शामिल हैं, पर आतंकवाद से संबंधित अपराधों का आरोप लगाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी की शाखा ने तमिलनाडु में पवन ऊर्जा संयंत्र चालू किया




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने रविवार को घोषणा की कि उसकी सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी टू लिमिटेड ने तमिलनाडु के तूतीकोरिन में 300 मेगावाट का पवन फार्म सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा, आईएसटीएस (इंटर-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम) से जुड़ी पवन ऊर्जा परियोजना को सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) द्वारा ट्रेंच एक्स में प्रदान किया गया है। कंपनी के अनुसार, यह पहला ग्रीनफील्ड पवन फार्म है जिसे उसने रएउकके लिए चालू किया है। कंपनी ने कहा कि नई लॉन्च की गई पवन फार्म परियोजना उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो में महत्वपूर्ण योगदान देगी और हरित और टिकाऊ भविष्य के उसके दृष्टिकोण का समर्थन करेगी। तमिलनाडु के दारापुरम में एसईसीआई ट्रेंच एक्स के तहत 150 मेगावाट अतिरिक्त पवन ऊर्जा क्षमता भी पूरी की जा रही है, जिसमें से 138 मेगावाट पहले ही चालू हो चुकी है।इसके अनुसार, वर्तमान कुल स्थापित क्षमता 7,726 मेगावाट है और निमार्णाधीन क्षमता 2,114 मेगावाट है। संचालन की शुरूआत 2025 वित्तीय वर्ष के अंत तक करने की योजना है। इस कंपनी की वर्तमान स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता 2152 मेगावाट है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ शरद महेंद्र ने एक बयान में कहा कि यह उपलब्धि कंपनी को वित्त वर्ष 2025 तक 10 गीगावॉट स्थापित क्षमता के लक्ष्य के करीब ले जाती है। इसके अलावा, हमारे पास नवीकरणीय परियोजनाओं की एक मजबूत पाइपलाइन है और हम 2030 तक अपने 20 गीगावॉट लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर हैं। जेएसडब्ल्यू एनर्जी की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 18.2 गीगावॉट है, जिसमें पवन, सौर, पनबिजली और थर्मल पावर प्लांट शामिल हैं।

### ब्लैक बॉक्स को भारत में कारोबार में हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद




**नई दिल्ली।** कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईटी शाखा ब्लैक बॉक्स एस्सार ग्रुप को भारत में अपने कारोबार की हिस्सेदारी 1-2 प्रतिशत बढ़ाने और 2027-28 तक 2 अरब डॉलर की कंपनी बनने की उम्मीद है। ब्लैक बॉक्स के सीईओ संजीव वर्मा ने पीटीआई को बताया कि कंपनी हाइपरस्केलर डेटा सेंटर सहित मिशन-महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के लिए आईटी बुनियादी ढांचे के निर्माण में माहिर है, और अपनी विशेषज्ञता को भारतीय बाजार में लाने की योजना बना रही है क्योंकि दुनिया भर में कंपनी की कई ग्राहक कंपनियां यहां स्थित हैं। भारतीय बाजार. देश। उन्होंने कहा कि कंपनी की योजना भारत में सभी स्तरों पर कर्मचारियों की संख्या मौजूदा 600 से बढ़ाकर लगभग 1,000 करने की है। ह्लफिलहाल हमारे कारोबार में भारत की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत है। हमें इसके बहुत बड़े होने की उम्मीद नहीं है, लेकिन अगर हमें 2 अरब डॉलर तक पहुंचना है, तो हमारे लिए इसे 7-8 प्रतिशत तक लाना महत्वपूर्ण होगा।" वर्मा ने कहाः कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग $750 मिलियन का राजस्व दर्ज किया। वर्मा ने कहा कि ब्लैक बॉक्स का लक्ष्य कुछ वैश्विक ग्राहकों के साथ साझेदारी करके भारत में मूल्य जोड़ना है जो "बहुत बड़े और जटिल" हैं। ह्लदिलचस्प बात यह है कि उनमें से कई (वैश्विक ग्राहक) भारत भी आ रहे हैं। उन्होंने कहा, "हम यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी परियोजनाओं पर काम करते समय उनसे प्राप्त अनुभव का उपयोग करने का प्रयास करते हैं।" ब्लैक बॉक्स का लक्ष्य 2027-28 तक 2 बिलियन डॉलर की कंपनी बनने का है। वर्मा ने कहा कि भारत न केवल एक बड़ा स्थानीय बाजार है, बल्कि वैश्विक विशेषज्ञता और आपूर्ति के मामले में भी कंपनी के लिए काफी रणनीतिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि कंपनी दुनिया भर के ग्राहकों को सेवा देने के लिए भारत में बिजली केंद्रों में निवेश कर रही है। वर्मा ने कहा, "हमने अब यह संख्या लगभग 300 से बढ़ाकर 600 कर दी है। हमें उम्मीद है कि अगले वित्तीय वर्ष तक यह संख्या 800 से अधिक और अगले कुछ वर्षों में लगभग 1,000 हो जाएगी।" हमारी कुल भर्ती अधिक होगी क्योंकि हम नए स्थानीय बाजारों को भी नियुक्त करेंगे।

### ICRA ESG रेटिंग्स ने इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज को रेटिंग चुना



**नई दिल्ली।** ICRA ESG रेटिंग्स लिमिटेड ने अपनी पहली पर्यावरण, सामाजिक और शासन रेटिंग गैर-बैंक वित्तीय फर्म कउफ्क्ष फाइनेंशियल सर्विसेज को सौंपी है। ICRA ESG को इस साल की शुरूआत में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (रएइक) से श्रेणी कएरऋरेटिंग प्रदाता के रूप में पंजीकरण प्राप्त हुआ। ICRA ESG को पहले प्रगति डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड (ढऊ्रछ) के नाम से जाना जाता था। आईसीआरए की सहायक कंपनी आईसीआरए ईएसजी रेटिंग्स लिमिटेड (आईसीआरए ईएसजी) ने कहाः "इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है जो [आईसीआरए ईएसजी] रेटिंग के साथ खुदरा, छात्र और वाणिज्यिक ऋण पर केंद्रित है।

हिट 57, मीडियम ।इसके अलावा, आईसीआरए ईएसजी द्वारा प्रदान की गई रेटिंग निवेशकों को कंपनियों से जुड़े गैर-वित्तीय जोखिमों और अवसरों का आकलन करने, बेहतर निवेश निर्णय लेने में मदद करती है और इस तरह अधिक टिकाऊ और जिम्मेदार निवेश माहौल में योगदान करती है। उन्होंने कहा कि रेटिंग से रेटेड कंपनियों को अपने ईएसजी प्रभावों को बेहतर ढंग से समझने और पहचानने और तदनुसार भविष्य की स्थिरता उपायों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में मदद मिलती है।

विकास पर टिप्पणी करते हुए, आईसीआरए लिमिटेड के एमडी और ग्रुप सीईओ रामनाथ कृष्णन ने कहा कि भारत में ईएसजी रेटिंग की शुरूआत सकारात्मक बदलाव और अधिक समावेशी और पर्यावरण के अनुकूल कारोबारी माहौल बनाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करेगी।

उन्होंने कहा, ह्लइस विकास के साथ, आईसीआरए समूह ईएसजी रेटिंग और स्कोर सहित व्यापक जोखिम निगरानी समाधान पेश करने वाली भारतीय कंपनियों की श्रेणी में शामिल हो गया है, जो सतत विकास और जिम्मेदार निवेश को बढ़ावा देते हैं। "इसे हासिल करने के हमारे प्रयासों में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# अदानी पोर्टफोलियो कंपनियां महाराष्ट्र को थर्मल बिजली की आपूर्ति करेंगी



**अहमदाबाद।** अदानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और अदानी पावर लिमिटेड (एपीएल) ने महाराष्ट्र को 6,600 मेगावाट हाइब्रिड सौर और थर्मल बिजली की आपूर्ति के लिए बोली जीती है, रविवार को इसकी घोषणा की गई।अदानी ग्रीन महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के साथ राज्य को 5,000 मेगावाट (5जीडब्ल्यू) सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए एक दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर करेगी।अदानी पावर को दिए गए आशय पत्र (एलओआई) के अनुसार, सौर ऊर्जा की आपूर्ति गुजरात के कच्छ के खावड़ा में विकसित किए जा रहे दुनिया के सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा पार्क से होगी।साथ ही, अदानी पावर एक नई 1,600 मेगावाट अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर परियोजना से महाराष्ट्र को 1,496 मेगावाट (शुद्ध) थर्मल पावर की आपूर्ति के लिए एमएसईडीसीएल के साथ एक दीर्घकालिक बिजली आपूर्ति समझौते (पीएसए) पर हस्ताक्षर करेगी।

कुल 6,600 मेगावाट क्षमता को एमएसईडीसीएल द्वारा संयुक्त 1,600 मेगावाट तापीय और 5,000 मेगावाट सौर ऊर्जा की खरीद के लिए शुरू की गई प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से सुरक्षित किया गया है।

अडानी ग्रीन एनर्जी के कार्यकारी निदेशक सागर अडानी ने कहा, "हमें अक्षय स्रोतों के माध्यम से राज्यों की बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने और अपनी अक्षय ऊर्जा प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए एमएसईडीसीएल के साथ सहयोग करने में खुशी है। हमारा लक्ष्य भारत के स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण को गति देना है। यह देश की ऊर्जा स्वतंत्रता और एक स्थायी भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने आगे कहा कि रणनीतिक स्थानों पर सुरक्षित संसाधन-समृद्ध साइटों, अक्षय ऊर्जा और भंडारण समाधानों के पोर्टफोलियो मिश्रण, एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और स्पष्ट निकासी योजनाओं के साथ अडानी ग्रीन 50 गीगावाट लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अच्छी स्थिति में है। 5 गीगावाट का सौर क्षमता पुरस्कार 2020 के बाद से दुनिया का सबसे बड़ा ऐसा पुरस्कार है, जो भारत में एजीईएल के नेतृत्व को मजबूत करता है और वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े अक्षय ऊर्जा (आरई) पोर्टफोलियो में से एक है।

इसी तरह, हाल के वर्षों में निजी क्षेत्र को दिया गया थर्मल क्षमता पुरस्कार देश में सबसे बड़ा है।25 वर्षों की अवधि के लिए बिजली की आपूर्ति के लिए 2.70 रुपये प्रति किलोवाट घंटे के फ्लैट टैरिफ पर सौर क्षमता आवंटित की गई है। कंपनी ने कहा कि एमएसईडीसीएल के साथ पीपीए के निष्पादन से तीन साल की अवधि में सौर परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। थर्मल क्षमता को ह्यशक्ति नीतिह्न के तहत आवंटित कोयला लिंकेज से ईंधन की सोर्सिंग के साथ डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व और संचालन (डीबीएफओओ) के आधार पर दिया गया है।

## भारतीय एयरलाइंस हांगकांग स्थित कार्गो टर्मिनल का उपयोग करें



**नई दिल्ली।** कैथे पैसिफिक एयरवेज का एक प्रभाग कैथे कार्गो को उम्मीद है कि भारतीय एयरलाइंस विभिन्न प्रकार के कार्गो को संभालने के लिए हांगकांग में अपने कार्गो टर्मिनल का उपयोग करेगी और पहले से ही इसी तरह के उद्देश्यों के लिए एयरलाइंस के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। कैथे कार्गो टर्मिनल्स के सीईओ मार्क वाट्स ने कहा कि इस सुविधा की क्षमता प्रति वर्ष 2.7 मिलियन टन कार्गो की होगी और यह हांगकांग के लिए उड़ान भरने वाली सभी एयरलाइनों के लिए उपलब्ध होगी। वाट्स ने पीटीआई के साथ एक साक्षात्कार में कहा, "वर्तमान में कोई भारतीय एयरलाइंस नहीं है, लेकिन हमें उम्मीद है कि अधिक भारतीय एयरलाइंस कैथे के कार्गो टर्मिनल का उपयोग करेंगी और हम अब उनके साथ सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।" हम बातचीत करते हैं. उन्होंने उस भारतीय एयरलाइन का नाम नहीं बताया जिसके साथ वह बातचीत कर रहे थे। श्री वाट्स ने कहा कि 100,000 वर्ग मीटर की सुविधा "अल्प से मध्यम अवधि में एक अच्छा आकार" थी और इसमें आगे विकास की गुंजाइश थी। ह्लहमारी सुविधा के समग्र आकार के संदर्भ में, हम वास्तव में मानते हैं कि लघु से मध्यम अवधि के लिए हम सही आकार के हैं। उन्होंने कहा, "हम लगातार बाजार की समीक्षा कर रहे हैं और सिस्टम की निगरानी के लिए इन-बैरल सुविधाओं पर विचार करेंगे।"

## 'अब बात को खत्म करिए', अन्नपूर्णा होटल ने मालिक के वित्त मंत्री से माफी मांगने पर जारी किया बयान



**चेन्नई।** तमिलनाडु की होटल चेन अन्नपूर्णा ने अपने मालिक डी श्रीनिवासन द्वारा वित्त मंत्री से माफी मांगने और उससे उपजे विवाद पर बयान जारी किया है। होटल चेन ने बयान जारी कर बात को अब खत्म करने की अपील की है। बयान में कहा गया है कि 'श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से निजी मुलाकात गलतफहमी को दूर करने के उद्देश्य से की थी, लेकिन इसका वीडियो अनजाने में सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया गया, जिससे काफी गलतफहमी और असमंजस की स्थिति पैदा हो गई।'

**बयान में कहा- बेकार की चचाओं पर विराम लगाएं...**अन्नपूर्णा होटल ने बयान में कहा है कि 'जिस व्यक्ति ने अनजाने में वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, उसके खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। अब बेकार की चचाओं और राजनीतिक बयानबाजी पर विराम लगे और लोग अब इस मुद्दे को खत्म कर आगे बढ़ें।' डी.श्रीनिवासन का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से माफी मांगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया था। यह वीडियो तमिलनाडु भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा साझा किया था, जिस पर खूब विवाद हुआ और इसे होटल मालिक का अपमान बताया गया। इस विवाद पर तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष अन्नामलाई ने माफी भी मांगी थी। वहीं सीएम एमके स्टालिन ने भी इस घटना को शर्मनाक करार दिया था और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की आलोचना की थी।

**क्या है मामला...**दरअसल बीते दिनों केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कोयंबटूर के दौरे पर गईं थी। उस दौरान एक कार्यक्रम में मशहूर रेस्तरां चेन श्री अन्नपूर्णा रेस्तरां के मालिक श्रीनिवासन ने जीएसटी की जटिलता की शिकायत वित्त मंत्री से की। व्यवसायी ने कहा कि मिठाई पर जीएसटी 5 प्रतिशत है, जबकि नमकीन पर 12 प्रतिशत। क्रीम से भरे बन पर जीएसटी 18 प्रतिशत है, जबकि बन पर कोई जीएसटी नहीं है। ग्राहक अक्सर इसकी शिकायत करते हैं और कहते हैं कि हमें सिर्फ बन दे दीजिए, हम खुद उसमें क्रीम लगा लेंगे। श्रीनिवासन की बातें सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग हंस पड़े। इस दौरान वित्त मंत्री भी मुस्कुराती नजर आईं और उन्होंने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया।

इसके बाद श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से निजी मुलाकात की, जिसमें श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से माफी मांगी और दावा किया कि वह किसी पार्टी से नहीं जुड़े हुए हैं और उन्होंने जो बात कही, वह राजनीति से प्रेरित नहीं है। विवाद तब हुआ, जब श्रीनिवासन की माफी का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर दिया गया। इसे लेकर विपक्षी पार्टियों ने भाजपा को घेरने की कोशिश की।

# DCGI ने औषधि निरीक्षकों के लिए नया कोड जारी किया



**नई दिल्ली।** भारतीय औषधि नियंत्रण निदेशालय (डीसीजीआई) ने एक समान, पूवार्नुमेय और जिम्मेदार परीक्षण, नमूनाकरण और निकासी सुनिश्चित करने के लिए देश भर में दवा निरीक्षकों के लिए नए मानदंड जारी किए हैं। 12 सितंबर को सभी क्षेत्रों, उप-क्षेत्रों और बंदरगाह अधिकारियों को भेजे गए एक परिपत्र में, दवा निरीक्षकों को दवा नमूनाकरण विधियों का अनुपालन करने और सौंदर्य प्रसाधन और स्वच्छता उत्पादों जैसे आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी करने का निर्देश दिया गया था। नए कोड में एक दशक से अधिक पुरानी नीतियों को बदलने का जोखिम है क्योंकि यह प्रक्रियाओं में बदलाव और नियामक प्रणाली में सुधार को ध्यान में रखता है।नए नियमों के अनुसार, सभी दवा परीक्षक, संबंधित अधिकारियों के परामर्श से, मासिक और वार्षिक नमूना योजना तैयार करेंगे और पूरे क्षेत्राधिकार में नमूना बिंदु नामित करेंगे। नमूनाकरण योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग की जाने वाली दवाएं, ऐसे क्षेत्र जहां कुछ बीमारियां स्थानिक हैं, और मौसमी बीमारियों की दवाएं शामिल हैं। एकीकृत दवा नमूनाकरण पद्धति की शुरूआत से बाजार में उपलब्ध दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों की गुणवत्ता और प्रभावशीलता की प्रभावी ढंग से निगरानी करने में मदद मिलेगी। निरीक्षकों को दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों, चिकित्सा उपकरणों और टीकों के नमूने एकत्र करने होंगे। देश में उपलब्ध दवाओं की सुरक्षा, प्रभावशीलता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दवाएं औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 द्वारा शासित होती हैं।

**केंद्रित सूची...**गाइड के अनुसार, दवा निरीक्षक आगे के दुरुपयोग को रोकने और बाजार में वास्तविक उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए घटिया या नकली दवाओं की एक केंद्रीकृत सूची बनाए रखेंगे। सरकारी विश्लेषकों द्वारा एनएसक्यू की मासिक घोषणा की जानी चाहिए और जनता के लिए उपलब्ध करायी जानी चाहिए। आपको अपने उत्पाद के लिए कार्रवाई शुरू करनी होगी. लगातार प्रवर्तन के लिए, दवा नियामकों को यह आकलन करने के लिए साइट पर निरीक्षण करना चाहिए कि गुणवत्ता प्रणाली और बुनियादी ढांचे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जीएमपी मानकों को पूरा करते हैं या नहीं। हालाँकि, परीक्षण उचित दस्तावेजों और निमार्ता की जानकारी के साथ किया जाना चाहिए।

## ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म द्वारा सरकार पैनल गठित करने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** डीजीजीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के प्रसार पर अंकुश लगाने और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए ईडी, आरबीआई, कर और उपभोक्ता मामलों के विभागों के प्रतिनिधियों से मिलकर एक अंतर-मंत्रालयी समिति का गठन किया जा सकता है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की जीएसटी खुफिया शाखा ने 118 घरेलू ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं और 1,10,531.91 करोड़ रुपये के करों से संबंधित आरोपों पर 34 करदाताओं को नोटिस जारी किए हैं। इन गेमिंग कंपनियों को 28 फीसदी की दर से जीएसटी का भुगतान न करने पर नोटिस दिया गया है.इसके अतिरिक्त, 658 अपतटीय कंपनियों की पहचान अपंजीकृत/गैर-अनुपालक कंपनियों के रूप में की गई है और डीजीजीआई द्वारा उनकी जांच की जा रही है। इसने 167 यूआरएल/वेबसाइटों को ब्लॉक करने की भी सिफारिश की। जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि कर चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग, साइबर धोखाधड़ी, किशोर अपराध और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक मुद्दों के मामले में ऑनलाइन जुआ एक "उच्च जोखिम वाला उद्योग" है। 1 अक्टूबर 2023 से कानूनी स्पष्टता के बावजूद गेमिंग कंपनियों को टैक्स के दायरे में लाना एक चुनौती बनी हुई है।

## सैमसंग-शायोमी जैसी कंपनियों की अमेजन-फ्लिपकार्ट से सांठगांठ? सीसीआई ने बताया उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ




**नई दिल्ली।** सैमसंग, शायोमी और कई अन्य स्मार्टफोन कंपनियों की ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन और फ्लिपकार्ट के साथ कथित सांठगांठ का खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोबाइल कंपनियां अमेजन और फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर विश्वास विरोधी कानून का उल्लंघन कर रहीं हैं। इस मामले में प्रतिस्पर्धा आयोग ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजन-फ्लिपकार्ट पर लगे आरोप...**मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रतिस्पर्धा आयोग ने जांच के दौरान पाया कि अमेजन और फ्लिपकार्ट ने स्थानीय प्रतिस्पर्धी कानून का उल्लंघन किया है और चुने हुए बिक्रीकताओं के उत्पादों को लिस्टिंग में प्राथमिकता दी और साथ ही उत्पादों पर छूट देकर अन्य कंपनियों को नुकसान पहुंचाया। प्रतिस्पर्धा आयोग की रिपोर्ट में अमेजन पर आरोप है कि उसने पांच कंपनियों- सैमसंग, शायोमी, मोटोरोला, रीयलमी और वन प्लस को फायदा पहुंचाया और इन कंपनियों के एक्सक्लूसिव फोन्स को अपने प्लेटफॉर्म पर लॉन्च कराया। इस तरह अमेजन ने प्रतिस्पर्धा कानून का खुला उल्लंघन किया।

वहीं सीसीआई ने फ्लिपकार्ट पर आरोप लगाया कि इसने सैमसंग, शायोमी, मोटोरोला, वीवो, लिनोवो और रीयलमी जैसी कंपनियों के उत्पादों को लिस्टिंग आदि में प्राथमिकता के साथ ही इनके उत्पादों पर छूट दी। सीसीआई का कहना है कि यह मुक्त और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के नियम के खिलाफ है, साथ ही यह उपभोक्ताओं के हितों के भी खिलाफ है। अभी तक इस मामले में शामिल किसी भी मोबाइल कंपनी और न ही अमेजन या फ्लिपकार्ट की तरफ से कोई बयान जारी किया गया है।

**इससे छोटे दुकानदारों को हो रहा नुकसान...**सीसीआई की ताजा रिपोर्ट अमेजन और फ्लिपकार्ट के लिए झटका साबित हो सकती है क्योंकि ये कंपनियां पहले ही छोटे दुकानदारों की नाराजगी का सामना कर रही हैं। छोटे दुकानदारों का कहना है कि ये कंपनियां भारत के खुदरा बाजार में अपना स्वामित्व स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं। दुकानदारों का आरोप है कि कंपनियां अपने एक्सक्लूसिव फोन अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी वेबसाइट्स को उपलब्ध करा रही हैं, इससे ग्राहक जब उनकी दुकान पर आते हैं तो उन्हें निराशा हाथ लगती है। ऐसे में वे ऑनलाइन ही मोबाइल फोन और अन्य गैजेट्स की खरीददारी कर रहे हैं।

# भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा 2024 में 66 अरब डॉलर की वृद्धि




**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले कुछ महीनों से लगातार बढ़ रहा है। इस साल अब तक भारतीय विदेशी मुद्रा भंडार में 66 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है और अभी यह 689.235 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। यह विदेशी मुद्रा भंडार देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक आर्थिक संकटों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी हालिया आंकड़ों के मुताबिक, भारत की विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) अब 604.144 अरब डॉलर के स्तर पर है। यह विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा है। इसके साथ ही, सोने के भंडार की कीमत वर्तमान में 61.988 अरब डॉलर है।

**दो साल पहले आई थी 71 अरब डॉलर की कमी...**अनुमानों के मुताबिक, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अब करीब एक वर्ष की अनुमानित आयात लागत को कवर करने के लिए पर्याप्त है। कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में करीब 58 अरब डॉलर की वृद्धि की थी। इसके विपरीत 2022 में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में कुल 71 अरब डॉलर की कमी आई थी।

**बाजार की अस्थिरता को नियंत्रित करता है आरबीआई...**विदेशी मुद्रा भंडार को फॉरेक्स रिजर्व भी कहा जाता है। यह हर देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्रधिकरण द्वारा रखी गईं संपत्तियां होती हैं। ये आमतौर रिजर्व मुद्राओं में रखी जाती हैं, जैसे अमेरिकी डॉलर, यूरो, जापानी येन, पाउंड आदि। आरबीआई विदेशी मुद्रा बाजारों की निगरानी करता है और बाजार की स्थिति व्यवस्थित रखने के लिए दखल देता है। यह बाजार में अस्थिरता को नियंत्रित करने की भी कोशिश करता है। आरबीआई आमतौर पर डॉलर की बिक्री के जरिए लिक्विडिटी प्रबंधन में भी हस्तक्षेप करता है, ताकि रुपये की भारी गिरावट को रोका जा सके।

एशिया के स्थिर मुद्राओं में से एक भारतीय रुपया

एक दशक पहले भारतीय रुपया एशिया की अस्थिर मुद्राओं में से था। लेकिन अब, यह सबसे स्थिर मुद्राओं में से एक बन चुका है। यह बदलाव भारती बढ़ती आर्थिक ताकत और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रभावी प्रबंध का प्रमाण है।

## अदाणी समूह ने महाराष्ट्र में बिजली आपूर्ति की बोली जीती, जेएसडब्ल्यू एनर्जी-टॉरेंट पावर को पछाड़ा




**मुंबई** । महाराष्ट्र को दीर्घ अवधि के लिए 6,600 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा और ताप बिजली की आपूर्ति की बोली अदाणी समूल ने जीत ली है। कंपनी ने इसके लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी, जिसमें उन्होंने जेएसडब्ल्यू एनर्जी और टॉरेंट पावर को पीछे छोड़ दिया। मामले की जानकारी देने वाले सूत्रों ने बताया कि 25 साल के लिए नवीकरणीय और ताप बिजली दोनों की आपूर्ति के लिए अदाणी समूह की बोली महाराष्ट्र द्वारा फिलहाल खरीदी जा रही बिजली की दर से एक रुपये यूनिट कम है। लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी होने की तारीख से 48 महीनों में बिजली की आपूर्ति शुरू होनी है।

अदाणी समूह अपनी पूरी आपूर्ति अवधि के दौरान सौर बिजली की आपूर्ति 2.70 रुपये प्रति यूनिट की दर पर करेगी। जबकि कोयले से उत्पादित बिजली का दाम कोयला कीमतों के आधार पर निर्धारित होगा। महाराष्ट्र राज्य बिजली वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) ने मार्च में सूरज की रोशनी से उत्पन्न पांच हजार मेगावाट बिजली और कोयले से उत्पन्न 1600 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए एक विशेष टेंडर निकाला था। इसे लोकसभा चुनाव होने से पहले जारी किया गया था और विधानसभा चुनाव शुरू होने से पहले इसे अदाणी को दे दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि अदाणी समूह ने अनुबंध जीतने के लिए 4.08 रुपये प्रति यूनिट की बोली लगाई थी। दूसरी सबसे कम बोली 4.36 रुपये प्रति यूनिट जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने लगाई थी। यह महाराष्ट्र में पिछले साल खरीदी गई औसत बिजली कीमत 4.70 रुपये प्रति यूनिट से कम है। महाराष्ट्र बिजली नियामक आयोग (एमईआरसी) ने 2024-25 के लिए बिजली खरीद की औसत कीमत 4.97 रुपये प्रति यूनिट तय की है। चार कंपनियों ने 25 साल के लिए बिजली आपूर्ति के टेंडर में भाग लिया था। देश का सबसे बड़ा ताप बिजली उत्पादक अदाणी पावर की उत्पादन क्षमता 17 गीगावाट से अधिक है, जो 2030 तक बढ़कर 31 गीगीवाट तक हो जाएगी। इसके साथ ही अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड 11 गीगावाट की उत्पादन क्षमता के साथ देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी है।

# मिल सकती है फूलों से कोमल काया



तेज रसायनयुक्त उत्पाद आपकी त्वचा पर रूखापन और खिंचाव पैदा करते हैं। कृत्रिम खुशबूदार उत्पाद भी आपकी त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते है। इसलिए आप अपनी त्वचा की बेहतर देखभाल के लिए अधिक से अधिक प्राकृतिक चीजों का इस्तेमाल करे, साथ ही यहां दिए जा रहे टिप्स पर भी ध्यान रखें।

**साफ रखें अपनी त्वचा**

सौंदर्य विशेषज्ञा डॉली कपूर कहती है कि आपकी त्वचा साफ रहे इसके लिए आवश्यक है त्वचा को साफ रखना। अत्यधिक रसायनयुक्त क्रीम या प्रसाधनों के इस्तेमाल से बचें। हफ्ते में एक बार गुनगुने पानी से स्नान त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। घरेलू फेसपैक से त्वचा को दें नया निखार। इसके लिए दो चम्मच गेहूं के आटे में एक चम्मच बादाम रोगन, एक चम्मच गुलाबजल मिलाकर पेस्ट बना लें और उसे चेहरे पर दस मिनट तक लगाएं। फिर हलके हाथों से मलकर छुड़ाएं। ऐसा हफ्ते में दो बार करे। इससे आपकी त्वचा कांतिमय हो जाएगी और उसे बाहरी व आंतरिक नमी भी मिलेगी।

**तनाव से रहे दूर**

तनाव कई प्रकार के होते है। शारीरिक तनाव तब होता है, जब आप अत्यधिक कार्य करती है और कुछ समय बाद आपका शरीर थक जाता है। इसका सीधा असर आपकी त्वचा पर पड़ता है, क्योंकि इससे आपकी त्वचा के लिए जरूरी नमी खत्म होने लगती है और त्वचा रूखी और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने शरीर को आवश्यकतानुसार आराम करने का भी मौका दें। जब आप तनाव में होती है तो उसका असर भी आपकी त्वचा पर पड़ता है। जो स्त्रियां अधिक तनाव में रहती है उनकी त्वचा उम्र से पहले झुर्रियों युक्त, रूखी, बेजान हो जाती है। जहां तक हो छोटे-छोटे, अनावश्यक तनावों को मन में पाले न रहे। उनसे जितनी जल्दी हो मुक्ति पाने का प्रयास करे। आप अगर खुश रहेगी तो आपका चेहरा भी खिला-खिला नजर आएगा।

**बचें मानसिक तनाव से**

यह तो सभी को पता है कि चिंता चिता के समान होती है। लेकिन इस बात की जानकारी कम ही लोगों को होगी कि अत्यधिक चिंता करने से आपकी त्वचा को नमी प्रदान करने वाली ग्रंथियों का संतुलन भी बिगड़ जाता है, जिसका परिणाम तुरंत आपकी त्वचा पर दिखता है जैसे-झुर्रियां, रूखापन और लकीरे। मानसिक तनाव से बचने के लिए जरूरी है कि आप चीजों को सकारात्मक रूप से लें। अधिक तनाव आपके स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है।

**करे भावनाओं पर नियंत्रण**

वैवाहिक मतभेद या किसी अपने से अलग होने का गम, प्यार में धोखा खाने से आप भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त हो जाती है। इसका प्रभाव आपकी त्वचा पर साफ दिखाई देता है। आप खुद ही महसूस करे कि कई बार गुस्से या शर्म से आपका चेहरा लाल हो जाता है। देखिए कि कैसे भावनाओं का सीधा असर आपके चेहरे पर पड़ता है। बहुत अधिक तनावग्रस्त होने पर आपकी त्वचा कई बार फटने लगती है या फिर जो स्त्रियां हमेशा तनाव में रहती है उनके माथे और आंखों के आसपास लकीरें बन जाती है। इन लकीरों का उम्र से कोई वास्ता नहीं होता है। ऐसे तनाव से बचने के लिए मेडिटेशन या ध्यान एक अच्छा उपाय है। इसे अपनी आदत बनाएं। सिर्फ एक दिन-दो दिन योग या मेडिटेशन करने भर से ही तनाव कम नहीं होता। सुबह उठकर टहलें। हरे-भरे, रंगीन फूलों से लदे पेड़ आपमें जीने की नई ललक और ऊर्जा भर देंगे और आपका मन हलका हो जाएगा।

**वरदान है पानी**

खूब पानी पिएं। सौंदर्य विशेषज्ञा मीनाक्षी दत्त और वंदना लूथरा का कहना है कि पानी त्वचा के लिए वरदान है। पानी में कुछ मसालों का प्रयोग करके उसे और भी फायदेमंद बनाया जा सकता है। जिसका एक आसान तरीका यह है कि पानी उबालें और उसे एक जार में डाल दें। अब उसमें काली मिर्च पाउडर, गुलाब की 5-6 पंखुड़ियां और एक चुटकी इलायची पाउडर डालकर जार ढंक दें। फिर इसे थोड़ा-थोड़ा दिन में कई बार पिएं। ठंडाई का भी सेवन करे।

**मालिश दे युवा त्वचा**

तेल मालिश से त्वचा स्वस्थ और लंबे समय तक युवा रहती है। बेहतर परिणाम के लिए नहाने से पूर्व रोजाना हर्बल तेल से अपनी त्वचा की मालिश करे। अपने मनपसंद बॉडी ऑयल से नहाने के 45 मिनट पूर्व तेल मालिश करें। फिर पानी में रोज एसेंशियल ऑयल डालकर नहाएं।

सीखें खुश रहना

जब आप अच्छी-अच्छी बातें सोचती है और खुश रहती है तो आपके चेहरे पर एक अलग चमक और रौनक आ जाती है। खुश रहने से त्वचा में एकत्रित नमी का संतुलन बना रहने के साथ ही रक्तसंचार भी सुचारु रूप से होता है। खुलकर हंसना एक अच्छी एक्सरसाइज भी है। आप खुद ही आजमाकर देख लीजिए।

अपने लिए निकालें समय

अपने व्यस्त जीवन में अपने लिए समय निकालना भी बेहद जरूरी है। हफ्ते में कोई एक दिन ऐसा निकालें जो सिर्फआपके नाम हो। इस दिन आप अपने हाथों, पैरों और त्वचा की संपूर्ण सफाई के लिए कुछ घरेलू पैक बनाएं। सौंदर्य विशेषज्ञा सुपर्णा त्रिखा कहती है कि अगर आपके पास ज्यादा समय न हो तो कोई एक गूदेदार मौसमी फल को मैश करके त्वचा पर हलके हाथों से कुछ देर स्क्रब करे। फिर ऐसे ही छोड़ दें। फिर ठंडे पानी धोकर पोंछ लें। इसी प्रकार हाथों और पैरों का सौंदर्य बढ़ाने के लिए हलके गर्म पानी में कुछ बूंदें ग्लिसरीन और आधा चम्मच पिसी फिटकरी मिलाकर अपने हाथों और पैरों को उसमें डुबोएं।

फिर नीबू के छिलके से कोहनियों को अच्छी तरह साफ करे। साफ पानी से धोकर सुखा लें। फिर बॉडी क्रीम लगाएं। अगर आप हफ्ते में एक बार भी ऐसा करती है तो त्वचा के लिए जरूरी पोषण आसानी से मिल जाएगा। ऐसे ही कुछ आसान तरीके अपनाकर आप अपनी त्वचा ही नहीं, बल्कि तन और मन को स्वस्थ रख सकती है।

# त्वचा को ताजगी देने वाले नायाब फेसपैक

चेहरे की चमक और सौंदर्य अधिक समय तक कायम रहे, इसके लिए उसकी कुदरती देखभाल बहुत जरूरी है। फिर कुदरत ने हमें ऐसे अनमोल उपहार भी तो दिए है जिनके उपयोग से न सिर्फ रंगत में निखार आता है, बल्कि त्वचा कोमल, साफ-सुथरी और चमकदार हो जाती है। अगर शुरू से ही आप नियमित रूप से त्वचा की देखभाल करे तो आपकी त्वचा लंबे समय तक स्वस्थ और खूबसूरत बनी रह सकती है। उसमें कसाव और लचीलापन भी बरकरार रह सकता है। प्रकृति ने हमें तमाम ऐसी चीजें उपहार में दी है जिनके सही उपयोग से हमारी त्वचा लंबे समय तक युवा, आकर्षक और तरोताजा बनी रह सकती है। इस बार सखी कुछ ऐसे ही चुनिंदा प्रकृतिप्रदत्त फेसपैक सौंदर्य बढ़ाने के लिए लाई है, जिन्हे अपनाकर आप वाकई लाजवाब और सुंदर नजर आएंगी, वह भी कुदरती तौर पर।

**क्यूकम्बर पैक**

1.1/2 छिला हुआ खीरा
2. 1 टी स्पून मिल्क पाउडर
3.1 टी स्पून नारियल पानी
4. 2 टेबल स्पून खरबूजे का गूदा

सभी को मिक्सी में डालकर खूब अच्छी तरह पेस्ट बना लें। चेहरे और गर्दन में लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर हलका-सा मलकर छुड़ाएं। यह पैक आपको दिनभर के लिए तरोताजा कर देगा और ठंडक भरा एहसास देगा।

1.1/2 कसा हुआ खीरा
2. 1 टी स्पून शहद
3. 2 टेबल स्पून दूध
4.1 बूंद पिपरमिंट ऑयल
5. 1 टी स्पून ठंडा पानी

सभी सामग्री को एकसाथ मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी चेहरा साफ कर लें। फिर चेहरे पर मॉयस्चराइजर लगाएं। त्वचा की नमी बरकरार रखने के लिए हर मौसम में मॉयस्चराइजर लगाना जरूरी होता है। यह पैक त्वचा को मुलायम बनाता है और उसे पोषण देने के साथ ही ताजगी प्रदान करता है। गर्मियों में यह फेसपैक हर प्रकार की त्वचा के लिए आदर्श है।

**त्वचा की रंगत बनाए रखने के लिए**

1. 1/2 कप लैनोलिन



2.1 कप ताजा कटा हुआ लैटयूज
3. 2 बूंद आपका मनपसंद परफ्यूम

लैनोलिन को शीशे के ग्लास में डालें और एक पैन में खूब गर्म पानी भरकर ग्लास को रखें ताकि लैनोलिन पूरी तरह से पिघल जाए। फिर उसमें कटे हुए लैंटयूज के पत्ते डालकर चलाएं और गर्म रखें। पानी से ग्लास हटाकर ठंडा करे फिर लकड़ी के चम्मच से खूब अच्छी तरह फेंटे। जब ठंडा हो जाए तब चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद चेहरा धो लें। लैटयूज एक बेहतर स्किन रिफाइनर है। यह त्वचा को पोषण भी देता है और कांतिमय भी बनाए रखता है।

1.1 टुकड़ा पका पपीता

पपीते को मसल कर चेहरे पर लगाएं। आंखों का हिस्सा छोड़कर लगाएं। 10-15 मिनट बाद ताजे पानी से चेहरा साफ करे। ऐसा हफ्ते में दो बार करे। यह त्वचा को ताजगी प्रदान करेगा और लंबे समय तक युवा बनाए रखेगा।

1. 1/2 कप ताजा स्ट्रॉबेरी 2.1 टेबल स्पून ओटमील

स्ट्राबेरी को मसलकर पेस्ट बना लें फिर उसमें ओटमील मिलाएं। आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरा साफ कर लें। चेहरे की रंगत बढ़ाने के लिए स्त्रियां बरसों से स्ट्रॉबेरी का इस्तेमाल करती रही है।

**एंटी रिंकल क्रीम**

1. 50 ग्राम शुद्ध शहद
2. 25 ग्राम व्हाइट वैक्स
3. 50 ग्राम क्रश्ड व्हाइट लिली
4. 50 ग्राम प्याज का रस सभी सामग्री को किसी नॉन मेटैलिक कंटेनर में डालकर धीमी आंच पर पकाएं। अच्छी तरह चलाएं जब तक कि वैक्स पिघल न जाए। ठंडा करें और अच्छी तरह मिलाएं। चेहरे और गर्दन पर नीचे से ऊपर की दिशा में हाथ को घुमाते हुए लगाएं।

**एंटी रिंकल फेशियल मास्क ,**

1. 4 अंडों सफेदी
2. 8 ग्राम आमंड ऑयल
3. 25 मिली. गुलाबजल
4.12 ग्राम चंदन पाउडर

अंडे की सफेदी को फेंटकर एक नॉन मेटैलिक पैन में डालें और फिर उसमें गुलाबजल मिलाकर 1/2 मिनट के लिए उबालें फिर उसमें आमंड ऑयल, चंदन पाउडर मिलाकर खूब अच्छी तरह ब्लेंड करे और बोतल में भर लें। जरूरत भर निकालकर चेहरे पर मास्क की तरह लगाएं और सूखने पर ऊपर से नीचे की दिशा में निकालें। ताजे पानी से साफकरके मॉयस्चराइजर लगाएं।



**त्वचा में कसाव लाने के लिए**

1.1 अंडे की सफेदी
2. 1 टेबल स्पून शहद

अंडे की सफेदी को खूब अच्छी तरह फेंटकर उसमें शहद मिलाएं। फिर आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। दस मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। फिर इसका चमत्कार देखें, त्वचा कसाव के साथ-साथ प्राकृतिक चमक आ जाएगी। दूर से ही आपकी त्वचा स्वस्थ नजर आएगी।

1. 2 टेबल स्पून मिल्क
2.1 नींबू का रस
3.1 टेबल स्पून ब्रैंडी

सभी सामग्री को अच्छी तरह मिलाएं। कॉटन वूल की सहायता चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

1.1/2 कप पाउडर मिल्क
2.1 टेबल स्पून गर्म पानी
3. 3/4 टेबल स्पून दूध

सभी सामग्री मिलाकर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे शेविंग ब्रश से चेहरे व गर्दन पर हलके हाथों से तब तक मलते हुए लगाएं जब तक कि त्वचा गुलाबी न नज़र आने लगे। हलके गर्म पानी से चेहरा साफ़ करे। दोबारा लगाएं और 5-10 मिनट बाद फिर से गुनगुने पानी से धोकर ठंडे पानी से धोएं।

1. 3 टेबल स्पून दरदरी बार्ली
2. 1 टी स्पून शहद
3.1 अंडे की सफेदी

सभी सामग्री को एकसाथ अच्छी तरह मिलाएं। फिर चेहरे और गर्दन पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। बार्ली त्वचा को ठंडक प्रदान करती है और शहद त्वचा में कसाव लाता और धूप से त्वचा को सुरक्षा प्रदान करने में मदद करता है।

**क्लींजिंग मास्क**

1. 2 टेबल स्पून ओटमील
2.बटर मिल्क या खीरा का जूस सभी सामग्री मिलाकर आंखों के आसपास का हिस्सा छोड़कर चेहरे पर लगाएं। 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें।

# नीरज चोपड़ा ने दिखाया गजब का जज्बा... टूटे हाथ के साथ टूर्नामेंट में उतरे और किया कमाल

## नीरज ने फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग फाइनल खेला, एक्स-रे शेयर कर किया खुलासा, फाइनल में रनरअप रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने फ्रैक्चर के बावजूद डायमंड लीग फाइनल खेला। उन्होंने रविवार को खुद इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। वे 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे।

नीरज ने एक्स पर बताया कि चोटिल होने के बाद भी वह मैदान पर उतरे। उन्होंने कुछ तस्वीरों के साथ ही एक्स-रे भी शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उन्हें फ्रैक्चर था। उन्होंने लिखा, जैसे ही 2024 सीजन खत्म होता है, मैं उन सभी चीजों पर नजर डालता हूं जो मैंने इस साल सीखी हैं। सुधार, असफलताओं, मानसिकता और बहुत कुछ के बारे में। सोमवार को मैंने अभ्यास के दौरान खुद को घायल कर लिया और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया है। यह मेरे लिए एक और दर्दनाक चुनौती थी, लेकिन अपनी टीम की मदद से मैं ब्रुसेल्स में हिस्सा ले सका।






### बोले- यह साल का आखिरी टूर्नामेंट था

उन्होंने आगे कहा, यह साल का आखिरी टूर्नामेंट था और मैं अपना सीजन ट्रैक पर समाप्त करना चाहता था। हालांकि मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सीजन था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। अब मैं पूरी तरह से फिट और तैयार होकर वापसी करने के लिए काम करूंगा। मैं आपके प्रोत्साहन के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। 2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है। 2025 में मिलेंगे।

### फिर भी चैंपियन बनने से महज 0.01 मीटर दूर रह गए

नीरज चोपड़ा 2024 के डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपने तीसरे अटेम्प्ट में 87.86 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंका। वह चैंपियन बनने से 0.01 मीटर दूर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने पहले अटेम्प्ट में 87.87 मीटर का बेस्ट थ्रो फेंक कर पहला स्थान हासिल किया। नीरज ने अपने पहले अटेम्प्ट में 86.82 मीटर का थ्रो फेंका था। जर्मनी के जूलियन वेबर 85.97 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फाइनल में 7 जैवलिन थ्रोअर ने हिस्सा लिया था। जिनमें से 4 थ्रोअर 83 मीटर का थ्रो भी नहीं फेंक सके। डायमंड लीग फाइनल 13 और 14 सितंबर को बेल्जियम के ब्रुसेल्स स्थित किंग बौडॉइन स्टेडियम में हुआ। शुक्रवार को भारत के ही अविनाश साबले 3000 मीटर स्टीपलचेज इवेंट में 9वें नंबर पर रहे।

### नीरज ने पेरिस ओलंपिक में जीता था सिल्वर

टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज ने पिछले महीने खत्म हुए पेरिस ओलंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था। उन्होंने 89.45 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो किया था। पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि, वह डायमंड लीग का हिस्सा नहीं रहे। नीरज ने 2020 के टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। तब अरशद नदीम टॉप-5 प्लेयर्स में भी जगह नहीं बना सके थे। नीरज डायमंड लीग फाइनल को 2022 में जीत चुके हैं, 2023 में वह दूसरे स्थान पर रहे थे।

### चैम्पियन एंडरसन पीटर्स को क्या मिला?

डायमंड लीग के फाइनल में विजेता खिलाड़ी को डायमंड ट्रॉफी, 30,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि और वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड दिया जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि डायमंड लीग में कोई मेडल नहीं मिलता है। यानी ट्रॉफी जीतने और इनामी राशि हासिल करने के लिए टॉप पर आना होता है।

### फाइनल में नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन

| | | |
|---|---|---|
| पहला प्रयास | 86.82 | मीटर |
| दूसरा प्रयास | 83.49 | मीटर |
| तीसरा प्रयास | 87.86 | मीटर |
| चौथा प्रयास | 82.04 | मीटर |
| पांचवां प्रयास | 83.30 | मीटर |
| छठा प्रयास | 86.46 | मीटर |

### बारिश की भेंट चढ़ा इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टी20 मैच

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को खेला जाने वाला तीसरा और निर्णायक टी20 मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। इस तरह तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही। ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले का टॉस तक नहीं हो सका। ऐसे में दोनों टीमें संयुक्त विजेता बनीं। अब इन दोनों टीम के बीच पांच मैच की वनडे सीरीज खेली जाएगी, जिसका पहला मैच गुरुवार को ट्रेंट ब्रिज में होगा।

### पंजाब एफसी ने केरल को 2-1 से हराया

**कोच्चि।** फिलिप मिर्जलजैक के 95वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत पंजाब एफसी (पीएफसी) ने रविवार को केरल ब्लास्टर्स को 2-1 से हरा कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीज़न की शानदार शुरुआत की।

### डेविस कप में स्वीडन ने भारत को हराया

**स्टॉकहोम।** भारतीय टेनिस टीम को स्वीडन के खिलाफ डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप एक मुकाबले में 4-0 से हार का सामना करना पड़ा। स्वीडन के इलियास यमेर की अगुवाई वाली घरेलू टीम ने पहले दिन एन श्रीराम बालाजी और रविवार को सिद्धार्थ विश्वकर्मा पर जीत दर्ज की।

**दलीप ट्रॉफी : इंडिया-बी और सी का मैच ड्रॉ, कंबोज ने झटके 8 विकेट**

# इंडिया-ए ने डी को 186 रन से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दलीप ट्रॉफी 2024 के दूसरे राउंड में रविवार को इंडिया ए ने इंडिया डी को 186 रन से हरा दिया। इंडिया ए के ऑलराउंडर शम्स मुलानी को 89 रन और 4 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं इंडिया बी और इंडिया सी के बीच का मैच ड्रॉ हो गया। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को 38 रन और 8 विकेट के चलते प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। रविवार को चौथे दिन 488 रन का टारगेट चेज कर रही इंडिया डी की टीम 301 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम की तरफ से रिकी भूई ने सबसे ज्यादा 113 और कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 रन की पारी खेली। इंडिया डी की तरफ से तनुष कोटियान ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। शम्स मुलानी ने यश दुबे और देवदत्त पडीक्कल को पवेलियन भेजा।

उन्होंने यश दुबे (37 रन) को फॉलो-थ्रू पर रनआउट किया। फिर पडीक्कल को बोल्डकर दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर 41 रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर, इंडिया बी की टीम पहली पारी में 332 रन पर ऑलआउट हो गई। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 157 रन बनाए। नारायण जगदीशन ने 70 रन का योगदान दिया। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। अंशुल कंबोज ने 8 विकेट झटके। इंडिया सी ने पहली पारी में 525 रन बनाए। इंडिया सी को पहली पारी में 193 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के 57 और रजत पाटीदार के 42 राण के चलते इंडिया सी ने इंडिया बी को 321 रन का टारगेट दिया। लेकिन मैच में सिर्फ एक सेशन बचे होने की वजह से इंडिया बी के कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन और इंडिया सी के कप्तान गायकवाड़ ने मिलकर मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया। इंडिया सी के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शानदार बॉलिंग की। उन्होंने 27.5 ओवर में 69 रन देकर 8 विकेट लिए। उन्होंने नारायण जगदीशन, पिछले मैच के शतकवीर मुशीर खान और सरफराज खान को आउट किया। उनकी वजह से इंडिया सी को 193 रन की बढ़त मिली।




### रिकी भुई का शतक

इंडिया डी के बल्लेबाज रिकी भुई ने शानदार बल्लेबाजी की, वो एक साइड पर डटे रहे। उन्होंने 14 चौके और 3 छक्के की मदद से 113 रन बनाए। रिकी को तनुष कोटियान ने आउट किया।

# आयरलैंड ने 2009 के वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया

**डबलिन, एजेंसी।**

आयरलैंड ने इतिहास रचते हुए विमेंस टी-20 में 2009 की वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड को हरा दिया। रविवार को डबलिन में खेले गए दूसरे टी-20 को आयरलैंड ने 5 विकेट से जीता। टीम से ओर्ला प्रेंडरगास्ट ने 51 बॉल पर 80 रन की पारी खेली। दूसरे टी-20 में जीत के साथ आयरलैंड ने 2 टी-20 की सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया। इंग्लैंड ने पहला टी-20 मैच 67 रन से जीता था। इससे पहले वनडे सीरीज में भी आयरलैंड ने इंग्लैंड को एक मैच हराया था।आयरलैंड को आखिरी 7 गेंदों पर 7 रन की जरूरत थी। फिफ्टी बना चुकीं प्रेंडरगास्ट टिकी हुई थीं, लेकिन 19वें ओवर की आखिरी बॉल पर वह आउट हो गईं। उन्होंने 51 बॉल पर 13 चौकों की मदद से 80 रन बनाए। आखिरी ओवर में फिर आयरलैंड को 7 रन ही चाहिए थे। मैडी विलियर्स ओवर फेंकने आईं, उन्होंने पहली गेंद पर एक रन और दूसरी गेंद पर बाउंड्री दे दी। अब 4 गेंद पर 2 रन की जरूरत। यहां विलियर्स ने लगातार 2 विकेट ले लिए। पांचवीं गेंद पर क्रिस्टिना कूल्टर ने 2 रन बनाए और आयरलैंड को रोमांचक जीत दिला दी।



**महिला टी-20 में बड़ा उलटफेर**
**प्रेंडरगास्ट ने बनाए 80 रन, सीरीज 1-1 से बराबर**

### इंग्लैंड ने बनाए थे 169 रन

डबलिन में आयरलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। इंग्लैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 169 रन बनाए। टीम से टैमी ब्यूमोंट ने 40, पैज शोलफील्ड ने 34, ब्रायनी स्मिथ ने 28 और जॉर्जिया एडम्स ने 23 रन बनाए। आयरलैंड से ओर्ला प्रेंडरगास्ट, एरलीन केली और एमी मैग्युर ने 2-2 विकेट लिए। जबकि 2 बैटर्स रनआउट हुईं। 170 रन के टारगेट का पीछा करते हुए आयरलैंड ने एमी हंटर का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया। उनके बाद कप्तान गैबी लुईस ने 38 रन बनाए। वह 81 रन के टीम स्कोर पर आउट हुईं। प्रेंडरगास्ट ने फिर फिफ्टी लगाई और लीह पॉल के साथ 82 रन की साझेदारी कर ली। पॉल 27 रन बनाकर नॉटआउट हुईं, लेकिन प्रेंडरगास्ट 80 रन के स्कोर पर आउट हो गईं। आखिर में सारा फोब्स ने 4 और क्रिस्टिना कूल्टर ने 2 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड से कैट क्रॉस और मैडी विलियर्स ने 2-2 विकेट लिए। एक सफलता रयाना मैक्डॉनाल्ड-गे को भी मिली।

# नीरज और पवन शर्मा को डबल खिताब

## 29वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटर प्रेस बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

नीरज मिलन और पवन शर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भोपाल खेल पत्रकार संघ द्वारा आयोजित 29वीं रिलायंस ट्रॉफी इंटरप्रेस बैडमिंटन में डबल खिताब जीते। नीरज ने फाइनल में पहले तो रामकृष्ण यदुवंशी को 21-18, 21-17 से हराकर सिंगल खिताब जीता और बाद में डबल्स फाइनल में रामगोपाल को साथ लेकर रामकृष्ण यदुवंशी- रोशनलाल की जोड़ी को 17-21, 21-17, 21-18 से हराकर डबल खिताब जीते। ओपन कैटेगरी में आर्यन शर्मा चैम्पियन बने हैं। उन्होंने फाइनल में आर्यन उपाध्याय को हराया। पवन शर्मा मेंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में चैम्पियन बने। वुमंस कैटेगरी में यूवी ने तिहरे खिताब जीते।

जबकि रितिका पवार और यूवी की जोड़ी डबल्स में चैम्पियन बनीं। टीटी नगर स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित इस तीन दिनी टूर्नामेंट में शहर के 150 से ज्यादा मीडियाकर्मियों ने भागीदारी की। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण एम्स के चीफ स्पाइन सर्जन डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डिप्टी सेक्रेट्री वित्त विवेक घारु, भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मुमताज खान ने किया। इस दौरान मप्र कयाकिंग केनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला और भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सीनियर कमेंटेटर दामोदर प्रसाद आर्य ने किया। भोपाल खेल पत्रकार संघ के तत्वावधान में सीजन का दूसरा टूर्नामेंट इंटर प्रेस टेबल-टेनिस इसी महीने के आखिरी सप्ताह में आयोजित होगा।

### फाइनल परिणाम एक नजर में

**मेंस सिंगल:** नीरज मिलन विवि रामकृष्ण यदुवंशी 21-18, 21-17

**मेंस सिंगल ओपन:** आर्यन शर्मा विवि आर्यन उपाध्याय 21-19, 22-20

**वुमंस सिंगल:** यूवी विवि प्रिया अग्रवाल 21-11, 21-15

**मेंस डबल्स:** नीरज मिलन- रामगोपाल विवि रामकृष्ण यदुवंशी-रोशनलाल 17-21, 21-17, 21-18

**मेंस डबल्स ओपन:** पवन शर्मा- सुनील पंड्या विवि सचिन रावत-अमित पवार 21-19, 17-21, 22-20

**वुमंस डबल्स:** रितिका-यूवी विवि भूमिका-सोनिया 21-15, 21-10

**मिक्स्ड डबल्स:** पवन शर्मा-यूवी विवि सचिन रावत-रितिका पवार 21-19, 21-18

**अभ्यास मैच में दमदार शॉट खेलकर तोड़ डाली स्टेडियम की दीवार**

## पहले टेस्ट से पूर्व एंग्री यंग मैन वाले मोड में आए विराट



**चेन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू होने जा रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह जैसे तमाम दिग्गज मैदान पर जमकर पसीना बहा रहे हैं। इस बीच धाकड़ बल्लेबाज कोहली ने एक ऐसा कारनामा कर दिया, जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेली जाएगी। भारतीय टीम इस मैदान पर 12 सितंबर से अभ्यास कर रही है। रविवार को किंग कोहली ने बल्लेबाजी की प्रैक्टिस की। इस दौरान उन्होंने नेट्स पर काफी समय बिताया। पूर्व भारतीय कप्तान के नेट्स सेशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें विराट को बल्लेबाजी का अभ्यास करते देखा जा रहा है। स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ 35 वर्षीय बल्लेबाज ने दमदार शॉट खेले। इस दौरान उनका एक शॉट इतना मजबूत था कि स्टेडियम की दीवार टूट गई और उसमें बड़ा सा छेद हो गया।

## खुलासा : तेजस्वी यादव बोले- विराट कोहली मेरी कप्तानी में खेले, मैं अच्छा क्रिकेटर था, लेकिन...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के चर्चित नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने अपने क्रिकेट करियर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली एक समय में उनकी कप्तानी में खेलते थे। भारतीय क्रिकेट टीम के कई खिलाड़ी उनके बैचमेट्स हैं। तेजस्वी ने दावा किया कि वह बहुत अच्छे क्रिकेटर थे, लेकिन इसका वे जिक्र नहीं करते हैं। उनके पैर के दोनों लिगामेंट टूट गए तो उन्हें क्रिकेट छोड़ना पड़ा। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक इंटरव्यू के दौरान यह खुलासा किया। बता दें कि राजनीति में आने से पहले तेजस्वी एक क्रिकेटर थे। हालांकि, राजनीति के मैदान में उन्होंने जो सफलता हासिल की, वो क्रिकेट ग्राउंड में नहीं पा सके। वे एक रणजी मैच खेल चुके हैं। आईपीएल में 2008 से लेकर चार सीजन तक वे दिल्ली डेयरडेविल्स टीम का हिस्सा रहे, मगर कभी उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला। दिल्ली की अंडर 15 टीम में वे विराट के कप्तान रहे थे।

**नया इतिहास** अपने बेटे के डेब्यू के बाद गदगद हुए माता-पिता, बोले- यह अविश्वसनीय यात्रा रही

# रॉकर ने रचा इतिहास, बेसबॉल में डेब्यू करने वाले पहले भारतीय मूल के खिलाड़ी बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय मूल के पिचर कुमार रॉकर ने टेक्सास रेंजर्स के लिए सिएटल मैरिनर्स के खिलाफ मेजर लीग बेसबॉल में डेब्यू किया है। वह मेजर लीग बेसबॉल में भाग लेने वाले पहले भारतीय मूल के खिलाड़ी बन गए हैं। ये खास मैच रॉकर के लिए और भी यादगार बन गया है, क्योंकि मैच के दौरान उनके माता-पिता खेल के मैदान में उन्हें इतिहास बनाते हुए देख रहे थे। रॉकर ने अपने पहले प्रदर्शन में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। वह अमेरिकी खेलों में बढ़ती विविधता का प्रमाण बन गए।

वह 2022 एमएलबी ड्राफ्ट की नंबर 3 पिक (और 2021 ड्राफ्ट की नंबर 10 पिक) थे। उन्होंने टेक्सास रेंजर्स के लिए सात रन बनाए, जबकि चार पारियों में तीन हिट, दो वॉक और एक महत्वपूर्ण रन की अनुमति दी। टेक्सास रेंजर्स ने गुरुवार को सिएटल मैरिनर्स पर 5-4 से जीत हासिल की। कुमार ने अपने डेब्यू मैच के बारे में बोलते हुए कहा कि ये मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मुझे लगता है कि यह मेरी मां के लिए ज्यादा मायने रखता है। वह हमेशा मुझे बताती थीं कि मैं बड़ा होकर, आधा-आधा होकर भारतीय था। और मुझे लगता है कि वह इससे सचमुच खुश होगी। बेटे का डेब्यू मैच देखने पहुंचीं उनकी मां ने कहा कि यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और वह सिर्फ लड़ते हुए, अपना सिर झुकाए हुए और बस कड़ी मेहनत करते हुए यहां से निकला है। और उन्होंने अद्भुत प्रदर्शन किया। वह वहां बहुत अच्छा था।

वह सबसे खराब पिच है। यह उसे अपने पिता से मिलता है, वह बहुत लंबे समय से ट्रेनिंग ले रहा है। उनके पिता ने उन्हें बड़ी सलाह दी थी कि बस वहां से निकल जाओ और नियंत्रण अपने हाथ में ले लो और सारा कौशल उनकी मां से आएगा। उनके पिता ने कहा कि हम चौंके हुए थे। मेरा मतलब है, यह देखना बहुत अद्भुत है। हम हर समय इस बारे में बात करते हैं। कैसे ये डेब्यू माता-पिता, बच्चों के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। क्या आपने उसे हमेशा ऐसा करते हुए देखा है? आपने फुटबॉल भी खेला तो क्या बेसबॉल हमेशा योजना का हिस्सा था?



### कौन हैं कुमार रॉकर

कुमार रॉकर का जन्म अफ्रीकी-अमेरिकी पिता और भारतीय-अमेरिकी मां से हुआ है। जॉर्जिया में नॉर्थ ओकोनी हाई स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्होंने अपना नाम कमाया। पावर हाउस वेंडरबिल्ट यूनिवर्सिटी के लिए खेलते हुए उन्होंने खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। 8 जून, 2019 को, रॉकर एनसीएए डी1 टूर्नामेंट के सुपर रीजनल राउंड में पिच फेंकने वाले पहले पिचर बन गए। बाद में इसी साल वह बेसबॉल अमेरिका के फ्रेशमैन ऑफ द ईयर बन गए। न्यूयॉर्क मेट्स ने उन्हें 2021 एमएलबी ड्राफ्ट में चुना। बता दें कि रॉकर्स के ग्रैंडपेरेंट्स भारत के आंध्र प्रदेश से संयुक्त राज्य अमेरिका में आकर बस गए थे, उनकी मां ललिता मैरीलैंड विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान उनके पिता ट्रेसी से मिलीं थी। उस वक्त उनके पिता वाशिंगटन रैडस्किन्स के लिए खेलते थे।

# अपनी बेटी की परवरिश खुद करेंगी दीपिका पादुकोण



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के घर इस वक्त खुशियों का माहौल है। दीपिका ने 8 सितंबर को एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद दीपवीर को फैन्स और स्टार्स ने खूब बधाइयां दीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस को अभी अस्पताल से छुट्टी नहीं मिली है। फैंस दीपिका की नन्हीं परी की एक झलक पाने के लिए बेताब हो रहे हैं। हालांकि इसके लिए फैंस को अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा। कहा जा रहा है कि दीपिका और रणवीर जल्द ही अपने बच्चे की फोटो शेयर नहीं करेंगे।

आजकल देखा जाता है कि सितारे अपने बच्चों की देखभाल के लिए लाखों रुपये की सैलरी पर नैनी रखते हैं। करीना कपूर खान से लेकर ऐसे कई सितारे हैं, जिनके बच्चों की देखभाल आया करती हैं। लेकिन, दीपिका पादुकोण ऐसा नहीं करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका ऐश्वर्या राय की तरह ही अपनी बेटी का ख्याल खुद रखेंगी। जैसे ऐश्वर्या अपनी बेटी आराध्या की देखभाल बिना नैनी की मदद के खुद करती हैं, दीपिका भी उसी अनुसरण करेंगी। इन मीडिया रिपोर्ट्स के दावों पर यकीन किया जाए तो अटकलें ये भी लगाई जा रही हैं कि दीपिका अपनी बेटी की परवरिश के लिए एक्टिंग से ब्रेक लेंगी।

रणबीर कपूर-आलिया भट्ट और अनुष्का शर्मा-विराट कोहली की तरह दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह भी अपनी बेटी की खातिर 'नो-फोटो पॉलिसी' अपना सकते हैं। वे अपनी बेटी को यथासंभव लंबे समय तक मीडिया से दूर रखेंगे और सही समय आने पर दुनिया को उसकी एक झलक दिखाएंगे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आई थीं। दीपिका ने प्रेग्नेंट रहते हुए ही फिल्म की शूटिंग पूरी की। तो वहीं अब वह दीपिका की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगी। फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, अजय देवगन, करीना कपूर खान, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। 'सिंघम अगेन' के अलावा रणवीर 'डॉन 3' में भी नजर आएंगे।

# असीम के सपोर्ट में उतरीं बेबिका

**खतरों के खिलाड़ी 14 के मेकर्स की अच्छे से लगाई क्लास**





बिग बॉस 2 फेम बेबिका धुर्वे अब खुद को टीवी की दुनिया पर राज करने की तैयारी कर रही हैं। इन दिनों बेबिका धुर्वे सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हो गई हैं। सोशल मीडिया पर क्या चल रहा है बेबिका धुर्वे उस पर भी पूरी नजर रखती हैं। हाल ही में बेबिका धुर्वे ने बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी को लेकर बात की है। इस दौरान बेबिका धुर्वे ने खतरों के खिलाड़ी 14 और बिग बॉस 18 में काम करने की इच्छा जताई है। इतना ही नहीं बेबिका धुर्वे ने दावा किया कि खतरों के खिलाड़ी 14 में असीम रियाज के साथ काफी गलत हुआ है। इस बारे में बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए बेबिका धुर्वे ने कहा, %मैं खतरों के खिलाड़ी जैसे शो में काम करना चाहती हूं। इस शो में काम करना मेरे लिए शान की बात होगी।%आगे बेबिका धुर्वे ने खुलासा किया, %इस सीजन में असीम रियाज को काफी टॉर्चर किया गया। मेरे शो में भी मेरे साथ ऐसा ही हुआ था। मैं ये बात काफी रिलेट कर सकती हूं। मैंने शो में असीम रिजाय का हाल देखा है। उसके शो में वो सबसे ज्यादा सक्सेजफुल और वैलनोन था जैसे कि मैं मेरे शो में थी। मेरे शो में कई अनजान चेहरे थे। ऐसे में लोग इंसिक्योर हो जाते हैं। वो आपको गिराना चाहते हैं आपके पीछे गलत बोलते हैं। आप भी सोचने को मजबूर हो जाते हो कि ये सब मैं क्यों झेल रही हूं।बेबिका धुर्वे ने कहा, मैं जब सक्सेजफुल लोगों से मिली तो मैंने उनसे दोस्ती कर ली। लोग इसका अपोजिट करते हैं। ये बहुत बुरा है। असीम रियाज की ऐसी हालत होने की वजह से ही खतरों के खिलाड़ी 14 की टीआरपी गिरी है। जिस तरह से बिग बॉस के सितारों को फेस वैल्यू मिलती है वो मैंने भी देखा है। असीम रियाज उन सब लोगों से पहले बिग बॉस में काम कर चुका है। आपको सीखना चाहिए। शो में सभी लोगों ने असीम रियाज के खिलाफ गैंग अप कर लिया था। चैनल को तो इस बारे में कुछ बोलना चाहिए था।




# आईफा 2024: राणा दग्गुबाती ने छुए शाहरुख खान के पैर

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड यानी आईफा 2024 इस बार 27 से 29 सितंबर तक होने वाला है। इसको लेकर काफी जोर से तैयरियां चल रही हैं। आईफा 2024 को लेकर मुंबई में मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया थआ। इस मौके पर बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के अलावा साउथ राणा दग्गुबाती, फिल्म करण जौहर और सिद्धांत चतुर्वेदी और अभिषेक बनर्जी मौजूद रहे। आईफा 2024 से जुड़े फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इनमें से एक वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। दरअसल, साउथ राणा दग्गुबाती बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के पैर छूते नजर आ रहे हैं। शाहरुख खान और राणा दग्गुबाती के इस वीडियो के सामने आने पर फैंस रिएक्शन दे रहे हैं।एंटरटेनमेंट इंडस्टी के दो बड़े स्टार शाहरुख खान और राणा दग्गुबाती एक मंच पर मौजूद रहे। ये मौका आईफा 2024 की प्रेस कॉन्फ्रेंस का था। इस दौरान ऐसा नजारा देखने को मिला जो शाहरुख खान और राणा दग्गुबाती के फैंस का दिल जीत रहा है। दरअसल, स्टेज पर शाहरुख खान होते हैं और राणा दग्गुबाती जाते हैं और उनके पैर छू लेते हैं। राणा दग्गुबाती कहते हैं कि वह पूरी तरह से साउथ इंडियन हैं। ऐसा इसलिए होता है कि शाहरुख खान बता रहे होते हैं कि आजकल की जेनरेशन किस तरह से पैर छूती हैं तो इस पर राणा दग्गुबाती ये काम करते हैं। शाहरुख खान और राणा दग्गुबाती के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने पर लोग कमेंट कर रहे हैं और साउथ एक्टर की जमकर तारीफ कर रहे हैं। आईफा 2024 की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शाहरुख खान नए लुक में नजर आए। शाहरुख खान के हेयरकट लिया और छोटे बालों में दिखाई दिए। इस इवेंट के दौरान शाहरुख खान ने जींस और टी-शर्ट के साथ कैप पहना हुआ था। शाहरुख खान का नया लुक फैंस का ध्यान खींच रहा है। बताया जा रहा है कि आईफा 2024 को शाहरुख खान और करण जौहर साथ में होस्ट करने वाले हैं। फिलहाल, फैंस आईफा 2024 का इंतजार कर रहे हैं।



# बिग बॉस ओटीटी 3 विनर सना बॉयफ्रेंड को कैमरे से रखती हैं दूर

बिग बॉस ओटीटी 3 विनर (ड्ढद्दद्द ड्ढह्यह्य ह्रञ्ज 3 ड्ढठ्ठठ्ठद्दह्) सना मकबूल लगातार चर्चा में बनी हुई हैं. शो जीतने के बाद सना मकबूल काफी बदली-बदली भी नजर आ रही हैं. खासतौर पर अपनी निजी जिंदगी को अब वो सभी से छिपाती हुई नजर आ रही हैं. बिग बॉस ओटीटी 3 जीतने के बाद सना ने सरेआम खुलकर कहा था कि वो अब बाहर जाते ही शादी करेंगी और अपनी लाइफ का नया चैप्टर ओपन करेंगी. लेकिन शो की ट्रॉफी हाथ आते ही सना के तो तेवर ही बदल गए. एक्ट्रेस अब अपने बॉयफ्रेंड बिजनेसमैन श्रीकांत बुरेड्डी के साथ तो होती हैं, लेकिन उन्हें कैमरे से छिपाकर रखती हैं.

दरअसल हाल ही में अंकिता लोखंडे और विकी जैन ने अपने घर पर 'गणपति बप्पा' को स्थापति किया था. ऐसे में उन्होंने अपने सभी टीवी फ्रेंड्स को इनवाइट किया था. इस मौके पर निया शर्मा, अर्जुन बिजलानी, कश्मीरा शाह समेत कई टीवी एक्टर्स इस मौके पर शामिल हुए थे. वहीं अंकिता के घर पर बिग बॉस ओटीटी 2 की विनर सना मकबूल को भी देखा गया. सना ने बाकी सभी स्टार्स के साथ बप्पा की आरती भी की. लेकिन इस दौरान अंकिता लोखंडे सना के साथ आरती करने के लिए जिसे बुलाती नजर आईं, वो कोई और नहीं बल्कि श्रीकांत बुरेड्डी थे. श्रीकांत कैमरों से दूर खड़े थे. वो कैमरे के सामने अब सना के पास आने से बचते हैं. अंकिता के बुलाने पर भी वो आगे आरती के लिए नहीं आए.इतना ही नहीं एक वीडियो वायरल हुआ था, जहां सना श्रीकांत के साथ बप्पा की आरती कर रही थीं और जैसे ही उनकी कैमरे पर पड़ी उन्होंने उसे तुरंत बंद करने को कहा था. इसके अलाना बप्पा के दर्शन के लिए बीते दिनों सना कई सितारें के घर पहुंची. बिग बॉस ओटीटी 1 की विनर दिव्या अग्रवाल के यहां भी वो पहुंची थी. लेकिन यहां भी वो अकेली नहीं थीं, बल्कि उनके साथ श्रीकांत मौजूद थे. वो बात अलग है कि वो कैमरों से खुद को बचाकर पीछे की तरफ बैठे नजर आ रहे थेशो जीतने के बाद जब सिद्धार्थ कनन को दिए गए इंटरव्यू में सना तो श्रीकांत को पहचानने से भी मुकबर गई थीं. उनसे जब पूछा गया कि श्रीकांत कैसे हैं, तो वो सीधा बोलीं कौन श्रीकांत? उनसे आगे कहा गया आपके दोस्त, आपके बॉयफ्रेंड. इसपर उन्होंने कहा वो सिर्फ उनके दोस्त हैं और कुछ नहीं. ऐसे में अब सवाल ये है कि जब सना मकबूल की लाइफ में कोई है और वो उनके साथ अक्सर नजर भी आती हैं, तो उन्हें बार-बार झूठ बोलने की क्या ही जरूरत हैं।

# रजनीकांत की क्लासिक फिल्म 'शिवाजी: द बॉस' हो रही रि रिलीज




सुपरस्टार रजनीकांत 73 साल की उम्र में भी एक्टिव हैं. उन्होंने साउथ के अलावा कई हिंदी फिल्मों में काम किया है. रजनीकांत ने अपने पूरे करियर में एक से बढ़ एक सुपरहिट फिल्में दी हैं. इस वजह से उनकी साउथ सिनेमा के साथ-साथ हिंदी सिनेमा में भी अच्छी फैन फोलोइंग है. ऐसे में अब एक्टर के फैन्स के लिए खुशखबरी आई है. रजनीकांत की सुपरहिट फिल्म 'शिवाजी- द बॉस' को एक बार फिर बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा रहा है.2007 में रिलीज हुई फिल्म 'शिवाजी- द बॉस' को तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज किया जाएगा. फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रि-रिलीज होगी. आकाशवाणी की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'शिवाजी- द बॉस' के लिए टिकट की बुकिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी. हालांकि कुछ चुनिंदा स्क्रीन पर ये फिल्म लगाई जाएगी. वहीं, टिकट की कीमत 99 रुपये रखी जाएगी।



# मीनाक्षी शेषाद्रि की ओडीसी और भरतनाट्यम ने किया मंत्रमुग्ध

**बीस साल बाद सुश्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने शास्त्रीय नृत्य का सफर रायगढ़ की सांगीतिक धरा से फिर से किया शुरू**

सांगीतिक यात्रा के पांचवे दिन आज राजा चक्रधर समारोह में मुंबई से आई फिल्म जगत की प्रसिद्ध अदाकारा और भरतनाट्यम की विख्यात नृत्यांगना सुश्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने बहुत ही सुंदर भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। बीस साल बाद सुश्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने शास्त्रीय नृत्य का सफर रायगढ़ की सांगीतिक धरा से फिर से शुरू किया। उन्होंने भरतनाट्यम शैली में पंचदेव आराधना का बेहतरीन प्रस्तुतिकरण किया जिससे चक्रधर समारोह में उपस्थित सभी लोगो के मन में देवी देवताओं के पांचों रूप का भावविभोर करने वाला रूप प्रस्तुत हुआ। सुश्री मीनाक्षी शेषाद्रि ने यूएसए से भारत वापसी के बाद आज बीस साल के बाद रायगढ़ की सांगीतिक धरा में भरतनाट्यम की पहली बार प्रस्तुति दी है। उन्होंने भगवान श्री गणेश की स्तुति से आरंभ करते हुवे नृत्य और उल्लास का बेहतरीन प्रदर्शन प्रभु नटराज शिव, मां सरस्वती, भगवान शिव के तांडव रूपए देवी के शांत, श्रृंगार सुंदरता रूप और मां चंडी के रूप सहित भगवान श्री कृष्ण के रूप का प्रदर्शन करते हुवे मंत्रमुग्ध करने वाला पंचदेव आराधना का प्रदर्शन किया। सुश्री मीनाक्षी शेषाद्रि का फिल्मी कैरियर में भी एक अलग पहचान है। इनके भीतर प्रख्यात फिल्मी पर्दे के इतर विशेष सांस्कृतिक संपन्नता है।